

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, बुधवार 16 सितंबर 2026

वित्तमंत्री ओपी बोले- सेवा, संकल्प अभियान है विकसित भारत का विजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देश की राजनीति में 17 सितंबर 2026 एक ऐतिहासिक पड़ाव के रूप में दर्ज होने जा रहा है। नरेंद्र मोदी बतौर मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री लगातार 25 वर्ष पूरे करने वाले स्वतंत्र भारत के पहले नेता बन रहे हैं। इसी दिन वे अपने जीवन के 75 वर्ष भी पूर्ण करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संवैधानिक पद (मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री) पर 25 वर्ष पूरे होने और 75वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक एक माह का सेवा संकल्प अभियान चला रही है। इस अभियान की राष्ट्रीय समिति के सदस्य व छत्तीसगढ़ के वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने खास बातचीत में बताया, यह आयोजन केवल संगठन का नहीं, बल्कि समाज, सरकार और संगठन तीनों की सहभागिता से जनसेवा को समर्पित एक ऐतिहासिक पहल है। हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी से खास मुलाकात में ओपी चौधरी ने न केवल इस अभियान की रूपरेखा बताई, बल्कि नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों की राजनीतिक यात्रा, उपलब्धियों और भाजपा की आगे की रणनीति पर भी विस्तार से चर्चा की। प्रस्तुत हैं प्रमुख अंशः-

वित्तमंत्री ओपी चौधरी के साथ डॉ. हिमांशु द्विवेदी की खास बातचीत



■ *सेवा संकल्प अभियान के लिए एक समिति बनी। आपसे जानना यह है, समिति जो बनी उसे कार्यक्रम दिया गया या जो समिति बनी उसने कार्यक्रम बनाया? पहले तो यहां से शुरुआत करते हैं। थोड़ा इस पर रोशनी डालेंगे?*

■ जी, भारतीय जनता पार्टी की जो कार्यप्रणाली है, आप भी बहुत अच्छे तरीके से समझते हैं, बहुत ही सामूहिकता की कार्यप्रणाली होती है और उसमें हर तरह के फीडबैक्स को वेलकम किया जाता है। कोई बहुत जूनियर कार्यकर्ता हो, कोई बहुत सीनियर कार्यकर्ता हो, कोई अनुभवी होते हैं, कोई यंग ब्लड होते हैं, सब तरह के विचारों को सुना जाता है, अलग-अलग फोरम से डेलिब्रेशंस किया जाता है। उसके बाद एक अच्छी योजना बना करके ऐसे काम किए जाते हैं जिससे जनता के दिल में स्थान बने, जिसमें एक्चुअल में जनता को फायदा भी हो। जन्मदिवस अगर नरेंद्र मोदी जी का मना रहे हैं तो 'सेवा दिवस' के रूप में मना रहे हैं। तो हम सेवा की थीम को लेकर के आगे बढ़ें और यह सब एक सामूहिक निर्णय प्रक्रिया के तहत होता है और बहुत ही क्लैरिटी के साथ जनसेवा उसका मुख्य थीम है।

■ *क्या पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने पहले कार्यक्रम की परिकल्पना की फिर आप सबको याद किया, या आप सबको याद किया और फिर कार्यक्रम की परिकल्पना आई?*

■ अलग-अलग प्लेटफॉर्म से, अलग-अलग तरीके से, अलग-अलग लोगों से डेलिब्रेशन करके बहुत सारे कार्यक्रमों की सूची बनी थी। उस सूची को हम लोगों ने तैयार किया, पूरी टीम ने सामूहिकता के साथ सूची तैयार की। उस समिति में, उस कमेटी में जो लोग हैं, उसके बाहर के भी अनेक महत्वपूर्ण लोगों से हमने चर्चा की, उनके फीडबैक लिए, सुझाव लिए और एक कलेक्शन बनाया। और उसके बाद हमने अपने ऊपर के संगठन के, हमारे सीनियर लोगों को दिखाकर के फिर उन्होंने फिर उसको शॉर्टलिस्टेड भी करना था, ऑब्वियस सी बात है बहुत सारे कार्यक्रम नहीं हो सकते, तो फिर बाद में हमारे इस संगठन के अनुभवी लोगों से हमने परामर्श करके शॉर्टलिस्टिंग का काम किया।

■ *तो फाइनल कार्यक्रम का स्वरूप क्या बना है? एक महीने तक कार्यक्रम चलाना है, एक दिन का समझ में आता है, एक हफ्ते का भी समझ में आता है, आप तो एक महीने तक ले बैठे हैं।*

■ भारतीय जनता पार्टी में एक महीना क्या, 365 दिन काम करने वाले हमारे सभी कार्यकर्ता साथी हैं। भारत देश की जनता में भी इतना नरेंद्र मोदी के लिए समर्पण है कि नरेंद्र मोदी के लिए आम लोग, ▶▶|शेष पेज 7 पर

पीएम आवास पर खुले मंच पर ऐतिहासिक बहस, आमने- सामने हुए पूर्व सीएम भूपेश और गृहमंत्री विजय

आंकड़ों के आईने में दिखाया पीएम आवास का 'सच', छोड़े तीर, पर कोई नहीं हुआ 'गंभीर'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पीएम आवास योजना पर पहली दफा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और डिप्टी सीएम सह गृहमंत्री विजय शर्मा मंगलवार को आमने-सामने नजर आए। रायपुर प्रेस क्लब में इस मुद्दे पर दोनों नेताओं के बीच तीखी बहस हुई। दोनों नेताओं ने अपने-अपने कार्यकाल में स्वीकृत और पूर्ण हुए आवासों के आंकड़े पेश किए करते हुए एक-दूसरे पर तीखे तीर छोड़े। उनके बीच 1.30 घंटे मैराथन बहस चली। इस दौरान कांग्रेस और भाजपा कार्यकर्ता के बीच प्रेसक्लब में नारेबाजी होती रही। यहां पर पुलिस ने व्यवस्था संभाल रखी थी।।

दरअसल, पीएम आवास के मुद्दे को लेकर डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को खुली बहस की चुनौती दी थी। भूपेश बघेल ने इस चुनौती को स्वीकार किया। इसी के तहत दोनों नेता रायपुर प्रेस क्लब में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे, जहां पीएम आवास को लेकर दोनों पक्षों ने अपना-अपना पक्ष रखा। दोनों ने आंकड़ों के सहारे गरीब हितैशी होने का दावा किया। जैसे-जैसे बहस आगे बढ़ी, आंकड़े आरोपों में बदल गए। एक दूसरे पर झूठ बोलने, आंकड़ों को तोड़-मरोड़ कर पेश किए जाने के आरोप लगने शुरू हो गए। चर्चा के अंत में ▶▶|शेष पेज 7 पर

गृहमंत्री बोले- 18 लाख आवास मंजूर, 11 लाख 75 हजार पीएम आवास पूर्ण, भूपेश ने कहा-आंकड़े गलत



छत्तीसगढ़ ने देश में सबसे ज्यादा पीएम आवास बनाए- विजय

बहस की शुरूआत करते हुए डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा, केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ में 11 लाख 75 हजार पीएम आवास पूर्ण किए। उन्होंने दावा किया कि भारत सरकार की वेबसाइट पर इसके पूरे आंकड़े उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा, 2025-26 में छत्तीसगढ़ ने देश में सर्वाधिक पीएम आवास बनाए हैं। उन्होंने पिछली कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, उसके कार्यकाल में वित्तीय स्वीकृति तो हुई, लेकिन आवास ▶▶|शेष पेज 7 पर

पीएम आवास पर पहली दफा खुले मंच पर टकराए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश और गृहमंत्री विजय

18 लाख का संकल्प लिया बढ़ रहे उस ओर- विजय

विजय शर्मा ने स्वीकार किया कि मौजूदा भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद 18 लाख प्रधानमंत्री आवास बनाने का संकल्प लिया गया। उस पर काम किया जा रहा है। अब तक 11 लाख 75 हजार आवास पूर्ण हो चुके हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री बघेल कुल संख्या पर अड़े रहे

पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने कहा, वर्ष 2011 की सामाजिक आर्थिक जनगणना के आधार पर 18 लाख आवास और आवास प्लस के 8 लाख कुल मिलाकर राज्य में 26 लाख से ज्यादा प्रधानमंत्री आवास बनाए ही नहीं जा सकते हैं। जबकि मौजूदा भाजपा सरकार व केंद्र सरकार के अलग-अलग मंत्री और विभागों की घोषणा को जोड़ें तो मकानों का आंकड़ा इससे लाखों ज्यादा है। उनकी सरकार ने 6.97 लाख आवास स्वीकृत किए। 2018 में 3.48 लाख स्वीकृत में से 1.39 लाख पूर्ण, 2020-21 में 1.97 लाख लक्ष्य में से 1.22 लाख पूर्ण किए ▶▶|शेष पेज 7 पर

बहस के बाद कार्टून-वार





हमने 7 लाख आवास स्वीकृत किए-भूपेश

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी अपने कार्यकाल में बने आवास को लेकर कहा, 2018 में 3 लाख 48 हजार 960 घर स्वीकृत हुए थे, जिनमें से 1 लाख 39 हजार मकान पूर्ण हुए। 2020-21 वित्तीय वर्ष में 1 लाख 97 हजार 811 आवास का लक्ष्य था, जिसमें से 1 लाख 22 हजार आवास पूरे किए गए। उन्होंने कहा, कोरोना काल में किसी भी सरकार के पास पर्याप्त पैसा नहीं था। उन्होंने दावा किया कि 2022-23 में पीएम आवास का पोर्टल बंद कर दिया गया था और उनकी ▶▶|शेष पेज 7 पर

विजय 10 और भूपेश को 0 नंबर

विजय शर्मा और भूपेश बघेल के पीएम आवास पर हुए डिबेट पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, मैंने पूरा डिबेट देखा। डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने शानदार डिबेट किया। मैं उन्हें 10 में से 10 नंबर देता हूं। उन्होंने भूपेश बघेल को जीरो बटा 10 नंबर दिया और कहा, भूपेश इसी लायक हैं।



भूपेश ने लगाए ये आरोप

■ भूपेश बघेल ने दावा किया कि 2022-23 में केंद्र सरकार ने पीएम आवास का पोर्टल बंद कर दिया था। इसके कारण छत्तीसगढ़ में पीएम आवास योजना प्रभावित हुई।

■ उन्होंने कहा, कोरोना के दौरान राज्यों की आर्थिक स्थिति बेहद खराब थी। सरकार ▶▶|शेष पेज 7 पर

विजय शर्मा ने दिया ये जवाब

■ डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने स्पष्ट कहा कि पीएम आवास का पोर्टल बंद नहीं था। कोरोना काल में भी केंद्र सरकार से राशि आती रही।

■ शर्मा ने आरोप लगाया कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा था कि अगर यह प्रधानमंत्री आवास योजना है तो प्रधानमंत्री ही ▶▶|शेष पेज 7 पर

खबर संक्षेप

राम मंदिर से जुड़ी कंपनियों को देनी होगी गारंटी

अयोध्या। श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने मंगलवार को कहा कि अयोध्या में मंदिर निर्माण में शामिल कंपनियों को 'बैंक गारंटी' देनी होगी ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि आने वाले वर्षों में उनके काम की गुणवत्ता बनी रहे। यह मुद्दा मंदिर निर्माण में शामिल कंपनियों, विशेष रूप से लार्सन एंड टुब्रो और टाटा को अंतिम भुगतान पर चर्चा के दौरान उठा।

केंद्र ने कबाड़ बेचकर कमाए 5,100 करोड़

नई दिल्ली। सरकारी कार्यालयों में चलाए गए विशेष अभियानों के तहत पिछले पांच वर्षों में कबाड़ बेचकर 5,100 करोड़ रुपए से अधिक राजस्व प्राप्त किया गया है। वर्ष 2021 से इस अभियान के पांच सालाना संस्करणों और सचिवालय में सुधारों की मासिक निगरानी के जरिए 24.20 लाख से अधिक स्थलों पर अभियान चलाया गया, 180.48 लाख से अधिक फ़ाइलों को हटाया।

हवाई अड्डे पर 1.93 करोड़ का गांजा बरामद

नई दिल्ली। सीमा शुल्क अधिकारियों ने यहां इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर म्यांमा की एक नागरिक से लगभग 1.93 करोड़ रुपए मूल्य का 5.5 किलोग्राम संदिग्ध गांजा जब्त किया। बैंकॉक से आई यह यात्री 11 सितंबर को टर्मिनल-3 पर पहुंची और 'प्रोफाइलिंग' के आधार पर सीमाशुल्क अधिकारियों ने उसे रोक लिया।

निफ्टी पांच महीने के निचले स्तर पर

शेयर बाजार में भूचाल निवेशकों के डूब गए नौ लाख करोड़ रुपए



एजेंसी ▶▶| मुंबई

शेयर बाजार में मंगलवार को भूचाल आ गया। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों, भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के बीच घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को भारी गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 778 अंक की गिरावट के साथ 74,004 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 280 अंक की गिरावट रही, ये 23,119 पर बंद हुआ। ऐसी गिरावट से निवेशकों के करीब नौ लाख करोड़ रुपए डूब गए।

ऑटो, मेटल, फार्मा, रियल्टी और बैंकिंग शेयर्स में ज्यादा बिकवाली रही। मजबूती के साथ खुला सेंसेक्स कारोबार के दौरान एक समय 787.73 अंक फिसलकर 73,994.03 अंक के निचले स्तर तक आ गया था। इसी तरह, एनएसई का 50 ▶▶|शेष पेज 7 पर

शेयर मार्केट क्रैश के कारण

■ वेस्ट एशिया में अमेरिका-ईरान टेंशन और मध्य पूर्व में फैलते संघर्ष ने वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को खतरे में डाल दिया है। इसके असर तेल की कीमतों पर देखने को मिल रहा है।

■ सोमवार को बेंचमार्क 10-वर्षीय अमेरिकी बॉन्ड यील्ड 5 फीसदी पर जा पहुंची, जो अक्टूबर 2023 के बाद पहली बार है। इसका असर मंगलवार को भारतीय बाजार पर भी नजर आया।

■ मार्केट टूटने का तीसरा बड़ा कारण तमाम ग्लोबल टेंशन और तेल की कीमतों में इजाफे के बीच शेयर बाजार के लिए डर का पैमाना माने जाने वाले इंडिया वीआईएक्स में अचानक उछाल भी है। ये 6 फीसदी के आसपास बढ़कर 13 के पार निकल गया

एक्सपर्ट व्यू

कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से गिरावट

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और बढ़ते वैश्विक बॉण्ड प्रतिफल से निवेशक धारणा प्रभावित होने के कारण घरेलू बाजार में गिरावट जारी रही। उन्होंने कहा कि प्रमुख केंद्रीय बैंकों की इस सप्ताह होने वाली बैठकों से पहले निवेशक सतर्क रहे और प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में नीतिगत सख्ती की बढ़ती आशंकाओं के बीच लंबे समय तक ऊंची ब्याज दरों की चिंता बनी रही।

चेक बाउंस मामले पर बोले सीजेआई

राजपाल एक्टिंग में माहिर भरोसा करना मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

चेक बाउंस मामले में सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि राजपाल फिल्मों में बहुत अच्छी एक्टिंग करते हैं। मैं उम्मीद करता हूं कि वे ऐसा कोर्ट में नहीं करेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने राजपाल को दो करोड़ रुपए का डिमांड ड्राफ्ट जमा करने के लिए दो हफ्ते की मोहलत दी है।



वादा करने के बाद मुकर गए

यह पूरा मामला मुरली प्रोडक्शंस के मालिक से जुड़ा है, जिसमें निजी शिकायतकर्ता का आरोप था कि राजपाल पर 5 करोड़ रुपए बकाया है और मामला कोर्ट पहुंचा। अदालत में मामला पहुंचने के बाद यह राशि ब्याज समेत 9 करोड़ रुपए हो गई।

पिथौरागढ़ में अचानक सड़क पर गिरी पहाड़ी

केदारनाथ में बिना हेलमेट यात्रियों को अब एंट्री नहीं

एजेंसी ▶▶| चमोली

उत्तरकाशी और देहरादून में मूसलाधार बारिश हो रही है। चमोली में भी हाईवे पर मलबा और बोल्डर आने से आवाजाही प्रभावित हुई है, जबकि पौड़ी के पाबौ बाजार में भूस्खलन और भू-धंसाव से खतरा बढ़ा है। रुद्रप्रयाग में केदारनाथ पैदल मार्ग पर चीरबासा के पास पत्थर गिरने के खतरे के बीच यात्रियों को हेलमेट पहनाकर सुरक्षित निकाला जा रहा है।

हेलमेट पहनाकर रेस्क्यू किया जा रहा

रुद्रप्रयाग के केदारनाथ पैदल मार्ग पर चीरबासा क्षेत्र में पहाड़ी से पत्थर गिरने के खतरे को देखते हुए यात्रियों को हेलमेट पहनाकर आगे भेजा जा रहा है। सुरक्षा जांच के बाद करीब 200-200 यात्रियों को क्षतिग्रस्त हिस्से से निकाला जा रहा है।

छत्तीसगढ़ सरकार की एसएलपी खारिज

चार सौ से ज्यादा कांस्टेबल अभ्यर्थियों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ में कांस्टेबल भर्ती के सैकड़ों प्रतीक्षारत अभ्यर्थियों के लिए बड़ी राहत की खबर है। सुप्रीम कोर्ट ने 2017 में 2259 कांस्टेबल पदों की भर्ती से जुड़े मामले में छत्तीसगढ़ सरकार की विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) खारिज कर दी है। इससे 400 से ज्यादा प्रतीक्षारत कांस्टेबल अभ्यर्थियों की नियुक्ति का रास्ता साफ होने की उम्मीद बढ़ गई है।

अब आगे क्या

सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार की एसएलपी खारिज कर दी। इसके साथ ही हाई कोर्ट के फैसले के आधार पर प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों को नियुक्ति मिलने की संभावना मजबूत हो गई है। सुनवाई के दौरान प्रतिवादियों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता नौशीना अली उपस्थित रहीं।

देवरी में जीवंत हुई अनोखी परंपरा, सांवरा समाज ने की सर्प पूजा

ऋषि पंचमी पर जहरीले सांपों की निकली शोभायात्रा

गोरेलाल सिन्हा ▶▶| गरियाबंद

जिले के ग्राम देवरी में ऋषि पंचमी पर सोमवार को आस्था, परंपरा और लोकसंस्कृति का अनूठा संगम देखने को मिला। ढोल-नगाड़ों की गूंज, पारंपरिक वेशभूषा और श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच सांवरा समाज ने वर्षों पुरानी परंपरा का निर्वहन करते हुए जहरीले सर्पों की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और इसके बाद पूरे गांव में उनकी शोभायात्रा निकाली। इस अनोखे आयोजन को देखने के लिए आसपास के गांवों के साथ दूर-दराज के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।

ग्राम देवरी में ऋषि पंचमी पर सर्प पूजा की यह परंपरा पीढ़ियों ▶▶|शेष पेज 7 पर

खास खबर



सर्पदंश से बचाव की जानकारी

इस आयोजन की विशेषता केवल धार्मिक परंपरा तक सीमित नहीं है। गांव स्थित गुरु सांवरा पाठशाला में वर्षभर ग्रामीणों को सर्पदंश से बचाव और उपचार की जानकारी दी जाती है। ऋषि पंचमी के अवसर पर इसी प्रशिक्षण का दीक्षांत समारोह भी आयोजित किया जाता है, जिसमें प्रशिक्षित लोगों को सम्मानित कर जागरूकता का संदेश दिया जाता है।

पूजा के बाद जंगल में सांपों की वापसी

आयोजन के अंत में परंपरा के अनुसार पूजा में शामिल सभी सर्पों को सुरक्षित रूप से उनके प्राकृतिक आवास में वापस जंगल में छोड़ दिया जाता है। इससे वन्यजीव संरक्षण और प्रकृति के प्रति सम्मान का संदेश भी दिया जाता है। ग्राम देवरी की यह अनूठी परंपरा हर वर्ष बड़ी संख्या में लोगों को आकर्षित करती है और जिले की विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान के रूप में जानी जाती है।

करैत, अशोडीयां, गोहा और फुरसे जैसे जहरीले सर्प

ऋषि पंचमी के अवसर पर ग्राम देवरी में आयोजित होने वाली यह अनूठी परंपरा गुरु परंपरा के निर्वहन का प्रतीक मानी जाती है। पीढ़ियों से चली आ रही इस परंपरा में सपेरे पूजा-अर्चना और शोभायात्रा के दौरान विशेष रूप से नाग सांप की संख्या अधिक होती है। इसके अलावा करैत, अशोडीयां,गोहा,और फुरसे जैसे जहरीले सर्पों का प्रदर्शन करते हैं। हालांकि ये सर्प पूरी तरह प्रशिक्षित सपेरों की निगरानी और नियंत्रण में रहते हैं। ग्रामीणों के अनुसार हर वर्ष इस आयोजन में हजारों लोगों की भीड़ उमड़ती है, लेकिन सावधानी और पारंपरिक अनुभव के कारण अब तक किसी अप्रिय घटना की जानकारी सामने नहीं आई है। पूजा संपन्न होने के बाद सभी सर्पों को उनके प्राकृतिक आवास जंगल में वापस छोड़ दिया जाता है।

DR. C.V. RAMAN UNIVERSITY

A part of aisect india

Bilaspur, Chhattisgarh

Approved by : PCI | AICTE | NCTE | BCI | Member of : AIU | Recognized by : UGC | NAAC Accredited University

JOIN A NAAC 'A' GRADE UNIVERSITY
AI ENABLED CAMPUS WITH GLOBAL OPPORTUNITIES

Google Cloud Certified Digital Campus Elite Tier

futureskills prime — A MeitY - NASSCOM Digital Skilling Initiative

4000 Students Placed (Last 5 years)

Companies Visited 450+

Up to **100%** Scholarship Available for Deserving and Eligible Students

25+ International Students from Nepal & Bhutan.

Highest Package up to **₹ 35 LPA**

ADMISSION OPEN (2026-27)

Programme Offered

FACULTY OF PHARMACY

ACCREDITED WITH GRADE A NAAC

D.Pharm
Diploma of Pharmacy-2 Years

B.Pharm
Bachelor of Pharmacy- 4 Years

B.Pharm (Lateral Entry)
Bachelor of Pharmacy (Lateral Entry) - 3 Years

M.Pharm
Master of Pharmacy-2 Years



DTE, C.G. ONLINE COUNSELLING SCHEDULE

Counselling	Form Fill-up	Allotment	Admission
2nd Round	13 Sept to 16 Sept 2026	19 Sept 2026	20 Sept to 22 Sept 2026
Institute Level	24 Sept to 26 Sept 2026	27 Sept 2026	28 Sept to 30 Sept 2026

Engineering & Technology

B.TECH.
B. Tech in Computer Science Engineering (AI and Data Science) In Association with IBM
B. Tech in Computer Science Engineering (AI and ML) In Association with Google
B. Tech in Mechanical Engineering (Global Certification in Mechanical Design) In Association with Ethnotech Academy
B. Tech in Civil Engineering (Global Certification in 3D Design) In Association with Ethnotech Academy
B. Tech in Electronics & Communication Engineering (Global Certification in Electric Vehicle) In Association with Ethnotech Academy
B. Tech Electrical Engineering/ Electrical & Electronics Engineering (Global Certification in Electric Vehicle) In Association with Ethnotech Academy

M.TECH
Digital Communication
Power System
Computer Science Engineering
Production Engineering
VLSI -Software Engineering

POLYTECHNIC DIPLOMA
Civil Engineering
Mechanical Engineering
Computer Science Engg.
Electrical Engineering

UG DIPLOMA IN FIRE SAFETY MANAGEMENT

Education & Physical Education

Bachelor of Education (B.Ed)
Master of Education (M.Ed)
Bachelor of Physical Education and Sports (BPES)
Master of Physical Education and Sports (MPES)
Master of Arts in Yoga (MA Yoga)

Commerce & Management

MBA
Marketing I Finance I HR I Production I IT I Retail
Tourism and hospitality management
BBA as per (AICTE Model Curriculum)
BBA (Business Analytics with AI)
PGDBM (PG Diploma in Business Management)
B.Com Banking & Finance in Association with IIBF
M.Com Banking & Finance in Association with IIBF
D.B.F. (Diploma in Banking and Finance) in Association with IIBF

Information & Technology

M.Sc. (IT, CS) (AI/ Data Science/ Cyber Security) in Association with Nasscom/NPTEL
BCA (AI & ML/ Data Science) in Association with Google/Nasscom/EthnoTech Academy
B.Sc. (CS) (AI/ Data Science/ Cyber Security) in Association with Nasscom/Google
B.Sc. (IT) (AI/ Data Science/ Cyber Security) in Association with Nasscom/Google
PG Diploma in Computer Application (PGDCA) with AI
Diploma in Computer Application (DCA) with AI
Diploma in Artificial Intelligence (DAI)

Science

Bachelor of Science (B.Sc.) Integrated with **PSC** Coaching
Physics | Chemistry | Maths | Microbiology
Biotech | Botany | Zoology | Computer Science
Rural Technology | UG Nutrition & Dietetics
Master of Science (M.Sc.) Integrated with **PSC** Coaching
PCM | Botany | Microbiology | Biotech | Zoology
Rural Tech | Electronics | Applied Physics
PG Diploma in Rural Development (PGDRD)

Law

B.A. (LLB) | B.Com. (LLB) | L.L.B. | L.L.M.

Bachelor of Vocational (B.Voc)

Automobile Servicing | IT Application Development
House Keeping | Production Technology
Banking, Financial Services and Insurance
Home Care | Construction | AC & Refrigeration
Multimedia & Animation | Hospital Administration
Fashion Designing | Interior Designing
Fire & Safety (Industrial & Construction)

Research Programmes Ph.D.

Arts

Bachelor of Arts (BA) Integrated with **PSC** Coaching
B.A. (Geography) Remote Sensing and Geographical Information Systems (GIS).
B.A. (History) Digital Tools and Techniques in Historical Studies.
B.A. (Economics)
B.A. (Sociology) Digital Society, AI and Cyber Sociology.
B.A. (Political Science) Cyber Security and Governance.
B.A (Sanskrit) Vedic studies, Dharamshastra & Karmkand, IKS, Sanskrit Natya Shastra, and Vastu & Jyotish Science.
B.A. (English)
B.A. (Hindi)

Master of Arts (MA) Integrated with **PSC** Coaching
Hindi | English | Chhattisgarhi | Sanskrit | History
Geography | Economics | Political Science
Sociology | Education | Rural Development
UG Diploma in Foreign Language
PG Diploma in Geospatial Technology
Diploma in Karmakand
Diploma in Jyotish evam Vastu
Bachelor of Library Science (B.Lib)
Master of Library Science (M.Lib)
Master of Social Work (MSW)
Bachelor of Journalism | Master of Journalism
Performing Fine & Folk Arts:
BPA (Dance, Instrumental, Vocal) | MPA
Certificate Courses:
Indian Music (Vocal), Kathak, Tabla, Guitar

Top Recruiters of AGU

More than **500 companies** for Placements and Internships Offering up to **10 Lakh Package**

Glenmark — A new way for a new world · MACLEODS · Apollo PHARMACY · NIIT · Star · vivo · TECH mahindra · pinnacle · LANCO Always Inspiring · wipro · genpact · Bluspring · TeamLease Digital · Infosys · zomato · HIKEEDU · vedanta · amazon · IndusInd Bank · iON · 3i Infotech · Shree Cement · AXIS BANK

Special Features:

● Accredited by NAAC ● Chhattisgarh's first private university ● Skill Courses offered by PMKK in the University ● 100+ Industry Collaborations for a strong industry academia relationship. ● Fully Automated Central Library ● 12 Centre of Excellence in the field of Art & Culture, Biotechnology, Green Energy, Performing Arts, Future & high end skills and many more Sprawling 70-acre campus surrounded by lush greenery ● Diverse student base from 8 states ● Career Advancement – Upgrade skills, get promotions, and grow in your career. ● Flexible Timings – Ideal for working professionals, homemakers, and rural learners. ● Rich Study Material – Printed self-learning books, e-books, and interactive video lectures. ● Affordable Fee Structure – Quality education at a low cost ● Counselling & Support – Guidance from expert faculty through online/offline modes. ●Technology-Enabled Learning – Online classes, e-resources, and digital libraries for modern education. ● Learner Support Division – Dedicated academic and administrative support through counselling and helplines. ● Inclusive Education – Empowering rural learners, women, and differently-abled students through equal opportunities. ● PSC Coaching integrated UG/PG Programme ● Google Cloud Certified Digital Campus.

Approvals & Recognition From Regulatory Bodies

(University Grants Commission) Act 1956

The **AICTE** (All India Council of Technical Education)

The NCTE (National Council for Teacher Education)

The BCI (Bar Council of India)

Dr. C.V. Raman University is the member of the **Association of Indian Universities (AIU)**

The University is Approved by CGPURC

The PCI (Pharmacy Council of India, a statutory body constituted under the Pharmacy Act, 1948)

University Grants Commission (UGC) Distance Education Bureau

Call to Action: "Start Your Journey Today—Transform Tomorrow!"

6261-900581/88

Campus: Kargi Road, Kota, Dist.- Bilaspur (C.G.) Ph. +91-7753-253801,
E-Mail : info@cvru.ac.in, admissions@cvru.ac.in
City Office: Dr. C.V. Raman University, Infront of Pallav Bhavan, Ring Road No.2, Bilaspur (C.G.) Ph. 07752-448799, Mo. 9109028878

AdPrayas

रायपुर
बुधवार 16 सितंबर 2026
भाद्रपद शुक्ल पक्ष पंचमी
वर्ष : 25, अंक : 57
पृष्ठ : 12+4 +4 = 20 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 33.7
न्यून. 24.7

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

लंदन में पढ़ाई, ज्यूरिख में नौकरी का सपना, फिर नीम करौली बाबा पर बनी फिल्म में लगाई पूरी कमाई

मैंने हनुमान अंश को नहीं चुना, फिल्म ने मुझे चुना

ब्लाक बस्टर फिल्म हनुमान अंश की सह निर्माता अनुप्रिया से डॉ. हिमांशु की खास चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंबई

फिल्म उद्योग में सफलता का गणित अक्सर बड़े सितारों, करोड़ों के बजट और भारी प्रचार से तय किया जाता है। लेकिन कभी-कभी कोई फिल्म इस पूरे गणित को उलट देती है। 'हनुमान अंश' की कहानी कुछ ऐसी ही है। करीब दो करोड़ रुपये में बनी यह फिल्म उस समय चर्चा में आई, जब शुरुआती दिनों में इसके भविष्य को लेकर सवाल उठने लगे थे। न बड़े सितारे, न कोई बड़ा प्रचार अभियान और न ही फिल्म के पीछे किसी ⏭शेष पेज 7 पर

खास खबर



एक शोध ने बदल दी दिशा

अनुप्रिया बताती हैं कि वह ब्रिटेन में अर्थशास्त्र की पढ़ाई कर रही थीं। अंतिम वर्ष में निवेश और कारोबार से जुड़े एक शोध के दौरान उन्होंने स्टीव जॉब्स और नीम करौली बाबा के संबंध के बारे में पढ़ा। यहीं उनके मन में एक सवाल पैदा हुआ। एक भारतीय होने के बावजूद उन्हें बाबा के बारे में एक विदेशी व्यक्ति के माध्यम से क्यों पता चल रहा है? उन्होंने बाबा पर लिखी किताबों के बारे में जाना। ⏭शेष पेज 7 पर

माता-पिता ने जोखिम के बजाय भरोसा चुना

अर्थशास्त्र पढ़कर विदेश में करियर बनाने जा रही बेटी अचानक फिल्म में अपनी बचत लगा दे तो परिवार के लिए यह फैसला आसान नहीं होता। अनुप्रिया के माता-पिता को भी शुरुआत में लगा कि उनकी बेटी कहीं भटक तो नहीं गई। लेकिन उन्होंने उसके फैसले पर भरोसा किया। अनुप्रिया ने माता-पिता के साथ फिल्म की पटकथा पढ़ी और उन्हें नीम करौली बाबा की कहानी से परिचित कराया। अनुप्रिया अपने पिता की एक बात को याद करती हैं, पैसा जीवन का साधन है, जीवन नहीं। उनके अनुसार इसी सोच ने उन्हें जोखिम लेने का साहस दिया। वह मानती हैं कि व्यक्ति को अपने विश्वास, अपनी क्षमता और अपने काम की ईमानदारी पर ध्यान देना चाहिए।

फिल्म से जुड़ने के बाद शुरू हुई बाबा की यात्रा

दिलचस्प यह है कि फिल्म से जुड़ने से पहले अनुप्रिया न कैंची धाम गई थीं और न नीम करौली। बाबा से उनका कोई व्यक्तिगत परिचय भी नहीं था। फिल्म से जुड़ने के बाद उन्होंने कैंची धाम, वृंदावन और बाबा से जुड़े दूसरे स्थानों की यात्रा की। इसी अनुभव को वह अपनी यात्रा का सबसे रहस्यमय हिस्सा मानती हैं। उनसे पूछा गया कि आखिर वह इस फिल्म से जुड़ी कैसे, तो उनका जवाब था—"मैंने 'हनुमान अंश' को नहीं चुना, 'हनुमान अंश' ने मुझे चुना।" उनका मानना है कि इतनी कम उम्र में उन्हें इस काम से जोड़ने के पीछे कोई उद्देश्य रहा होगा। वह खुद को इस परियोजना में एक माध्यम के रूप में देखती हैं।

...जब लगा फिल्म डूब रही है

7 अगस्त को फिल्म रिलीज हुई। शुरुआती दिनों में दर्शकों की संख्या उम्मीद के मुताबिक नहीं रही। 17 अगस्त तक स्थिति ऐसी थी कि टीम के भीतर भी चिंता बढ़ने लगी। अनुप्रिया के मुताबिक फिल्म को उद्योग के एक हिस्से ने फ्लॉप मान लिया था। यह स्थिति उनके लिए आर्थिक नुकसान से ज्यादा इसलिए परेशान करने वाली थी क्योंकि उन्हें लग रहा था कि लोग फिल्म देख ही नहीं रहे। उन्होंने कहा कि फिल्म को थिएटर में इसलिए लाया गया था ताकि बाबा से जुड़े लोग एक साथ आएं और एक समुदाय का निर्माण हो। इसी दौरान उन्हें कहा गया कि अब केवल कोई चमत्कार ही फिल्म को बचा सकता ⏭शेष पेज 7 पर

5 रुपए से 300 रुपए तक का लगेगा शुल्क

यूपीआई अब फ्री नहीं, 2000 से अधिक पर 0.4 फीसदी शुल्क!

मर्चेंट डिस्काउंट रेट का ऐलान, 15 अक्टूबर से होगा लागू

नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया ने यूपीआई ट्रांजैक्शन के लिए मर्चेंट डिस्काउंट रेट का ऐलान किया है। इसमें कहा गया है कि 2,000 रुपए से ज्यादा के पर्सन-टू-मर्चेंट पेमेंट पर 0.4% का चार्ज लगेगा। आम उपभोक्ताओं पर इसका सीधा असर नहीं पड़ेगा। लेकिन, 2,000 रुपए से अधिक के ऑनलाइन पेमेंट पर दुकानदार या व्यापारी से चार्ज लिया जाएगा। 15 अक्टूबर 2026 से चुनिंदा मर्चेंट ट्रांजैक्शन पर नया फ्रेमवर्क लागू होगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सरकार ने मंगलवार को बड़े डिजिटल भुगतान के लिए जारी नई व्यवस्था के तहत 2,000 रुपए से अधिक के यूपीआई भुगतान पाने पर व्यापारियों से 0.4 प्रतिशत का एमडीआर शुल्क लेना तय किया। इसमें 75,000 रुपए या उससे अधिक के भुगतान पर अधिकतम शुल्क 300 रुपए होगा। इसके साथ जनवरी, 2020 से लागू शून्य-एमडीआर व्यवस्था समाप्त हो गई है। इस व्यवस्था को डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए लागू किया गया था, लेकिन बैंक और वित्तीय-प्रौद्योगिकी (फिनटेक) कंपनियां लंबे समय से इस पर सवाल उठा रही थीं। आधिकारिक बयान के मुताबिक, नए बदलाव 15 अक्टूबर, 2026 से प्रभावी हो जाएंगे।

'मर्चेंट डिस्काउंट रेट' (एमडीआर) वह शुल्क है जो डिजिटल भुगतान स्वीकार करने पर व्यापारी से लिया जाता है। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने कहा कि रेलवे, दूरसंचार और ईंधन जैसे आवश्यक क्षेत्रों में प्रति लेनदेन पांच रुपये का एकसमान शुल्क लगेगा, जबकि पूंजी बाजार में भुगतान के लिए एमडीआर की दर 0.02 प्रतिशत होगी। यूपीआई क्यूआर कोड के जरिये हर महीने एक लाख रुपये तक की आय वाले छोटे व्यापारी नई व्यवस्था के तहत पूरी तरह शुल्क मुक्त रहेंगे।



इनके लिए फिक्स एमडीआर

एनपीसीआई ने बताया कि रेलवे, टेलीकॉम सर्विस, इंश्योरेंस और फ्यूल जैसी खास मर्चेंट कैटेगरी के लिए 2,000 रुपए से ज्यादा के ट्रांजैक्शन पर प्रति ट्रांजैक्शन 5 रुपये का फिक्स्ड एमडीआर लागू होगा। ईटी ने 16 जुलाई को सबसे पहले रिपोर्ट दी थी कि सरकार यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस ट्रांजैक्शन पर एमडीआर फिर से लागू करेगी। हालांकि, एनपीसीआई ने मर्चेंट के टर्नओवर के आधार पर कोई सीमा तय नहीं की है।

कांग्रेस की 'झूठ की दुकान' : भाजपा



भाजपा ने कांग्रेस पर यूपीआई लेनदेन शुल्क के बारे में 'फर्जी खबर' फैलाने का आरोप लगाया। भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कांग्रेस पर पलटवार करते हुए विपक्षी पार्टी को 'झूठ की दुकान' कहा। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'कांग्रेस एक बार फिर झूठी खबरें फैला रही है। 96 प्रतिशत यूपीआई मर्चेंट (पी2एम) लेनदेन 2,000 रुपये या उससे कम के होते हैं और उन पर कोई शुल्क नहीं लगता। रुपे डेबिट-कार्ड से भुगतान करने पर भी कोई शुल्क नहीं लगता। ग्राहकों को लेनदेन के लिए कोई शुल्क नहीं देना पड़ता। 'पी2पी' यूपीआई लेनदेन पूरी तरह से निशुल्क है।

इधर, सियासी सरगर्मी

अमेरिका के सामने समर्पण कर रहे प्रधानमंत्री : राहुल



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने यूपीआई लेनदेन पर शुल्क से जुड़े मामले को लेकर मंगलवार को आरोप लगाया कि कॉम्प्रोमाइज्ड (समझौता कर चुके) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व्यापार समझौते की तरह एक बार फिर अमेरिका के सामने समर्पण कर रहे हैं। उन्होंने यह दावा भी किया कि दो हजार रुपए से अधिक के व्यापारिक यूपीआई लेनदेन पर शुल्क लगाने का रास्ता खोल दिया गया है। गांधी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि इस तरह के लेनदेन की संख्या भले ही करीब पांच प्रतिशत हो, लेकिन यूपीआई के कुल लेनदेन मूल्य में इनकी हिस्सेदारी करीब 65 प्रतिशत है।

डीपी वर्ल्ड नवा रायपुर ओपन 2026 की ट्रॉफी का अनावरण

नवा रायपुर में गोल्फ का रोमांच सीएम साय ने लगाया पहला शॉट

एक करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि जीतने देश-विदेश के 132 प्रोफेशनल गोल्फर ले रहे हिस्सा 18 विदेशी खिलाड़ी भी दिखाएंगे अपना कौशल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

महानगरों की तर्ज पर अब छत्तीसगढ़ में भी गोल्फ का रोमांच देखने को मिल रहा है। लगातार दूसरे साल नवा रायपुर के फेयरवे गोल्फ एंड लेक रिजॉर्ट में प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित डीपी वर्ल्ड नवा रायपुर ओपन 2026 गोल्फ प्रतियोगिता का शुभारंभ मंगलवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और ⏭शेष पेज 7 पर

खास खबर



पहले फिल्मों में देखते थे गोल्फ आज छत्तीसगढ़ कर रहा मेजबानी

मुख्यमंत्री श्री साय ने गोल्फ से जुड़ी अपनी स्मृतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि एक समय था, जब हम गोल्फ के बारे में केवल सुना करते थे या फिल्मों में लोगों को गोल्फ खेलते देखते थे। आज बदलते छत्तीसगढ़ में हम स्वयं प्रोफेशनल गोल्फ के ⏭शेष पेज 7 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

बेरोजगारी दर अगस्त में घटकर पांच प्रतिशत पर

नई दिल्ली। देश में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों की बेरोजगारी दर अगस्त में मामूली घटकर पांच प्रतिशत रही। जुलाई में यह 5.1 प्रतिशत थी। नियमित अंतराल पर होने वाले श्रम बल सर्वेक्षण के आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

50 क्विंटल प्रतिबंधित मांगुर मछली जब्त

कटिहार। बिहार सरकार के मत्स्य विभाग ने मंगलवार को कटिहार जिले में करीब 50 क्विंटल प्रतिबंधित मांगुर मछली जब्त की। कटिहार-पूर्णिया मार्ग पर रौतारा टोल प्लाजा के पास दो मिनी ट्रकों से मछलियों बरामद की गई। कटिहार के जिला मत्स्य पदाधिकारी सनत कुमार ने बताया कि ये मछलियां पश्चिम बंगाल से कटिहार के रास्ते पूर्णिया ले जाई जा रही थी।

दारा सिंह की रिहाई की अर्जी खारिज

भुवनेश्वर। ओडिशा सरकार ने हिंदुत्व कार्यकर्ता दारा सिंह की उस अर्जी को खारिज कर दिया है, जिसमें उसने 1999 में क्योंझर में ऑस्ट्रेलियाई मिशनरी ग्राहम स्टेन्स और उनके दो नाबालिग बेटों की हत्या के मामले में जेल से समय पूर्व रिहाई का अनुरोध किया था। वह जेल में 25 साल बिता चुका है।

देश का सबसे बड़ा नक्सल हमला

झीरम के 10 दोषियों को सजा का ऐलान आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



देश के अब तक के बड़े नक्सल हमले में शामिल झीरम घाटी नक्सल हमले के 10 दोषियों को 16 सितम्बर को सजा सुनाई जाएगी। 13 वर्ष के लंबे इंतजार के बाद दोषियों को मिलने वाली सजा पर सबकी नजर टिकी हुई है। गौरतलब है कि जिला एवं सत्र न्यायालय स्थित विशेष एनआईए न्यायालय के न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत ने 5 सितम्बर को अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों व गवाहों के कथनों के आधार पर मामले में शामिल सभी 10 आरोपियों को दोषी करार दिया था तथा आरोपियों को दी जाने वाली सजा पर फैसले के लिए ⏭शेष पेज 7 पर

हरिभूमि फॉलोअप

नौटंकी के बजाय आतंकवाद के खिलाफ ठोस कार्रवाई करे पाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भारत में कई हमलों के गुनहगार और जैश-ए-मोहम्मद के भगोड़े आतंकवादी मसूद अजहर को लेकर पाकिस्तान द्वारा रचे गए झूठे स्वांग के तहत घोषित की गई 70 लाख रुपए की इनाम राशि को लेकर मंगलवार को विदेश मंत्रालय ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। यहां नई दिल्ली में आयोजित की गई मीडिया ब्रीफिंग में ⏭शेष पेज 7 पर

- जैश सरगना मसूद पर भारत की दो टूक



6 साल से अलाप रहा झूठा राग

पाकिस्तान पिछले करीब 6 साल से यह झूठा दावा कर रहा है कि मसूद अजहर उसके देश में नहीं है।

भारत को जीरो टॉलरेंस से कम कुछ नहीं चलेगा

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने सीमापार आतंकवाद को लेकर बनाई गई जीरो टॉलरेंस (शून्य सहिष्णुता) की नीति को लेकर अपना रुख पाकिस्तान को दो टूक अंदाज में साफ कर दिया है। जिसमें अब नई दिल्ली के पड़ोसी देश से होने वाले किसी भी आतंकी हमले का तुरंत मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।

सुबह ऑफिस सिस्टम लॉक, कुछ घंटे बाद नौकरी जाने का मिला मेल

ओरेकल ने भेजा मेल, आज आपका आखिरी दिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

टेक कंपनी ओरेकल ने एक बार फिर कर्मचारियों की छंटनी शुरू कर दी है। सोमवार से शुरू हुई इस छंटनी में कर्मचारियों को सुबह-सुबह ईमेल भेजकर बताया गया कि आज आपका आखिरी दिन है। कंपनी में बदलाव के तहत उनकी नौकरियां खत्म कर दी गई हैं। हालांकि, कितने कर्मचारियों पर इसका असर पड़ा है, कंपनी ने अभी इसकी जानकारी नहीं दी है। 31 मई को खत्म हुए वित्त वर्ष 2026 में कंपनी के कर्मचारियों की संख्या करीब 21 हजार कम हुई। यह कंपनी की कुल वर्कफोर्स का लगभग 13% है।

भारत में कार्यरत कर्मियों में चिंता बढ़ी

अमेरिका में 14 सितंबर को हुई छंटनी के बाद भारत में काम कर रहे कर्मचारियों की चिंता भी बढ़ गई है। अगर यह छंटनी भारत में भी शुरू होती है, तो इसका असर केवल कस्टमर केयर या सपोर्ट स्टाफ पर ही नहीं, बल्कि टेक्निकल और इंजीनियरिंग टीमों पर भी पड़ेगा।



एआई पर अरबों खर्च, फिर भी कर्मचारियों की छंटनी

ओरेकल एआई और क्लाउड कारोबार बढ़ाने के लिए भारी निवेश कर रही है। इसके लिए कंपनी अपने दूसरे विभागों के खर्च में कटौती कर रही है। एआई की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए ओरेकल तेजी से नए डेटा सेंटर बना रही है। वित्त वर्ष 2027 यानि पूरे साल में कंपनी 90 से 95 अरब डॉलर तक खर्च करने की योजना बना रही है।

ऐसे हुआ पूरा घटनाक्रम .....

- सुबह 4 :00 बजे : कंपनी के सिस्टम में कर्मचारियों का लॉग-इन होना बंद।
- सुबह 5 :00 बजे : मैसेजिंग एप 'स्लैक' से कर्मचारी अपने आप लॉग-आउट।
- गेट पर एंट्री बंद : ऑफिस गेट पर एंट्री कार्ड ने काम करना बंद किया।
- सुबह 6 :00 बजे : कंपनी मैनेजमेंट की तरफ से मेल आया- कंपनी में बदलाव के कारण आपके पद को खत्म किया जा रहा है और आज आपका आखिरी दिन है।

इन विभागों पर पड़ रहा सबसे ज्यादा असर

- टेक्निकल टीम : डेटा सेंटर और क्लाउड की सुरक्षा देखने वाले कर्मचारी
- सॉफ्टवेयर डेवलपर : फ्यूजन, नेटसूट और एचआर सॉफ्टवेयर बनाने वाली टीमें
- सेल्स और सपोर्ट : सेल्स एग्जीक्यूटिव और ग्राहकों की मदद करने वाला स्टाफ

ITSA HOSPITALS
HEALTHCARE. HOSPITALITY. HARMONY.
स्वस्थ पाचन।
स्वस्थ लिवर।
स्वस्थ जीवन।
निःशुल्क ओपीडी
हर बुधवार
केवल सितंबर माह के लिए
सामान्य आंत संबंधी लक्षण
पेट फूलना और गैस
एसिडिटी
कब्ज
पेट दर्द
मतली
खाना खाने के बाद भारीपन

डॉ. नादिया मुद्दीन
एमबीबीएस (JIPMER)
एमडी – आंतरिक चिकित्सा (PGI, चंडीगढ़)
डीएम – इंटरवेंशनल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी एवं हेपेटोलॉजी (SMS, जयपुर)
वरिष्ठ गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट
11 वर्षों का अनुभव
आज ही करें अपॉइंटमेंट बुक 7880 110000
अम्बुजा सिटी सेन्टर मॉल के पास, सड्डू, रायपुर, छ.ग.

चिंतन

धरती के लिए खतरा बढ़ा रही अंतरिक्ष में हथियारों की आहट

अमेरिका ने पहली बार सार्वजनिक रूप से यह स्वीकार किया है कि उसने अंतरिक्ष में हथियार तैनात कर रखे हैं। अमेरिकी वायुसेना के सचिव ट्रॉय मिंक का यह खुलासा ऐसे समय हुआ है, जब अमेरिका, रूस और चीन के बीच अंतरिक्ष में रणनीतिक बढ़त हासिल करने की होड़ लगातार तेज हो रही है। सवाल इसलिए केवल यह नहीं है कि अमेरिका ने अंतरिक्ष में कौन से हथियार तैनात किए हैं, बल्कि यह भी है कि इस खुलासे का समय क्या संकेत देता है? क्या यह ईरान और पश्चिम एशिया में चल रहे घटनाक्रम से दुनिया का ध्यान हटाने की कोशिश है या फिर अंतरिक्ष में हथियारों की होड़ के एक नए दौर का सार्वजनिक ऐलान? अमेरिकी अधिकारी ने यह तो कहा कि ऑर्बिट में मौजूद हथियार जरूरत पड़ने पर अमेरिकी सैनिकों और अंतरिक्ष प्रणालियों को दुश्मन के हमले से बचाने के लिए इस्तेमाल किए जा सकते हैं, लेकिन यह नहीं बताया कि ये हथियार किस प्रकार के हैं, कितने हैं और इन्हें कब अंतरिक्ष में भेजा गया। यही गोपनीयता इस पूरे घटनाक्रम को और गंभीर बनाती है। आज के युद्ध में सैटेलाइट किसी देश की आंख, कान और संचार व्यवस्था की रीढ़ बन चुके हैं। सेना इनके जरिए संपर्क बनाए रखती है, दुश्मन की गतिविधियों पर नजर रखती है, मिसाइलों की चेतावनी हासिल करती है और अपने सैनिकों तथा हथियारों की स्थिति का पता लगाती है। इसलिए अंतरिक्ष पर नियंत्रण का अर्थ धीरे-धीरे युद्ध के मैदान पर बढ़त हासिल करने से जुड़ता जा रहा है। अमेरिका लंबे समय से रूस और चीन की अंतरिक्ष सैन्य क्षमताओं को लेकर चिंता जताता रहा है। रूस के अंतरिक्ष में परमाणु क्षमता विकसित करने की आशंकाओं को लेकर भी अमेरिका चिंता जाहिर करता रहा है, हालांकि मॉस्को इन आरोपों से इनकार करता है। दूसरी ओर, चीन भी अपनी सैन्य आधुनिकीकरण नीति के तहत अंतरिक्ष और एंटी-सैटेलाइट तकनीक में तेजी से आगे बढ़ रहा है। ऐसे में अमेरिका का यह कहना कि उसके पास भी ऑर्बिट में हथियार मौजूद हैं, सुरक्षा की मजबूरी के रूप में पेश किया जा सकता है। समस्या यह है कि एक देश की सुरक्षा दूसरे देश के लिए खतरा बन सकती है। परिणाम वही होगा जो दुनिया ने परमाणु हथियारों की होड़ में देखा। सुरक्षा के नाम पर शुरू हुई प्रतिस्पर्धा धीरे-धीरे असुरक्षा को बढ़ाती चली गई। इस घटनाक्रम का सबसे चिंताजनक पहलू यही है कि अंतरिक्ष अब केवल वैज्ञानिक अनुसंधान, संचार और मानव प्रगति का क्षेत्र नहीं रह गया है। वह तेजी से सैन्य रणनीति का नया मोर्चा बन रहा है। यदि किसी बड़े संघर्ष में सैटेलाइटों को निशाना बनाया गया तो उसका असर केवल सैनिक अभियानों तक सीमित नहीं रहेगा। नेविगेशन, विमानन, समुद्री परिवहन, मौसम पूर्वानुमान, आपदा प्रबंधन, दूरसंचार और वित्तीय सेवाओं तक पर असर पड़ सकता है। अंतरिक्ष में मुठभेड़ हुई तो उसकी कीमत धरती पर आम आदमी चुका सकता है। यहीं 1967 की आउटर स्पेस ट्रीटी की प्रासंगिकता सामने आती है। इस संधि ने पृथ्वी की कक्षा में परमाणु हथियारों और सामूहिक विनाश के अन्य हथियारों की तैनाती पर रोक लगाई थी। लेकिन इसमें पारंपरिक हथियारों के अंतरिक्ष में इस्तेमाल पर वैसी स्पष्ट और व्यापक रोक नहीं है। अमेरिका का ताजा खुलासा इसलिए दुनिया के लिए चेतावनी है कि अंतरिक्ष को युद्ध का नया मैदान बनने से रोकने के लिए मौजूदा अंतरराष्ट्रीय नियम पर्याप्त नहीं हैं। दुनिया को अब यह तय करना होगा कि अंतरिक्ष में कौन-सी सैन्य गतिविधियां स्वीकार्य होंगी और कौन-सी नहीं।



पश्चिम एशिया संकट

अखिलेश आर्येन्दु

ऊर्जा जरूरत और अर्थव्यवस्था पर असर

पश्चिम एशिया संकट सुलझता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है। अमेरिका पीछे हटने को तैयार नहीं है और न ईरान ही। ऐसा लग रहा है कि यह युद्ध रूस-यूक्रेन जैसा लम्बा खिंचेगा। तेल की कीमत 100 डालर के पार पहुंच गई है, जिसका असर दुनियाभर में साफ-साफ दिखाई दे रहा है। भारत जैसे बड़े तेल आयातक देश के लिए इसका अर्थ है-ऊर्जा सुरक्षा के लिए बड़ी चुनौती, रुपये पर दबाव, महंगाई का जोखिम और आयात बिल में वृद्धि। जैसे-जैसे सैन्य तनाव बढ़ता जा रहा है, वैसे-वैसे तमाम तरह की समस्याएं बढ़ रही हैं।

सवाल खड़ा किया जा रहा है कि क्या भारत की बड़ी अर्थव्यवस्था की ऊर्जा सुरक्षा इतनी अधिक आयातित तेल पर निर्भर रह सकती है? पश्चिम एशिया में संघर्ष और महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों पर व्यवधान ने तेल की आपूर्ति को लेकर चिंता बढ़ा दी है। भारत के लिए यह चिंता इसलिए बड़ी है क्योंकि देश अपनी तेल जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात करता है। ऐसे में तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमत में हर उछाल भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए चुनौती लेकर आता है। तेल केवल पेट्रोल पंप पर बिकने वाला ईंधन नहीं है, इसका संबंध अर्थव्यवस्था के तकरीबन हर क्षेत्र से है। परिवहन, कृषि, विमानन, पेट्रोकेमिकल उद्योग में कच्चे तेल से बनने वाले उत्पादों का इस्तेमाल होता है। प्लास्टिक, रसायन, सिंथेटिक फाइबर और अनेक औद्योगिक वस्तुओं की लागत भी ऊर्जा कीमतों से जुड़ी होती है। इसलिए कच्चे तेल की कीमत बढ़ने का असर धीरे-धीरे ही सही, हर क्षेत्र में दिखाई देता है। सबसे पहले आयात बिल बढ़ता है। इसके बाद डालर की मांग बढ़ती है और रुपये पर दबाव बढ़ जाता है। रुपया लगातार प्रतिदिन गिर रहा है। रुपया कमजोर होने पर भारत में आयातित तेल और महंगा हो जाता है। यानी भारत के सामने दोहरा दबाव पैदा हो जाता है- अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल महंगा और डालर के मुकाबले रुपया कमजोर। रुपया कमजोर होने का मतलब डालर की मांग बढ़ना और आयात की हुई हर वस्तु की कीमत अधिक चुकता करना। महंगाई बढ़ने की बड़ी वजह रुपये का लगातार कमजोर होते जाना है। इसलिए एशिया संकट जितनी जल्दी खत्म होगा, भारत के लिए उतना ही अच्छा होगा। पश्चिम एशिया में तेल की कीमतों का लगातार बढ़ते जाने के बावजूद भारत में उस तरह की महंगाई का दौर नहीं आया, जैसे दुनिया के दूसरे देशों में देखने में आया और अभी भी बना हुआ है। सवाल यह है कि तेल के दाम बढ़ते जाने के असर से भारत में वस्तुओं के दाम स्थिर बनाए रखना क्या हर स्थिति में संभव होगा? अर्थशास्त्रियों के अनुसार दुनिया में तेल संकट के बाद भी भारत में महंगाई उस दर से नहीं बढ़ी, जैसे भारत के पड़ोसी देशों में बढ़ी। इसकी वजह है भारत के पास दुनिया की बड़ी रिफाइनिंग क्षमता वाला सुरक्षा कवच का होना। इस सुरक्षा कवच के कारण कच्चा तेल आयात करके उसे पेट्रोल, डीजल, विमानन ईंधन और दूसरे पेट्रोलियम उत्पाद में बदल सकता है। दूसरी बात, भारत ने रूस सहित अलग-अलग देशों से तेल खरीदकर पिछले वर्षों में अपने आयात स्रोतों को भी विधिवत बनाया है,लेकिन यह सुरक्षा कवच बहुत लम्बे समय तक सुरक्षा नहीं दे सकता है। यदि तेल आयात पूरी तरह ठप हो जाए तो भारत के सामने ऊर्जा के दूसरे विकल्पों का इस्तेमाल करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। इसलिए



अभी से ही विकल्पों को दुरुस्त करना होगा। सवाल यह है कि क्या रूस पर निर्भरता ऊर्जा समस्या का समाधान है या असली समाधान के लिए वैकल्पिक ऊर्जा पर निर्भरता बढ़ाना समाधान है? पश्चिम एशिया संकट के बीच अक्सर कहा जाता है कि भारत को अपने सबसे विश्वसनीय मित्र रूस से अधिक तेल खरीदना चाहिए बजाय मध्य-पूर्व देशों से। जानकारों के अनुसार रूस पर निर्भरता कुछ हद तक ही ठीक है।

एक देश पर निर्भरता के बजाय भारत को चाहिए कि वह अनेक स्रोतों और अनेक तकनीकों के संतुलित मिश्रण को अपनाए। यानी स्थायी समाधान भारत को मुकम्मल रूप से खुद तैयार करना होगा। हर तेल संकट भारत को एक ही संदेश देता है-तेल आयात पर निर्भरता कम करनी होगी। इसके लिए केंद्र सरकार लगातार वैकल्पिक ऊर्जा का विस्तार कर रही है। सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा में लगातार विस्तार कर रही है। गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता में तेजी से वृद्धि हुई है। केवल सौर पैनल लगा देने से तेल समस्या खत्म नहीं होगी। अभी गैर-जीवाश्म ऊर्जा से चलने वाले वाहनों की संख्या बहुत कम है। गैर जीवाश्म ऊर्जा से चलने वाले दो और चार पहिया वाहनों की खरीदारी बढ़ी तो है, लेकिन उतनी नहीं, जिससे तेल संकट के वक्त काम आ सकें। इसी तरह सार्वजनिक परिवहनों, रेलवे का विद्युतीकरण, ऊर्जा-कुशल माल ढुलाई जैसे विकल्प बढ़े हैं, लेकिन यह बहुत कम हैं। इसके लिए वैटरी भंडारण और ग्रिड क्षमता को बढ़ाने की जरूरत है। ठंडक के दिनों में कोहरा छाए रहने, बरसात में कई दिनों तक बादल छाए रहने पर सौर ऊर्जा कम प्राप्त हो पाती है। हालिया ऊर्जा समस्या के समाधान में केंद्र सरकार ने कोयले और तेल पर निर्भरता कम करने के लिए परमाणु, सौर, पवन, जलविद्युत, बैटरी भंडारण और हरित हाइड्रोजन जैसे विविध स्रोतों पर निर्भरता बढ़ाने का कार्य किया है। इससे ऊर्जा सुरक्षा को लेकर होने वाली चिंताओं में राहत दिखाई दी है। हाल में यह बताया गया कि तेल संकट के साथ देश में बिजली संकट भी बढ़ सकता है, क्योंकि मांग की अपेक्षा आपूर्ति नहीं हो पा रही है। आज की तारीख में देश के 59 कोयला आधारित बिजली संयत्रों में कोयले का भंडार बेहद कम है। आज की रिपोर्ट के अनुसार इन संयंत्रों के पास या तो निर्धारित स्टाक का 25 प्रतिशत से कम था या तीन दिन से कम उत्पादन जितना कोयला उपलब्ध था। बिजली की मांग करीब 267 गेगा वाट पहुंची और रिकार्ड 270 गेगा वाट के आसपास बनी हुई है। अब जब कि तेल, कोयला दोनों का संकट बढ़ रहा है, देश को ऊर्जा सुरक्षा मिशन की जरूरत बढ़ गई है। अब केंद्र सरकार को ऐसी ऊर्जा नीति बनानी होगी, जो किसी भी संकट के वक्त सुरक्षा कवच के रूप में मौजूद रहे। पहला लक्ष्य यह होना चाहिए कि तेल आयात पर धीरे-धीरे निर्भरता कम की जाए। दूसरी नीति रणनीतिक रूप से पेट्रोलियम भंडार को बढ़ाया जाए। तीसरी सुरक्षा यह होनी चाहिए कि एलपीजी और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति के वैकल्पिक मार्ग विकसित किए जाएं। चौथी सुरक्षा इलेक्ट्रोलिकल सार्वजनिक परिवहन को तेज गति से बढ़ाया जाए जैसे दिल्ली सरकार ने किया है। पांचवीं सुरक्षा बैटरी स्टोरेज और राष्ट्रीय बिजली ग्रिड को मजबूत किया जाए। छठे सुरक्षा के रूप में परमाणु ऊर्जाऔर नवीकरणीय ऊर्जा के संतुलित विस्तार को बढ़ाया जाए और ऊर्जा आयात के लिए एक ही क्षेत्र पर अत्यधिक निर्भरता धीरे-धीरे कम की जाए। बढ़ते ऊर्जा संकट में केंद्र सरकार बड़ी सावधानी से आगे बढ़ रही है। उम्मीद की जानी चाहिए कि तेल और गैस संकट से भारत अपने वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों का बेहतर इस्तेमाल कर उबर जाएगा और ऐसा संकट नहीं आएगा कि जनता त्राहि-त्राहि करने लगेगी।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

विश्व ओजोन दिवस

रोहित कौशिक



नया शोध, नई जानकारी लेकिन खतरा टला नहीं

विकास एक लगातार चलने वाली प्रक्रिया है। यही कारण है कि विश्व के ज्यादातर देश किसी न किसी रूप से विकास कर रहे हैं। जीवन स्तर सुधारने के लिए विकास की यह प्रक्रिया सुखद है, लेकिन क्या इस विकास से सच्चे अर्थों में हमारा जीवन स्तर सुधर पाया है? भौतिक रूप से देखें तो निश्चित रूप से हमारा जीवन स्तर सुधरा है, लेकिन विकास की इस प्रक्रिया ने हमारे पर्यावरण को भारी क्षति पहुंचाई है। इसका असर न केवल प्रकृति के स्वास्थ्य बल्कि हमारे स्वास्थ्य पर भी पड़ा है। इस दृष्टि से देखें तो हमारा जीवन स्तर सुधरा नहीं है, अपितु खराब ही हुआ है। विकास की इस प्रक्रिया ने प्रकृति को कई जख्म दिए है। प्रकृति के इन जख्मों ने इंसान के स्वास्थ्य पर बहुत ज्यादा प्रभाव डाला है। विभिन्न तरह से हमारी रक्षा करने वाली ओजोन परत का क्षरण भी विकास की अंधाधुंध प्रक्रियाओं का ही नतीता है। समय-समय पर ओजान परत को लेकर कई अध्ययन प्रकाशित होते रहते हैं। दरअसल, ओजोन परत पृथ्वी के वातावरण की एक महत्वपूर्ण है। यह परत हमें सूर्य की हानिकारण पैराबैंगनी किरणों से बचाती है। 1980 के दशक में वैज्ञानिकों को पता चला था कि यह परत तेजी से पतली हो रही है। मुख्य रूप से अंटार्कटिका के ऊपर एक ओजोन छेद बन रहा था। वैज्ञानिकों ने बताया था कि इसका मुख्य कारण क्लोरोफ्लोरोकार्बन जैसे रसायन हैं जो फ्रिज, एयरकंडीशनर और स्प्रे उत्पादों में इस्तेमाल किए जाते हैं। अब एक नए अध्ययन में बताया गया है कि ओजोन परत का क्षरण 1985 में अंटार्कटिका के ऊपर ओजोन छिद्र की खोज से बहुत पहले ही शुरू हो चुका था। मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) ने अपने नए अध्ययन में दावा किया है कि अगर आज जैसी उन्नत निगरानी तकनीकें पहले उपलब्ध होतीं तो वैज्ञानिक ओजोन क्षरण के संकेत 1957 में ही पकड़ सकते थे। इसका अर्थ यह है कि ओजोन छिद्र की खोज से लगभग तीन दशक पहले ही इस सुरक्षात्मक परत को नुकसान होना शुरू हो चुका था।

अब तक मुख्य रूप से क्लोरोफ्लोरोकार्बन को ही ओजोन परत के शुरुआती क्षरण के लिए जिम्मेदार माना जाता रहा है, लेकिन बताया गया है कि क्लोरोफ्लोरोकार्बन नहीं बल्कि कार्बन टेट्राक्लोराइड नाम का एक औद्यागिक रयासन ओजोन परत के क्षरण के लिए जिम्मेदार था। दरअसल, लगातार हो रहे वैज्ञानिक अनुसंधानों का सबसे बड़ा लाभ यही है कि नई-नई जानकारियां सामने आती रहती है। ऐसे अध्ययनों में कई बार पिछले अध्ययनों को नकार भी दिया जाता है। यही विज्ञान की सबसे बड़ी ताकत है। विज्ञान की इसी ताकत के बल पर नए आविष्कार होते हैं और नया शोध प्रमाण के साथ सामने आता है। ओजोन परत पर हुए इस नए अध्ययन के नतीजे प्रतिष्ठित जर्नल प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज (पीएनएएस) में प्रकाशित हुए हैं। कार्बन टेट्राक्लोराइड 1930 के दशक से ही ड्राईक्लीनिंग और मशीनों की सफाई में चिकनाई हटाने वाले सॉल्वेंट के रूप में इस्तेमाल हो रहा था। बर्फ की गहराइयों से निकाले गए आइस कोर नमूनों में भी इसके निशान मिले। यही रसायन ओजोन परत का शुरुआती क्षरण कर रहा था। हालांकि, अब कार्बन टेट्राक्लोराइड का इस्तेमाल दुनिया के कई हिस्सों में बंद किया जा चुका है। अब कई अध्ययनों में यह बात सामने आई है कि ओजोन परत का क्षरण कम हुआ है। इस दौर में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। विभिन्न देशों की सरकारें भी इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रही हैं। हालांकि पर्यावरण के मुद्दे पर अभी भी कई देशों का व्यवहार खोखले आदर्शवाद की परिधि में आता है। यह तो मानना ही पड़ेगा कि इस दौर में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ी है और इस दिशा में कुछ काम भी हो रहा है। यही कारण है कि आज ओजोन परत की स्थिति में सुधार हुआ है। ओजोन परत की दशा सुधारने के लिए कई तरीके के उपाय किए गए। यह भी कटु सत्य है कि पर्यावरण के विभिन्न मुद्दों पर होने वाली वैश्विक संगोष्ठियों में कई बार अपेक्षित निर्णय नही लिए जाते। अनेक बार कई तरह के विरोधाभास भी उभर आते हैं, लेकिन इन सब विसंगतियों के बावजूद जब बार-बार ऐसे मुद्दों पर चर्चा होती है तो कुछ सार्थक परिणाम भी सामने आते ही हैं। इन परिणामों का ही यह नतीजा है कि आज ओजोन परत की स्थिति में सुधार हुआ है। हालांकि इस सुधार के आधार पर यह मान लेना कि खतरा पूरी तरह टल गया है, उचित नहीं है। हमें इस दिशा में लगातार प्रयास करने होंगे। अगर इन प्रयासों में कहीं भी कमी हुई तो ओजोन परत के क्षरण का खतरा पुनः पैदा हो सकता है। हमें यह समझना होगा कि ओजोन परत को संरक्षित करना जिंदगी के लिए बहुत जरूरी है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

मनुष्य इंद्रिय विषयों में करता है आनंद अनुभव



संकलित

दर्शन

भक्ति विभिन्न रूपों में प्रकाशित होती है। पहला है श्रद्धा। लोग मंदिरों और पवित्र स्थानों के प्रति श्रद्धा इसलिए प्रकट करते हैं, क्योंकि वहां भगवान की पूजा होती है, ऐसे स्थानों में उनकी सत्ता अधिक अनुभूति होती है। प्रत्येक देश में लोग धर्माचार्यों के प्रति श्रद्धा इसलिए प्रकट करते हैं, क्योंकि ये आचार्य उन्हीं भगवान की महिमा का उपदेश देते हैं। इस श्रद्धा का मूल है प्रेम। हम जिससे प्रेम नहीं करते, उसके प्रति कभी श्रद्धालु नहीं हो सकते। इसके बाद है प्रीति अर्थात ईश्वर चिंतन में आनंद। मनुष्य इंद्रिय विषयों में तीव्र आनंद अनुभव करता है। इंद्रियों को अच्छी लगने वाली चीजों के लिए वह भटकता फिरता है और बड़ा से बड़ा जोखिम उठाने के लिए तैयार रहता है। भक्त को चाहिए कि वह भगवान के प्रति इसी प्रकार का तीव्र प्रेम रखे। इसके उपरांत आता है विरह। विरह प्रेमास्पद के अभाव में उत्पन्न होने वाला तीव्र दुख। यह दुख संसार के समस्त दुखों में सबसे मधुर है। जब मनुष्य भगवान को न पा सकने के कारण, संसार में एकमात्र जानने योग वस्तु को न जान सकने के कारण तीव्र वेदना अनुभव करने लगता है और अत्यंत व्याकुल हो पागल-सा हो जाता है, उस दशा को विरह कहते हैं। मन की ऐसी दशा में प्रेमास्पद को छोड़ उसे और कुछ अच्छा नहीं लगता। बहुधा यह विरह सांसारिक प्रणय में देखा जाता है। जब पराभक्ति हृदय पर अपना प्रभाव जमा लेती है तो अन्य अप्रिय विषयों की उपस्थिति हमें खटकने लगती है, यहां तक कि प्रेमास्पद भगवान के अतिरिक्त अन्य किसी विषय पर बातचीत तक कहना हमारे लिए अरुचिकर हो जाता है।

मैं भी मेला देखने जाऊंगी



संकलित

प्रेरणा

एक गांव में मां-बेटी रहती थीं। एक दिन वह अपनी मां से कहने लगी कि गांव के सब लोग गणेश मेला देखने जा रहे हैं, मैं भी मेला देखने जाऊंगी। मां ने कहा कि वहाँ बहुत भीड़ होगी कहीं गिर जाओगी तो चोट लगेगी। लड़की ने मां की बात नहीं सुनी और मेला देखने चल पड़ी। मां ने जाने से पहले बेटी को दो लड्डू दिए और एक घंटी में पानी दिया। मां ने कहा कि एक लड्डू तो गणेश जी को खिला देना और थोड़ा पानी पिला देना। दूसरा लड्डू तुम खा लेना और बचा पानी भी पी लेना। लड़की मेले में चली गई। मेला खत्म होने पर सभी गांववाले वापिस आ गए लेकिन लड़की वापस नहीं आई। लड़की मेले में गणेश जी के पास बैठ गई और कहने लगी कि एक लड्डू और पानी गणेश जी तुम्हारे लिए और एक लड्डू और बाकी बचा पानी मेरे लिए। इस तरह कहते-कहते सारी रात बीत गई। गणेश जी यह देखकर सोचने लगे कि अगर मैने यह एक लड्डू और पानी नहीं पीया तो यह अपने घर नहीं जाएगी। यह सोचकर गणेश जी एक लड़के के वेश में आए और उससे एक लड्डू लेकर खा लिया और साथ ही थोड़ा पानी भी पी लिया फिर वह कहने लगे कि मांगों तुम क्या मांगती हो? वह मन में सोच रही थी तो गणेश जी उसके मन की बात को जान गए। वह लड़की से बोले कि तुम अपने घर जाओ और तुमने जो भी मन में सोचा है वह सब तुम्हें मिलेगा। लड़की घर पहुंची तो मां ने पूछा कि इतनी देर कैसे हो गई? बेटी ने कहा कि आपने जैसा कहा था मैंने वैसा ही किया है और देखते ही देखते जो भी लड़की ने सोचा था वह सब कुछ हो गया।

अंतर्मन



आज की पाती

युवाओं के हौसले का विजयघोष

आज का भारत उस दौर से गुजर रहा है, जहां प्रतिभा किसी बड़े शहर, संपन्न परिवार या महंगे संसाधनों की मोहताज नहीं रह गई है। देश के छोटे कस्बों, गांवों और सामान्य परिवारों से निकलकर युवा अपनी मेहनत, लगन और आत्मविश्वास के दम पर दुनिया के मंच पर भारत का नाम रोशन कर रहे हैं। तीरंदाज धीरज बोम्मादेवरा की विश्व कप फाइनल में स्वर्णिम सफलता इसी बदलते भारत और उसके युवाओं के बढ़ते हौसले का जीवंत उदाहरण है। यह केवल एक खिलाड़ी की जीत नहीं, बल्कि उन लाखों युवाओं के सपनों की जीत है, जो सीमित साधनों के बावजूद बड़ा लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहे हैं। मैक्सिको के साल्टिलो में तीरंदाजी विश्व कप फाइनल के पुरुष व्यक्तिगत रिकर्व वर्ग में धीरज ने जापान के जुन्या नाकानिशी को रोमांचक मुकाबले में शूट ऑफ के जरिए हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। -*कांतिलाला मांडोत, सूरत*

ट्रेंड

डिफेंस स्टार्टअप्स



भारत में डिफेंस स्टार्टअप्स की एक नई लहर उठ रही है। ये स्टार्टअप्स ड्रोन टेक्नोलॉजी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और साइबर सिक्योरिटी जैसे क्षेत्रों में आधुनिक डिफेंस सेक्टर को एक नई दिशा दे रहे हैं। आज का इनोवेशन ही कल की मिलिट्री क्षमता है। - **राजनाथ सिंह,** रक्षा मंत्री

सेवा संकल्प अभियान



'सेवा संकल्प अभियान' इस साल इसलिए भी खास है क्योंकि 7 अक्टूबर 2001 को नरेंद्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली थी और तब से वे लगातार 25 सालों से जनसेवा में समर्पित हैं।
- **जगत प्रकाश नड्डा,** केंद्रीय स्वास्थ्यमंत्री

शिक्षा सिस्टम



भारत का शिक्षा सिस्टम उसी पीढ़ी को निराश कर रहा है जिसे उसे ऊपर उठाना था। पेपर लीक होना। बहुत ज्यादा फ्रीज। खस्ताहाल इंफ्रास्ट्रक्चर। लाखों युवा भारतीय ईमानदारी से काम करते हैं, फिर भी सिस्टम उन्हें निराश करता है।
- **राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

लोकतंत्र दिवस



लोकतंत्र के इस अंतरराष्ट्रीय दिवस पर, हमें खुद को यह याद दिलाना चाहिए कि 'हम, भारत के लोग' ही लोकतंत्र की असली नींव और आत्मा हैं। सरकार की यह जिम्मेदारी है कि वह इस तरह काम करे जिससे लोगों का कल्याण हो। जो लोकतंत्र अपने लोगों की बात नहीं सुनता, वह लोकतंत्र नहीं है।
-**अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली

करंट अफेयर

बांग्लादेश व चीन ने प्रस्तावित आर्थिक गलियारे पर की चर्चा



चीन के राजदूत याओ वेन ने बांग्लादेश की कनिष्ठ विदेश मंत्री शमा ओबैद इस्लाम से मुलाकात की तथा उन्होंने ढाका को म्यांमा और चीन से जोड़ने वाले प्रस्तावित आर्थिक गलियारे के संबंध में सहयोग पर चर्चा की। स्थानीय मीडिया की खबर में यह जानकारी दी गई। विदेश मंत्रालय का हवाला देते हुए बांग्लादेश की सरकारी समाचार एजेंसी 'बीएसएस' ने बताया कि सोमवार को मंत्री के कार्यालय में यह बैठक हुई, जिसमें दोनों पक्षों ने बुनियादी ढांचा, ऊर्जा, मानव संसाधन विकास और आर्थिक सहयोग पर भी चर्चा की। प्रस्तावित आर्थिक गलियारा का मकसद म्यांमा के रास्ते बांग्लादेश और दक्षिण-पश्चिमी चीन के बीच कनेक्टिविटी को बेहतर बनाना है। यह पूर्व में प्रस्तावित बांग्लादेश-चीन-भारत-म्यांमा (बीसीआईएम) आर्थिक गलियारा से अलग है। इस प्रस्तावित गलियारे से बीजिंग को बंगाल की खाड़ी तक व्यापार और कनेक्टिविटी का एक अतिरिक्त रास्ता मिल सकता है। खबर के अनुसार, दोनों पक्षों ने रंगपुर में 1,000 बिस्तरों वाले प्रस्तावित अस्पताल, शिक्षा और मानव-संसाधन विकास, दोनों देशों की जनता के स्तर पर संपर्क, ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग और महिला सशक्तीकरण पर भी चर्चा की।

ऑफ बीट

एआई से बढ़ी वित्तीय धोखाधड़ी सावधानी बरतने की जरूरत



फोन की घंटी बजती है और दूसरी तरफ आपके पोते की घबराई हुई आवाज सुनाई देती है। वह बताता है कि उसके साथ दुर्घटना हो गई है और उसे तत्काल पैसों की जरूरत है। आवाज पोते की आवाज जैसी ही होती है लेकिन पोते की आवाज नहीं होती। यह कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की मदद से तैयार की गई आवाज होती है, जिसे इंटरनेट पर उपलब्ध किसी वीडियो या ऑडियो क्लिप से तैयार किया गया है। कई वर्षों से कृत्रिम बुद्धिमत्ता और साइबर सुरक्षा को लेकर चेतावनियों का केंद्र कॉरपोरेट नेटवर्क और सरकारी प्रणालियां रही हैं। हालांकि, ये खतरे वास्तविक हैं, लेकिन अमेरिकी संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) के धोखाधड़ी संबंधी आंकड़ों से एक अलग तस्वीर सामने आती है—घरेलू खातों से बड़ी मात्रा में धन निकल रहा है। एफबीआई की 2025 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, उसकी इंटरनेट क्राइम कंप्लेंट सेंटर (आईसी3) इकाई ने पहली बार एआई से जुड़े मामलों को अलग से दर्ज करना शुरू किया। अमेरिकियों ने ऐसे 22,000 से अधिक मामले दर्ज कराए और करीब 89 .3 करोड़ अमेरिकी डॉलर के नुकसान की सूचना दी। इनमें से 63 .2 करोड़ डॉलर का नुकसान निवेश संबंधी धोखाधड़ी में हुआ जबकि 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को 35 .2 करोड़ डॉलर का नुकसान हुआ।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



शाह के बयान के बाद सियासी गलियारों में नई हलचल शुरू

यूसीसी पर रार, विपक्ष के साथ साथ जदयू भी आई विरोध में

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) पर दिए बयान के बाद सियासत में नई हलचल शुरू हो गई है। उन्होंने रविवार को मुंबई में कहा था कि 2029 से पहले बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए के सभी 21 राज्यों में यूसीसी लागू हो जाएगा। विपक्ष ने इसका विरोध करते हुए सरकार की मंशा पर सवाल खड़े किए हैं।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

गृहमंत्री शाह के बयान के बाद समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर अपनी बात रखी है। उन्होंने एक ओर जहां यूसीसी का नया फुलफॉर्म बताया तो वहीं बीजेपी पर हमला बोलते हुए लिखा कि, 'जनता समझ रही है भाजपा जिस यूसीसी की बात कर रही है दरअसल उसकी फुल फार्म कुछ और है, यूसीसी = अंडरग्राउंड कम्युनल कांर्स्पिरेसी' इसके बाद अखिलेश ने स्लोगन अंदाज में एक कविता भी लिखी है। उन्होंने कहा कि सरकार को यूसीसी लाने से पहले अपने पुराने वादे पूरे करने चाहिए। अखिलेश ने लिखा, 'पहले पिछले वादे निभाओ, यूसीसी फिर बाद में लाओ।' उन्होंने 15 लाख रुपये खाते में पहुंचाने, दो करोड़ नौकरियां देने, युवाओं को रोजगार दिलाने, स्कूलों को बंद होने से बचाने और महिलाओं की सुरक्षा जैसे मुद्दों को उठाते हुए केंद्र सरकार पर निशाना साधा।

भाजपा शासित राज्यों में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने की कही थी बात



यह कानून संविधान के खिलाफ : ओवैसी

एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने भी यूसीसी का विरोध किया है। भोपाल में उन्होंने कहा कि ऐसा कानून संविधान के अनुच्छेद 25, 26, 14 और 29 के खिलाफ है। ओवैसी ने कहा कि धार्मिक स्वतंत्रता को समाप्त करके इस तरह का कानून लागू नहीं किया जा सकता।

राज्यों के जरिये लागू करने की कोशिश क्यों : उमर

जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को कहा कि अगर भाजपा के पास संसद में यूसीसी बिल पास कराने के लिए पर्याप्त संख्या है तो उसे वहीं बिल पेश करना चाहिए। इसे अलग-अलग राज्यों के जरिए लागू करने की कोशिश क्यों की जा रही है। एनडीए में सभी दल इस मुद्दे पर सहमत नहीं हैं।

एनडीए में शामिल जदयू ने भी किया विरोध

वहीं, बिहार में जनता दल (यूनाइटेड) ने कहा कि वह राज्य में यूसीसी लागू नहीं होने देगा। जदयू नेता श्याम रजक ने कहा कि पार्टी राष्ट्रीय स्तर पर यूसीसी का समर्थन करती है, लेकिन बिहार में इसे लागू नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि जदयू अपने इस रुख पर कायम है। इसको लेकर जदयू नेता संजय झा अमित शाह से मुलाकात करेंगे। वहीं, बंगाल भाजपा अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य ने कहा कि राज्य में यूसीसी लागू करने की प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। हालांकि, भाजपा की सहयोगी एनसीपीआई ने अभी इस पर फैसला नहीं लिया है और प्रस्ताव आने के बाद चर्चा करने की बात कही है।

'देश में यूसीसी लागू करना असंभव : दारुल उलूम के प्रवक्ता मौलाना सुफियान निजामी ने यूसीसी का विरोध करते हुए कहा कि इसे देश में लागू करना असंभव है। उनका कहना है कि भारत में अलग-अलग समुदायों के अपने पर्सनल कानून हैं।

तीन सहयोगी दलों ने किया समर्थन

एनडीए के 3 सहयोगी दल तेलुगु देशम पार्टी, शिंदे गुट की शिवसेना और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के समर्थन की बात कही है। लोकसभा में टीडीपी नेता लावू कृष्ण देवरायुलु ने कहा कि पार्टी यूसीसी का समर्थन करेगी। उन्होंने कहा कि इसे लागू करने से पहले सभी संबंधित पक्षों से बातचीत की जाएगी। फिलहाल इस मुद्दे पर कोई चर्चा नहीं हुई है। टीडीपी और जदयू पहले यूसीसी से जुड़े कानून का विरोध कर चुके हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद टीडीपी के एनडीए में शामिल होने से पहले चंद्रबाबू नायडू ने कहा था कि यूसीसी के मुद्दे पर पार्टी मुस्लिम समुदाय के साथ खड़ी रहेगी।

यह कहा था शाह ने

दरअसल, गृह मंत्री अमित शाह ने 13 सितंबर को कहा था कि 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा-एनडीए शासित 21 राज्यों में यूसीसी लागू कर दिया जाएगा।फिलहाल देश में 22 राज्यों में एनडीए की सरकार है। इनमें उत्तराखंड में जनवरी 2025 से यूसीसी लागू है। यानी बाकी 21 राज्यों में इसे लागू करने का लक्ष्य है। गुजरात, असम और मध्य प्रदेश में यूसीसी बिल पास हो चुका है। अब इन राज्यों में राष्ट्रपति की मंजूरी और अधिसूचना जारी होने का इंतजार है। महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल और छत्तीसगढ़ ने यूसीसी का कानून तैयार करने के लिए समितियां गठित की हैं।

स्वतंत्र भारद्वाज को 3 हफ्ते की अंतरिम जमानत

नई दिल्ली। दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने सीजेपी प्रदर्शन के दौरान मारपीट के मामले में आरोपी स्वतंत्र भारद्वाज को तीन सप्ताह की अंतरिम जमानत दे दी है। यह मामला जंतर-मंतर पर हुए प्रदर्शन के दौरान एक नाबालिग प्रदर्शनकारी के पिता से कथित मारपीट से जुड़ा है। भारद्वाज के खिलाफ मारपीट के साथ-साथ एससी/एसटी एक्ट और पॉक्सो एक्ट के तहत भी केस दर्ज किया गया है।



सुप्रीम कोर्ट का कड़ा रुख, उपभोक्ता कानून के दायरे में ही रहेंगे डॉक्टर

1995 के सुप्रीम फैसले को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने डॉक्टर और अस्पताल को उपभोक्ता संरक्षण कानून के दायरे में लाने वाले अपने 31 साल पुराने फैसले में दखल देने से इनकार कर दिया। सुको ने कहा कि डॉक्टर और अस्पताल आगे भी उपभोक्ता संरक्षण कानून के तहत ही मरीजों के प्रति जवाबदेह रहेंगे। इस बारे में दायर एक सुधारात्मक याचिका को सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की पीठ ने खारिज कर दिया। याचिका में 1995 के सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी गई थी जिसमें चिकित्सा सेवाओं को उपभोक्ता संरक्षण कानून (सीपीए) के दायरे में लाया गया था। पांच जजों की पीठ ने 9 सितंबर को याचिका खारिज करते हुए कहा, क्यूरेटिव याचिका पर विचार करने के लिए तय किए गए नियमों के तहत कोई मामला नहीं बनता है।

वकीलों को मिली छूट को बनाया था आधार

याचिका में सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश का हवाला दिया गया था जिसमें शीर्ष कोर्ट ने कहा था कि कानूनी पेशेवरों (वकीलों) के खिलाफ सेवा में कमी के लिए उपभोक्ता संरक्षण कानून के तहत कार्रवाई नहीं की जा सकती। इस फैसले के आधार पर क्यूरेटिव याचिका में 1995 के फैसले पर पुनर्विचार का अनुरोध किया गया था।

संदर्भ गैर जरूरी : पीठ ने कहा, यह संदर्भ गैर-जरूरी था। वकीलों से जुड़ा पिछला फैसला खास तौर पर कानूनी पेशे से संबंधित था और उपभोक्ता संरक्षण कानून से वकीलों को बाहर रखने का मतलब यह नहीं है कि चिकित्सा पेशेवरों पर लागू कानून के मामले को फिर से खोलने की जरूरत है।

बाल यौन शोषण, भारत को रिपोर्ट करेगा मेटा

सरकार से बातचीत के बाद रजामंदी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मेटा ने भारत में बच्चों के यौन शोषण से जुड़े मामलों को लेकर बड़ा फैसला किया है। कंपनी ऐसे मामलों की जानकारी भारतीय कानून लागू करने वाली एजेंसियों के साथ शेयर करने पर सहमत हो गई है। इसका सीधा मतलब है कि अगर मेटा के प्लेटफॉर्म पर बच्चों के यौन शोषण से जुड़ा कोई गंभीर मामला सामने आता है, तो उसकी जानकारी सिर्फ कंटेंट हटाने तक सीमित नहीं रहेगी। भारत में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बच्चों की सुरक्षा को लेकर सरकार का दबाव बढ़ रहा है। खासकर बच्चों से जुड़े यौन शोषण के कंटेंट को लेकर कंपनियों से सवाल पूछे जा रहे हैं। इसी सिलसिले में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग यानी एनसीपीसीआर ने मेटा के अधिकारियों को भी बुलाया था। आयोग की तरफ से कंपनी से ऐसे कंटेंट की पहचान, उसे हटाने और मामलों की रिपोर्टिंग को लेकर जवाब मांगा गया था।

इंस्टाग्राम-फेसबुक पर क्या बदलेगा?

मेटा के पास इंस्टाग्राम और फेसबुक जैसे बड़े प्लेटफॉर्म हैं। भारत में इनका इस्तेमाल करोड़ों लोग करते हैं। ऐसे में बच्चों से जुड़े किसी भी गंभीर मामले में प्लेटफॉर्म की भूमिका काफी अहम हो जाती है। मेटा पहले से ही एआई और दूसरी तकनीक की मदद से बच्चों के यौन शोषण से जुड़े कंटेंट को पहचानने और हटाने का काम करता है।

इंस्टाग्राम पर यह है आरोप

इससे पहले राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने दिल्ली पुलिस को उन आरोपों की व्यापक जांच करने का निर्देश दिया था, जिनमें कहा गया था कि मेटा के स्वामित्व वाले इंस्टाग्राम पर पेड विज्ञापनों के जरिए भारत में चाइल्ड सेक्सुअल एब्यूज मटेरियल को बढ़ावा दिया गया। आयोग ने निर्देश दिया था कि क्या टेक कंपनी और दूसरे संबंधित पक्षों ने पास्को एक्ट के तहत अनिवार्य रिपोर्टिंग से जुड़ी जिम्मेदारियों का पालन किया था।

बंगाल की राजनीति में हलचल

ममता के 17 बागी सांसदों को लेने से भाजपा ने किया इंकार

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

पश्चिम बंगाल की राजनीति में उस समय हलचल तेज हो गई, जब ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) से बगावत कर नेशनलिस्ट सिटिजंस पार्टी ऑफ इंडिया (एनसीपीआई) का हिस्सा बने सांसदों के भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने की चर्चाएं सामने आईं। कूचबिहार से सांसद जगदीश चंद्र बसुनिया ने दावा किया था कि दुर्गा पूजा से पहले या बाद



में 17 बागी सांसद एक साथ भाजपा का दामन थामेंगे। हालांकि, भाजपा नेतृत्व ने इस दावे को पूरी तरह खारिज करते हुए बागियों के लिए पार्टी के दरवाजे बंद होने का साफ संदेश दे दिया है।

कौन हैं टीएमसी के 17 बागी सांसद? : तृणमूल कांग्रेस से बगावत कर एनसीपीआई में गए 20 में से 17 सांसदों के भाजपा में शामिल होने की अटकलें तेज हो गई हैं। ये वही सांसद हैं जिन्होंने लोकसभा चुनाव 2024 में टीएमसी के टिकट पर जीत दर्ज की थी, लेकिन बाद में ममता बनर्जी का साथ छोड़कर अलग गुट बना लिया। कूचबिहार सांसद जगदीश बसुनिया ने इन 17 सांसदों के भाजपा में जाने की बात सार्वजनिक तौर पर कही. लिस्ट में बारासात से सांसद काकोली घोष दस्तीदार, बीरभूम से वरिष्ठ सांसद और अभिनेत्री शताब्दी रॉय, बांकुड़ा से सांसद अरूप चक्रवर्ती, आरामबाग सांसद मिताली बाग, झाड़ग्राम के सांसद कालीपद सोरेन, सांसद सुदीप बंद्योपाध्याय समेत 17 नाम शामिल हैं।

भाजपा ने क्यों फेरा मुंह?

पश्चिम बंगाल भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य ने साफ किया कि टीएमसी या एनसीपीआई से किसी भी सांसद को भाजपा में शामिल कराने की पार्टी की कोई योजना नहीं है। भट्टाचार्य ने कड़े शब्दों में कहा कि कोई केवल भाजपा में आना चाहता है, इसलिए उसे पार्टी में जगह नहीं दी जा सकती. उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि जनता तृणमूल शासन के दौरान इन नेताओं द्वारा किए गए अत्याचारों को नहीं भूली है। बंगाल के लोगों ने जिस उत्पीड़न का सामना किया है, केवल पार्टी का झंडा बदल लेने से वो दाग धुल नहीं जाएंगे।

अमेरिका ने अंतरिक्ष में भी तैनात किए हथियार

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिका ने बड़ा कबूलनामा किया है। अमेरिका ने पहली बार आधिकारिक तौर पर माना है कि उसके हथियार अंतरिक्ष में तैनात हैं। अमेरिकी स्पेस फोर्स ने एक बयान जारी कर कहा कि अमेरिका और उसके



सहयोगी देशों को दुश्मनों से बचाने के लिए हथियार अंतरिक्ष में मौजूद हैं। हालांकि यूएस स्पेस फोर्स ने यह नहीं बताया कि किस तरह के हथियार तैनात किए गए हैं। यह जानकारी अमेरिकी वायु सेना के सचिव ट्रॉय मींक ने पूरी दुनिया को दी है। उन्होंने बताया है कि अमेरिका ने अंतरिक्ष की कक्षा में हथियार तैनात कर दिए हैं। नेशनल हार्बर में आयोजित 'एयर, स्पेस एंड साइबर कॉन्फ्रेंस' के दौरान दिए गए अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि ये हथियार अमेरिकी और उसके सहयोगी देशों के अंतरिक्ष उपकरणों की रक्षा करने और दुश्मन के हमलों को नाकाम करने में सक्षम हैं।

कई शहरों पर ड्रोन और मिसाइल हमले

हूतियों का सऊदी पर हमला मक्का में पहली बार अलर्ट

एजेंसी ▶▶| रियाद

यमन के हूती विद्रोहियों ने मंगलवार को सऊदी अरब पर ड्रोन और मिसाइल हमले किए। इसके बाद सऊदी अरब ने मक्का में पहली बार इमरजेंसी अलर्ट जारी किया। सऊदी सिविल डिफेंस के मुताबिक, नेशनल अर्ली वार्निंग प्लेटफॉर्म ने अलर्ट जारी किया था। लोगों से ऊंची इमारतों से दूर रहने की अपील की गई। कुछ देर बाद सिविल डिफेंस ने बताया कि खतरा टल गया है। हालांकि, लोगों से भीड़ से दूर रहने और किसी घटना की वीडियो या फोटो नहीं बनाने की अपील की गई। मंगलवार सुबह जेद्दा और ताइफ में भी ऐसे ही इमरजेंसी अलर्ट जारी किए गए थे। इन्हें भी कुछ देर बाद वापस ले लिया गया। इससे पहले 27 जुलाई 2017 को हूती विद्रोहियों ने मक्का की तरफ बैलिस्टिक मिसाइल दागी थी। लेकिन मिसाइल को मक्का से करीब 69 किलोमीटर दूर अल-वसिलिया इलाके में नष्ट कर दिया गया था।



लोगों से अपील- खुले इलाकों में जाने से बचें

मक्का, जेद्दा और ताइफ में जारी अलर्ट में लोगों से कहा गया कि वे भीड़ और खुले इलाकों में जाने से बचें। लोगों से शांत रहने और किसी भी खतरे की स्थिति में तुरंत सुरक्षित जगह जाने की अपील की गई। लोगों को घर के अंदर रहने और खिड़कियों, बालकनी, छत, कांच और खुली जगहों से दूर रहने को कहा गया है। अगर कोई व्यक्ति घर से बाहर हो, तो उसे तुरंत पास की किसी बिल्डिंग में जाने या किसी मजबूत चीज की आड़ में छिपने और खतरा टलने तक वहीं रहने की सलाह दी गई है।

सीआरपीएफ कोबरा यूनिट की पहली महिला आईजी बनीं संजुक्ता

नई दिल्ली। 2006 बैच की आईपीएस अधिकारी संजुक्ता पाराशर को सीआरपीएफ की कोबरा



यूनिट का आईजी नियुक्त किया गया। कोबरा का पूरा नाम कमांडो बटालियन फॉर रिजॉल्यूट एक्शन है। वह इस पद पर पहुंचने वाली पहली महिला अधिकारी हैं। सीआरपीएफ मुख्यालय ने पिछले हफ्ते उनकी नियुक्ति का आदेश जारी किया था। जानकारी आज सामने आई है। वह 1996 बैच के आईपीएस अधिकारी दानेश राणा की जगह लेंगी। संजुक्ता पाराशर असम-मेघालय कैडर की आईपीएस अधिकारी हैं।

दिल्ली एयरपोर्ट पर लगे 'स्पाइसजेट हाय हाय' के नारे, जमकर किया हंगामा

24 घंटे से ज्यादा लेट हो गईं स्पाइसजेट की दो फ्लाइट

फ्लाइट लेट, एयरपोर्ट पर धरने पर बैठे यात्री

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



दिल्ली एयरपोर्ट पर सोमवार को अजीब स्थिति हो गई। दुबई जाने वाली दो उड़ानों में 24 घंटे से भी ज्यादा की देरी की वजह से नाराज यात्री एयरपोर्ट पर धरना प्रदर्शन पर बैठ गए। प्रदर्शनकारी यात्री ' स्पाइसजेट चोर है ', 'स्पाइसजेट हाय हाय' के नारे लगाए। स्पाइसजेट के प्रवक्ता ने बताया कि संचालन में देरी की वजह से SG 5111 और SG 5105 की उड़ानों में देरी हुई। एक विमान को ग्राउंड किए जाने के बाद ऑपरेशनल कारणों से दोनों फ्लाइट्स में देरी हुई। प्रवक्ता ने कहा कि प्रभावित मुसाफिरों के लिए दूसरे विमानों का इंतजाम किया गया। असल में, SG 5111 फ्लाइट को सोमवार को सुबह 7.45 बजे उड़ान भरनी थी, लेकिन इसे मंगलवार सुबह 9 बजे के लिए री-शेड्यूल कर दिया गया। वहीं दूसरी फ्लाइट SG 5105 को मंगलवार को ही शाम 6.45 बजे के लिए री-शेड्यूल कर दिया गया। इंडिया टुडे ने सूत्रों के हवाले से बताया कि इसकी वजह से दोनों विमानों के यात्री सोमवार को एयरपोर्ट पर फंस गए और धरना प्रदर्शन करने लगे। यह स्थिति बनी रही। मंगलवार को भी यात्रियों को फ्लाइट को लेकर कोई सूचना नहीं थी।

स्पाइसजेट का कोई भी कर्मचारी मौजूद नहीं था

सूत्रों ने बताया कि काफी देर तक यात्रियों की समस्याओं को सुनने या उनका समाधान करने के लिए स्पाइसजेट का कोई भी कर्मचारी मौजूद नहीं था। बाद में, एयरपोर्ट के कर्मचारियों ने स्थिति संभाली, यात्रियों को खाना-पानी दिया और उनके आराम करने के लिए जगह का इंतजाम किया। एयरपोर्ट के वीडियो में नाराज यात्रियों को धरने पर बैठे और रहने की व्यवस्था की मांग करते हुए देखा गया। वे स्पाइसजेट कर्मचारियों की गैर-मौजूदगी पर सवाल उठा रहे थे। एक यात्री ने कहा, स्पाइसजेट के कर्मचारी हमसे बात करने के लिए सामने नहीं आ रहे हैं। एक और वीडियो में, स्थिति को कैमरे में कैद रहे एक यात्री की एयरपोर्ट के एक अधिकारी से बहस हो गई। बहस के दौरान अधिकारी आपा खो बैठे, जिससे यात्री और भी नाराज हो गए, जो पहले से ही लंबी परेशान थे।

'बाहर चले जाइए या रिफंड ले लीजिए'

वीडियो में अधिकारी को यह कहते हुए सुना गया, आप बाहर चले जाइए या रिफंड ले लीजिए। कोई भी फ्लाइट से नहीं जाएगा। कृपया यहां वीडियो रिकॉर्ड न करें। इसकी इजाजत नहीं है। आपको ऐसा करने का अधिकार नहीं है।

अधिकारी के बर्ताव पर भड़के यात्री : यात्री ने अधिकारी के बर्ताव पर सवाल उठाते हुए कहा, 'मैं आपकी बात सुन रहा था, लेकिन आप मुझ पर चिल्ला रहे हैं। यह बिल्कुल भी प्रोफेशनल्स रवैया नहीं है। हमारे सवालों का जवाब देने के लिए स्पाइसजेट का कोई कर्मचारी मौजूद नहीं है। हमने अपनी फ्लाइट्स के लिए बहुत पैसे खर्च किए हैं।'

ए राजा-सेकर बाबू समेत तीन पर पुलिस ने दर्ज किया केस

चेन्नई। तमिलनाडु की सियासत में मुख्यमंत्री सीएम विजय को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। हालिया पार्टी प्रदर्शनों के दौरान कथित तौर पर आपत्तिजनक और मानहानिकारक टिप्पणी करने के आरोप में डीएमके के वरिष्ठ नेताओं ए राजा और पीके सेकर बाबू समेत तीन नेताओं के खिलाफ पुलिस ने मामले दर्ज किए हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की। मामले में डीएमके के उप महासचिव ए राजा, पूर्व मंत्री पीके सेकर बाबू और पार्टी विधायक वसंतम कार्तिकेयन का नाम शामिल है। इन पर 12 सितंबर को कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में अलग-अलग थानों में मामले दर्ज किए गए हैं।

धार्मिक
डा. प्रकाश पतंगीवार



बालोद जिले के गुरुर में सोमवंशी नरेश के कार्यकाल में स्थापित गणेश मंदिर

बालोद जिले का ग्राम कोलिहामार विकासखंड गुरुर का उपनगर है। यहां तालाब किनारे स्थापित गणेश प्रतिमा 12 वीं शताब्दी की बताई जाती है। कन्हार देव ने कांकेर गढ़िया राजा को मारकर इसे राजधानी बना ली। प्रणाम बताते हैं कि यह प्रतिमा भी कांकेर नरेश के समय की है। सोमवंशी विष्णु, शिव और गणेश के उपासक थे। वे अपने राज में नायकों द्वारा मूर्तियों को खुदवा कर स्थापित कर देते या वृक्ष के नीचे रख देते थे। तालाब पार की प्रतिमा दीमकों की बाम्बी से निकली। ग्रामीणों



द्वारा लगातार पानी डालते रहने से मूर्ति का साक्षात्कार हुआ और उसे तालाब किनारे ही स्थापित कर दिया गया। अब तो तालाब का नाम भी गणेश तालाब पड़ गया है। अवधारणा है कि गणेश प्रतिमा तालाब के भीतर से निकाली गई। मंदिर परिसर में प्रतिमा के साथ साथ गरुड़ चक्र, अप्सरा की एक शिला पट्टी और शिला स्तम्भ पर राम सीता और लक्ष्मण साथ में हनुमान जी का अंकन भी 12 वीं शताब्दी का ही बताया जाता है। कार्तिक पूर्णिमा को यहां मेला भी लगता है।

लोकगीत
सरला शर्मा

छत्तीसगढ़ी लोकगीतों की भावभूमि



छत्तीसगढ़ी में कुछ विद्वानों ने लोरी को लोकगीतों से भिन्न गीत, परंपरा की विशेष विधा के रूप में चिन्हित किया है, तथापि इसमें दो राय नहीं कि लोक माताओं के कंठ से ममता भरा यह गीत विभिन्न अंचलों में सदियों से अनगढ़ गीत बनकर संतान की मंगल कामना के लिए गाया जाता रहा है, अतः लोरी को लोकगीतों में शामिल करना उचित है। संसार की पहली मां ने अपने संतान को मीठी नींद सुलाने के लिए, कौर खिलाने के लिए, उसकी मंगल कामना के लिए जो गुनगुनाया होगा, वही पहली लोरी गीत रही होगी, किन्तु लिखित इतिहास तो उपलब्ध नहीं है, वाचिक परंपरा का गीत है। छत्तीसगढ़ की एक प्रसिद्ध लोरी गीत -

धीरे बाने आबे निंदिया, हाथ बाजे झन गोड़।
सोवत बाढ़े मोर दुलरवा, देहे कान होवय पोठ।

लोकगीत लोक मानस का प्रतिबिम्ब है और लोकालय है समाज। फलस्वरूप समाज में आए आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक परिवर्तनों का प्रभाव लोकगीतों पर पड़ना स्वाभाविक है, किन्तु यह प्रभाव लय, प्रस्तुति और भाव संम्प्रेषण पर ही पड़ता है। माटी की गंध, श्रम बिंदु की अनुकूलता लोकगीतों में बरकरार रहती है। उत्सवधर्मिता लोकगीतों का मूल आधार है, सहयोगिता, सदभावना इसके दो स्तम्भ हैं।

लोक साहित्य
उर्मिला शुक्ल

छत्तीसगढ़ी की यथार्थ परक कविताएं



कार्ल मार्क्स की सामाजिक समानता ने सम्पूर्ण विश्व को प्रभावित किया। यह प्रभाव केवल राजनैतिक और सामाजिक स्तर पर ही नहीं पड़ा, विश्व साहित्य पर भी इसका प्रभाव पड़ा। हिन्दी साहित्य में प्रगतिवाद पूर्ण रूप से और शेष युग यथा -नई कविता इसे आंशिक रूप से आत्मसात करती है। सच तो यह है कि प्रगतिवादियों से लेकर आज तक साहित्य और यथार्थ का घनिष्ठ सम्बन्ध रहा है।

सच यह भी है कि मार्क्स का यह विभाजन बहुत प्रभावी भी रहा है। सारी दुनिया शोषक और शोषित में बंटी हुई है। सबसे बड़ी बात यह है कि शोषक और शोषितों की कोई जाति नहीं होती। इसलिए समयानुसार इसमें बदलाव आता गया है। उदाहरण स्वरुप सम्पूर्ण देश में शोषण का मुख्य आधार जातिगत है तो छत्तीसगढ़ में इसका आधार प्रदेशगत है। यहां पर बाहर से आकर बसने वालों को शोषक माना गया और उनके प्रति आक्रोश भी जाहिर हुआ

छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी विडंबना रही है कि यहां प्राकृतिक सम्पदा का अकूत भंडार है, फिर भी यहां के लोग गरीब कहलाने को अभिशप्त हैं। इसे रेखांकित करती हुई अनेक कविताएं हैं जो छत्तीसगढ़ियों की विरोधाभासी स्थिति का चित्रण करती है। इस पर चित्रित करता डा. पीसी लाल यादव की यह कविता -

हमर मुंह पैरा अउ तोर मुंह खैरा,
मुसुआत कब ले तै मसकबे बिलई।
तोर मोर दोगला हमला मिले नहीं फोकला,
मुखिया अव कहिके धमकस गुदा मलई।

लेखकों से..

छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक साहित्य, पर्यटन, तीज त्योहार, गांव की कहानी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, शैलचित्र, भित्तिचित्र, कला कृति और पुरखा के सुरता के साथ ही सम सामयिक विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों पर लेख भेजें- **Choupalharibhoomi@gmail.com**

राजधानी रतनपुर के काल में गणेश बंगला

ऐतिहासिक
डा. टी. आर. रामटेके



प्राचीन छत्तीसगढ़ में जब राजधानी रतनपुर रहा, उस समय कलचुरी शासक रत्नदेव ने गजकिला का निर्माण किया था। यह उत्तर दक्षिण दिशा में लगभग 1000 मी. लम्बा पूर्व पश्चिम लगभग 700 मी. चौड़ा में बैठे हुए हाथी सदृश्य दिखाई देता है, इसलिए इस किला को गज किला कहते हैं। किले की परिखां, प्राकार, प्रवेश द्वार का स्थापत्य कला प्रशंसनीय है। रनिवास में प्रवेश द्वार, खिड़कियां व रोशनदान उचित स्थान पर निर्मित है। प्रथम तल के कक्ष के गलियारे की छत निर्माण में काष्ठ स्तम्भों का प्रयोग किया गया है। दीवार के शीर्ष स्थान में अर्धवृत्ताकार कंगूरे निर्मित हैं। उक्त भवन की एक दीवार में वृताकार रोशनदान है, जिसके चारों ओर ज्यामितीय अलंकरण चक्र आकार में निर्मित है।

यहां से कुछ दूरी पर दक्षिण दिशा में संगीत भवन निर्मित है। इस भवन के उत्तरी दिशा में प्रवेश द्वार है, जिसके दोनों ओर खिड़कियां हैं। भवन के निर्माण में इंटों का प्रयोग चूना मसाला के साथ किया गया है। प्रथम तल के कक्ष के बाहर की ओर 3 खुले द्वार हैं। इससे लगा हुआ संगीत कक्ष है, जिसमें कलाकार संगीत साधना करते थे। संगीत भवन की छत काष्ठ स्तम्भ व लकड़ी से निर्मित है, जिसके ऊपर ईट व चूना मसाला का प्रयोग किया गया है, संगीत भवन को गणेश बंगला भी कहा जाता है।



परंपरा : राजेंद्र कुमार

छत्तीसगढ़ के लोक पर्व पर मातृ पूजन



छत्तीसगढ़ में गिरी कन्या उमा की माता मैना के नाम पर मातृ पूजन की परंपरा आज भी विद्यमान है-

भू जल पवनि अगासीन माई,
मयना वन वाराही सुहाई।
सुमरि सुमरि मैं तुमहिं मनावों,
जनम जनम शिव जी पति पावों।।

अंचल में बेटियों के ममता संरक्षण और पोषण की भावना से समृद्ध यह परंपरा खेतों के विकसित धान को भी दिव्य पुत्री और मां अन्नपूर्णा स्वरुप मान कर गर्भावली पूजन तथा चीला चढ़ाने के रूप में मनाया जाता है। पोला पर्व की पूर्व रात्रि को बैगा सिरहा, सियान व किसानों द्वारा घूम घूम कर समस्त ग्राम देवी देवताओं के पूजा अनुष्ठान और फसल संरक्षण तथा समृद्धि की कामना सहित गर्भावली या गरब पूजा नाम से मनाया जाता है। इस समय रविवार के दिन कृषक गण अपने हरे भरे गभऊत लिए धान के खेतों में गुरहा चीला और रोठ चढ़ाते हैं। इसी क्रम में सधौरी पूजन, गौ माता पूजन, छेवारी पूजन, माता परमेश्वरी, माता भुवनेश्वरी पूजन और छठी माई पूजन करते हैं।

सुरता
विजय कुमार कश्यप

देश भक्ति का जूनून रहा शहीद बलराम सिंह में



धमतरी जिले के मगरलोड विकास खंड अंतर्गत भेंडरी नामक गांव के किसान परिवार शहीद बलराम सिंह ध्रुव का जन्म हुआ। स्कूली जीवन से मेघावी रहे इस छात्र की एन. सी. सी., खेलकूद के अलावा साहित्यिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में गहरी रूचि थी।

लोक नाट्य मंडलियो में सैनिक के रूप में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते थे। 22 वर्ष की उम्र में कालेज की पढ़ाई छोड़ सेना में भर्ती हो गए। 26 मार्च 2003 को जम्मू कश्मीर के डोडा ग्राम में 15 बटालियन की टुकड़ी सर्च एंड डिस्ट्रॉय मिशन के तहत आतंकवादियों की तलाश में निकली थी। इस दौरान आतंकवादी पर बलराम की नजर पड़ी, तो उन्होंने एक आतंकवादी को ढेर कर दिया, अन्य आतंकवादी घर में छुप कर गोलीबारी करने लगे। इस बीच बलराम के सीने और कंधे पर तीन गोली लगने के बाद भी साहस से लड़ते रहे। इधर बलराम के नौजवान साथी अन्य दो आतंकवादियों को खत्म कर दिए। जख्मी बलराम सिंह कुछ समय पश्चात वीर गति को प्राप्त हो गए। 25 वर्षीय इस वीर नौजवान की बहादुरी और शहादत सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए गौरव की बात है। तथा युवाओं में देश भक्ति की भावना जागृत करने के लिए प्रेरणा है। इस वीर सपूत की स्मृति में शासकीय हाई स्कूल का नाम शहीद बलराम सिंह ध्रुव के नाम पर रखा गया है, तथा सेना दिवस के अवसर पर मरणोपरांत 15 जनवरी सन 2005 को वीरता के लिए सैनिक मैडल से सम्मानित किया गया।

गांव की कहानी: डा. राघवेंद्र कुमार ' राज '

फरसे के उपयोग के कारण गांव का नाम फरसगांव



छत्तीसगढ़ की पवित्र भूमि भक्तिभावों की दिव्य भूमि रही है।वन्यप्रांतरों व कलकल निनाद करती सरिताओं, पर्वत श्रृंखलाओं के मध्य बसा छत्तीसगढ़ अपने अंतस्थल में अनेक पौराणिक गाथाओं व लीलाओं को संजोए रखा है। इसलिए छत्तीसगढ़ की सनातनी गौरवशाली विरासत की कोई शानी नहीं है। यहां गांवों के नामकरण के पीछे भी कहानियां जुड़ी हुई हैं। तभी तो कवि-वाणी गूंज उठती है।-

बड़ी अजीब है इस गांव की कहानी।
चरण धोता है जिनके ये आंखों का पानी।
दुनिया अनजान है जिनके दास्तां से.....
वहीं शौर्यगाथा गणेश की कहती ये मुंहजबानी।

पौराणिक गाथाओं के अनुसार कैलाश पर्वत पर और स्थानीय व क्षेत्रीय मान्यताओं के अनुसार छत्तीसगढ़ के



दंतेवाड़ा जिले से 13 किमी दूर बैलाडीला पहाड़ियों पर परशुराम और भगवान गणेश जी के मध्य घमासान युद्ध हुआ। परशुराम जी के द्वारा शिवजी के दिव्य शस्त्र फरसे से वार किया गया। इस शस्त्र के वार को पिता शिवजी के मान रखने हेतु गणेश जी ने अपने दांत को ढाल बनाया। इसलिए उन्हें एक दांत खोना पड़ा और वे एकदंत कहलाए। इस फरसे के प्रयोग के कारण ही पर्वत की तराइयों में बसा गांव का नाम फरसपाल पड़ा। पौराणिक कथा कहती है कि- परशुराम अपने आराध्य देव महादेव जी के दर्शन करने कैलाश पर्वत पहुंचे थे। गणेश जी द्वारा रोके गये। परशुराम को अपमानित व तिरस्कृत होने की अनुभूति हुई और उन्होंने युद्ध का आह्वान किया।

ऐतिहासिक दृष्टि से 11वीं शताब्दी के दौरान छिंदक नागवंशों के राजाओं ने 3 हजार ऊंची पहाड़ियों पर ढोलकल गणेश जी की स्थापना की। यहां का इतिहास हजार साल पुरानी है। यहां की ऐतिहासिक प्रतिमाएं सदियों तक छिपी रहीं। जो पुनः 2012 में अस्तित्व में आयी। ऐसा कहा जाता है कि -सर्व प्रथम पूजन-अर्चन भोगा जनजाति आदिवासी महिलाओं ने की। आज भी इस महिला के वंशज पूजा पाठ करते हैं।फरसपाल गांव की कहानी यही कहती है कि- दुनिया को युद्ध की नहीं बल्कि प्रेम और शांतिमय संगीत की ज़रूरत है।संगीताकृति ढोलकल गणेश जी का संसारवासियों के लिए यही संदेश है। अंत में -

उमस भरी ज़िन्दगी में
एक प्रेम की हसीन बरसात ज़रूरी है।
नफ़रतों के बीच ही सही पर एक
मुलाकात ज़रूरी है।

14 साल से इंडस्ट्री में फिर भी अपना घर नहीं

मुंबई को सपनों का शहर कहा जाता है। खासकर फिल्म और टेलीविजन इंडस्ट्री से जुड़े लोगों के लिए यह शहर सफलता और चमक-दमक का प्रतीक माना जाता है। सोशल मीडिया पर भी अक्सर कलाकार अपने खूबसूरत घरों, आलीशान इंटीरियर और लग्जरी लाइफस्टाइल की तस्वीरें साझा करते रहते हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

टीवी अभिनेत्री आंचल खुराना ने हाल ही में अपने घर का जो वीडियो दिखाया, वह इस चमकती तस्वीर से बिल्कुल अलग है। 'एमटीवी रोडीज 8' की विजेता रह चुकीं आंचल ने अपने मुंबई वाले 1 बीएचके किराए के फ्लैट का ऐसा टूर कराया, जिसमें उन्होंने बिना किसी बनावट के अपनी रोजमर्रा की जिंदगी की झलक दिखाई। आंचल ने अपने व्लॉग में बताया कि मुंबई में जिस 1 बीएचके फ्लैट में वह रहती हैं, उसका मासिक किराया करीब 70 हजार रुपए है। खास बात यह है कि इतने किराए के बावजूद घर के आसपास कोई शानदार गार्डन, स्विमिंग पूल या समुद्र का खूबसूरत नजारा नहीं है। उनके फ्लैट की खिड़कियों से दूर तक फैली चॉल और झुग्गी बस्ती दिखाई देती है। आंचल ने इस स्थिति को लेकर कोई शिकायत करने के बजाय इसे मजाकिया अंदाज में पेश किया। उन्होंने कहा कि मुंबई में घर खरीदना उनके लिए अभी भी बहुत दूर की बात है। अभिनेत्री ने यहां तक मजाक किया कि जिस तरह से महंगाई बढ़ रही है और इंडस्ट्री की स्थिति है, उन्हें अपना घर खरीदने में 400-500 साल लग सकते हैं। उन्होंने साफ कहा कि यह कोई लग्जरी या बेहद खूबसूरत घर नहीं है, बल्कि किराए का एक साधारण फ्लैट है, जिसके लिए उन्हें हर महीने 70 हजार रुपये चुकाने पड़ते हैं। व्लॉग की शुरुआत में आंचल ने अपने घर की छोटी सी रसोई दिखाई। उन्होंने बताया कि सीमित जगह होने की वजह से उन्हें इसी हिस्से में वॉशिंग मशीन भी रखनी पड़ती है। इसके बाद उन्होंने कैमरा खिड़की की ओर घुमाया और बाहर का नजारा दिखाया। जहां आमतौर पर सेलिब्रिटी होम टूर में खूबसूरत



स्काईलाइन, समुद्र या आलीशान इमारतें दिखाई जाती हैं, वहीं आंचल के घर की खिड़की के सामने बड़ी झुग्गी बस्ती नजर आती है। अभिनेत्री ने इसे लेकर कहा कि इतने बजट में मुंबई में फिलहाल उन्हें यही मिलता है और वह इसी के साथ अपनी जिंदगी जी रही हैं। आंचल के घर का एक दिलचस्प हिस्सा उनकी अलमारियां हैं।

एक हफ्ते के अंतर में रिलीज होंगी किंग और एवेंजर्स डूम्सडे

मुंबई। शाहरुख खान इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'किंग' को लेकर सुर्खियों में हैं, जो इस साल के आखिरी में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। दरअसल, दिसंबर में ही 'एवेंजर्सः डूम्सडे' और 'ड्यून 3' जैसी बड़ी हॉलीवुड फिल्में रिलीज हो रही हैं। ऐसे में ऐसी अफवाहें तेज हो चलीं कि इन बड़ी फिल्मों से टकराव रोकने के लिए 'किंग' को पोस्टपोन किया जा सकता है। लेकिन, अब शाहरुख खान ने कन्फर्म कर दिया है कि 'किंग' तय डेट पर ही रिलीज होगी। सुपरस्टार ने कन्फर्म किया कि 'किंग' को पोस्टपोन नहीं किया जाएगा, भले ही दिसंबर 2026 में कई बड़ी फिल्में रिलीज होने वाली हैं। फिल्म आने में अभी 100 दिन बाकी हैं ना... 24 दिसंबर, ब्रो।'





हॉलीवुड मसाला



टॉम-जेंडाया ने अभी नहीं की है शादी

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड के चर्चित कपल टॉम हॉलैंड और जेंडाया की शादी को लेकर उनके स्टाइलिस्ट ने नया खुलासा किया है। दावा किया है कि दोनों ने अभी आधिकारिक तौर पर शादी नहीं की है। टॉम हॉलैंड और जेंडाया की शादी की मिस्ट्री में एक नया ट्विस्ट आया है। महीनों से यह अटकलें लगाई जा रही थीं कि स्पाइडर-मैन स्टार्स ने गुपचुप तरीके से शादी कर ली है। मगर, जेंडाया के स्टाइलिस्ट और करीबी दोस्त लॉ रोच का कहना है कि कपल अभी आधिकारिक रूप से शादीशुदा नहीं है।



बेबी शावर सेरेमनी में निभाईं रस्में

मुंबई। साउथ सिनेमा की सुपरस्टार एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु और उनके पति राज निदिमोरु जल्द ही माता-पिता बनने वाले हैं। इस बीच पहली बार मां बनने जा रही एक्ट्रेस का बेबी शावर हुआ है। सामंथा ने परंपरिक 'सीमंतम' सेरेमनी के फोटोज-वीडियोज सोशल मीडिया पर शेयर किए हैं, जिसमें पारंपरिक अंदाज, रस्म और मंत्रों की गूंज ने फैंस का दिल जीत लिया है। इसमें पति राज भी सामंथा पर प्यार लुटाते हुए दिख रहे हैं। सामंथा ने बताया है कि बेबी शावर सेरेमनी के दौरान निभाई गई श्रीविद्या परंपरा के खास रस्म ने उन्हें भावुक कर दिया। तस्वीरों और वीडियो में एक्ट्रेस फूलों से सजी, एक खुली जगह पर बैठी नजर आईं। पुजारियों की मौजूदगी में श्रीविद्या परंपरा की रस्म अदायगी हुई। यह रस्म तमिल और तेलुगू परंपराओं का हिस्सा है, जिसमें गर्भवती महिलाओं को आशीर्वाद दिया जाता है।



नए लुक में गणेश चतुर्थी पूजा में पहुंचे...

नई दिल्ली। अभिनेता सलमान खान नीता अंबानी और मुकेश अंबानी की गणेश चतुर्थी पूजा में नए लुक में शामिल होकर हर किसी का ध्यान खींच लिया। 14 सितंबर को मुकेश अंबानी के घर पर गणेश चतुर्थी पूजा का आयोजन किया गया था, जहां कटरीना कैफ, विक्की कौशल, कियारा आडवाणी, सिद्धार्थ मल्होत्रा, रणबीर कपूर, आलिया भट्ट, करीना कपूर खान और कृति सेनन समेत बॉलीवुड के तमाम सेलेब्स पहुंचे थे। इस गणेश पूजा में सलमान खान ने भी शिरकत की। उन्होंने स्वैग मारते हुए सिंपल लुक में एंट्री की और देखते ही देखते उनका लुक छा गया। उन्होंने वॉन्टेड लुक में एंट्री मारी। उन्होंने अपने बालों को स्कार्फ से कवर किया। लाइट ब्लू स्ट्रिप शर्ट और डेनिम जींस में एक्टर हैंडसम लग रहे हैं। सलमान खान का नया लुक देखकर लोग उनकी तारीफों के पुल बांध रहे हैं।



छह साल बाद किया परफॉर्म मंच पर हुईं भावुक ...

पेरिस। सिंगर सेलीन डायोन ने संगीत के मंच पर भावुक वापसी कर ली है। हाल ही में पेरिस में आयोजित शो में उन्होंने फैंस को शुक्रिया कहा। इसके साथ ही सेलीन शो के दौरान काफी खुश नजर आईं।सिंगर सेलीन डायोन ने गंभीर बीमारी से लड़ने के बाद स्टेज पर वापसी कर ली है। वह कई साल बाद पेरिस में शो के दौरान फैंस के लिए भावुक बाते कीं। सिंगर सेलीन डायोन ने हाल ही में पैरिस में कई साल बाद अपना शो किया। इस दौरान वह काफी भावुक दिखाई दीं। उन्होंने कहा, 'मैंने एक वादा किया था। मंच पर वापस आने काऔर मैं यहां हूं। मैं आप सबको देखकर काफी खुश हूं। मैंने आप सभी को बहुत याद किया। मैं जो भी हूं आप सबके प्यार की वजह से हूं।'इस दौरान सिंगर के चेहरे पर खुशी के आंसू देखने मिले। 58 वर्षीय डायोन ने पेरिस के ला डिफेंस एरिना में अपनी आवाज का जादू बिखेरा।

टीवी मसाला



आसिफ और यंग समेत चार घर वालों पर साजिश के आरोप

नई दिल्ली। चर्चित रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' की बात हो और इसमें विवाद न हो, ऐसा नहीं हो सकता। शो के हालिया एपिसोड में 'बिग बॉस' ने यंग डीएसए, रोहेद खान, आसिफ खान और स्काउट पर साथी कंटेस्टेंट्स को शो से बाहर करने की साजिश रचने का आरोप लगाया। इसके चलते उन्हें सीधे नॉमिनेट कर दिया गया है। 'बिग बॉस 20' में एक नया ट्विस्ट देखा गया। बिग बॉस ने घर के अंदर यंग डीएसए, रोहेद खान, आसिफ खान और स्काउट पर घर के दूसरे सदस्यों को बाहर निकालने की योजना बनाने का आरोप लगाया। कप्तान होने के कारण यंग तो सजा से बच गए, लेकिन नियमों के कथित उल्लंघन के कारण रोहेद, आसिफ और स्काउट को सीधे एलिमिनेशन के लिए नॉमिनेट कर दिया गया। बता दें कि एपिसोड की शुरुआत नॉमिनेशन प्रक्रिया से हुई, जिससे घर के अंदर कई समीकरण सामने आए। प्रतिभागियों से उन साथी सदस्यों के नाम बताने को कहा गया, जिन्हें वे घर से बाहर होते देखना चाहते थे। इसके चलते तीखी बहस हुई और कई नाम सामने आए। आम्रपाली, अरिशफा, माही, आसिफ, अमन, उदिति, गुल्लू और स्काउट जैसे कई सदस्य नॉमिनेशन से जुड़ी चर्चाओं के केंद्र में रहे। एलिमिनेशन नॉमिनेशन में आम्रपाली, ईशा, आसिफ और लव जैसे नामों का भी जिक्र किया गया। मगर, एपिसोड खत्म होते-होते एक नया ट्विस्ट आया, जिसने सभी को चौंका दिया। बिग बॉस ने यंग, रोहेद, आसिफ और स्काउट पर अन्य घरवालों को घर से बाहर भेजने की कथित साजिश रचने का आरोप लगाया।

मैं काम से रिटायर नहीं हो रहा हूं : बिग बी

नई दिल्ली। अमिताभ बच्चन 83 उम्र के हैं, लेकिन इस उम्र में भी वह काम को लेकर काफी एक्टिव रहते हैं। वह लंबे घंटे तक काम करते हैं और सोशल मीडिया पर भी एक्टिव रहते हैं और अपनी लाइफ और काम को लेकर एक्स और ब्लॉग के जरिए फैंस को अपडेट देते रहते हैं। अब हाल ही में बिग बी ने एक पोस्ट किया जिसके बाद ये अफवाह आने लगी कि बिग बी रिटायरमेंट ले सकते हैं। अब बिग बी का इस पर रिएक्शन आया है। बिग बी ने अपने ब्लॉग में क्लीयर किया कि वह रिटायरमेंट नहीं ले रहे हैं और उनके रिटायर फॉर द डे का मतलब ये नहीं था कि वह रिटायर ले रहे हैं बल्कि उनका मतलब है कि वह दिन के काम से रिटायर होकर सो रहे हैं। इसके अलावा बिग बी ने उन कुछ मीडिया वेबसाइट और सोशल मीडिया पेज की आलोचना की जिन्होंने उनके रिटायरमेंट की खबर लिखी। बिग बी ने आगे लिखा, 'जी नहीं हुजूर, मैं काम से रिटायर नहीं हो रहा हूं। अंग्रेजी में इसका मतलब होता है मैं अब सोने जा रहा हूं और वहां मान्यवर आपको आने का निमंत्रण नहीं है।'



राधिका का अनोखा गणपति लुक भरतनाट्यम से जमाया रंग

मुंबई। मुंबई में अंबानी परिवार का गणपति उत्सव हर साल अपनी भव्यता के लिए चर्चा में रहता है। इस बार भी अंटीलिया में गणपति बप्पा के स्वागत के लिए खास आयोजन किया गया, जिसमें परिवार के सदस्यों के साथ बॉलीवुड की कई बड़ी हस्तियां भी शामिल हुईं। हालांकि, इस पूरे समारोह में राधिका मर्चेंट का अंदाज कुछ अलग रहा। उन्होंने सिर्फ अपने आउटफिट से ही ध्यान नहीं खींचा, बल्कि भरतनाट्यम प्रस्तुति के जरिए भारतीय संस्कृति और फैशन के खूबसूरत मेल को भी सामने रखा। राधिका मर्चेंट प्रशिक्षित भरतनाट्यम डांसर हैं और गणेश चतुर्थी के इस शुभ अवसर पर उन्होंने अंटीलिया में खास प्रस्तुति दी। इस परफॉर्मेंस के लिए उनका पहनावा भी साधारण नहीं था। उनके लिए खास तौर पर तैयार किया गया आउटफिट भारतीय पारंपरिक टेक्सटाइल की खूबसूरती और क्लासिकल डांस की जरूरतों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया था। यही वजह रही कि उनका लुक सिर्फ देखने में खूबसूरत नहीं लगा, बल्कि उनकी डांस परफॉर्मेंस के साथ भी पूरी तरह जुड़ा हुआ नजर आया।



एमी अवॉर्ड्स: मैथ्यू बने बेस्ट लीड एक्टर, जीन स्मार्ट ने रचा इतिहास

लॉस एंजिल्स। 78वें प्राइमटाइम एमी अवॉर्ड्स 2026 के मुख्य विजेताओं का ऐलान हो चुका है। बता दें कि इससे एक सप्ताह पहले तकनीकी और सहायक श्रेणियों के लिए क्रिएटिव आर्ट्स एमी अवॉर्ड्स प्रदान किए गए थे। अब मुख्य विनर्स की लिस्ट भी सामने आ चुकी है। हॉरर-कॉमेडी विडोज बे, हैक्स और द पिट के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला है।

मैथ्यू राइस ने झटके दो अवॉर्ड, बनाया रिकॉर्ड : अवॉर्ड सेरेमनी में मैथ्यू ने एक रिकॉर्ड कायम किया है। मैथ्यू ने एक नहीं, बल्कि दो अवॉर्ड जीते। इसी के साथ मैथ्यू राइस ने एक ही रात में दो 'लीड एक्टर' अवॉर्ड जीतकर एमी अवॉर्ड्स के इतिहास में एक नया रिकॉर्ड बनाया है। वे इस सेरेमनी के इतिहास में ऐसा करने वाले पहले एक्टर बन गए हैं। सोमवार को हुई सेरेमनी में मैथ्यू ने पहले नेटफ्लिक्स की 'द बीस्ट इन मी' में अपने काम के लिए 'लीड एक्टर (लिमिटेड)' का अवॉर्ड जीता। इसके बाद उन्होंने 'विडोज बे' के लिए 'लीड कॉमेडी एक्टर' का अवॉर्ड अपने नाम किया।

जीन स्मार्ट ने रचा इतिहास : अभिनेत्री जीन स्मार्ट को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का एमी पुरस्कार मिला है। उन्हें 'हैक्स' के लिए यह प्रदान किया गया है। यह उनका लगातार पांचवी बार 'लीड एक्ट्रेस' का अवॉर्ड है। वह ऐसी पहली कलाकार हैं, जिन्होंने किसी सीरीज के पूरे रन के हर सीजन के लिए एक्टिंग एमी जीता हो। इसी के साथ जीन ने इतिहास रच दिया है। यह उनके करियर का आठवां एमी पुरस्कार है।



नोह वाइल, रिया सीहोर्न ने भी झटकी ट्रॉफी : एमी पुरस्कार पर नोह वाइल का भी कब्जा रहा। नोह ने 'द पिट' के लिए ड्रामा सीरीज में लीड एक्टर का अवॉर्ड जीता। इसके अलावा रिया सीहोर्न ने प्लूरिबस के लिए ड्रामा सीरीज में मुख्य अभिनेत्री का पुरस्कार जीता है। वहीं, लिंडा कार्डेलिनी और डेविड हार्बर ने डीटीएफ सेंट लुइस के लिए सपोर्टिंग एक्टिंग अवॉर्ड जीते हैं।

मुख्य अवॉर्ड सेरेमनी के विजेताओं की लिस्ट कुछ इस तरह है

ड्रामा श्रेणी के विजेता : लीड एक्टर के तौर पर नोह वाइल ने 'द पिट' के लिए पुरस्कार जीता

मुख्य अभिनेत्री के लिए रिया सीहोर्न ने 'प्लूरिबस' के लिए अवॉर्ड

सपोर्टिंग एक्ट्रेस का अवॉर्ड एलिसन जैनी ने 'द डिप्लोमैट' के लिए जीता

गेस्ट एक्टर का अवॉर्ड अर्नेस्ट हार्डन जूनियर ने 'द पिट' के लिए जीता

गेस्ट एक्टर का अवॉर्ड अर्नेस्ट हार्डन जूनियर ने 'द पिट' के लिए जीता

गेस्ट एक्ट्रेस शैलीन वुडली को 'पैराडाइज' के लिए पुरस्कार मिला

कॉमेडी सीरीज श्रेणी के विजेता : 'हैक्स' के लिए लीड एक्ट्रेस के तौर पर जीन स्मार्ट

'विडोज बे' के लिए सपोर्टिंग अभिनेता स्टीफन रूट

'विडोज बे' के लिए सपोर्टिंग एक्ट्रेस बनीं केट ओ'फ्लिन

गेस्ट एक्टर का अवॉर्ड रॉब रेनर को 'द बेयर' के लिए मिला।

गेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड बेट्टी गिलपिन को 'विडोज बे' के लिए मिला

इस सप्ताह लगेगा क्राइम-सस्पेंस और रोमांस का तड़का

ओटीटी पर दस्तक देंगी ये दिलचस्प फिल्में और सीरीज

नई दिल्ली। नया वीक शुरू हो गया है। मनोरंजन के शौकीनों को नई फिल्मों और सीरीज का इंतजार होगा। सिनेमाघरों में छह हफ्ते बाद भी हनुमान अंश छाई हुई है। मिर्जापुर' भी बॉक्स ऑफिस की गद्दी पर काबिज है। दायरा और वाइब जैसी फिल्में इस नए वीक में दस्तक देंगी। इस बीच ओटीटी पर भी माहौल जबर्दस्त रहने वाला है। क्राइम, सस्पेंस थ्रिलर से लेकर रोमांटिक सीरीज और फिल्में इस वीक में रिलीज होंगी।

लस्ट स्टोरीज सीजन 3

इस सप्ताह सबसे ज्यादा चर्चा इसी सीरीज को लेकर हो रही है। चर्चित सीरीज 'लस्ट स्टोरीज' का तीसरा सीजन आएगा। इस बार आधुनिक रिश्तों, ख्वाहिशों और इमोशंस की थीम पर बनी ये सीरीज दर्शकों का कितना ध्यान आकर्षित करती है, देखना दिलचस्प होगा। राधिका आप्टे, कोंकणा सेन शर्मा, अदिति राव हैदरी, विजय वर्मा, राधिका मदान, अली फजल और सिद्धार्थ अभिनीत यह सीरीज 18 सितंबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। इसे विक्रमादित्य मोटवाने, किरण राव, शकुन बत्रा और विशाल भारद्वाज ने निर्देशित किया है।

थुडक्कम

मलयालम एक्शन थ्रिलर फिल्म 'थुडक्कम' भी इस सप्ताह दस्तक देगी। बता दें कि जूड एंथनी जोसेफ निर्देशित यह फिल्म 07 अगस्त को बड़े पर्दे पर रिलीज हुई थी। इसे काफी पसंद किया गया। अब यह फिल्म 18 सितंबर को जियो हॉटस्टार पर रिलीज होने जा रही है। आशीष जो एंटनी और मोहनलाल अभिनीत फिल्म ने सिनेमाघरों में अच्छा परफॉर्म किया था। आशीष इसमें खलनायक की भूमिका में हैं।



द स्कैंडल

साउथ कोरियन पीरियड रोमांस ड्रामा सीरीज 'द स्कैंडल' भी इस बार की लिस्ट में शामिल है। इसे ली सेउंग-यंग और आन हे-सोंग ने लिखा है। जंग जी-वू ने डायरेक्ट किया है। इसकी कहानी कोरिया के जोसोन राजवंश के समय पर आधारित है और यह उन लोगों की कहानी है जो समाज के सख्त नियमों को तोड़कर प्यार और आकर्षण के एक खतरनाक खेल में शामिल हो जाते हैं। दर्शक इसे 18 सितंबर से नेटफ्लिक्स पर देख सकेंगे। इसमें सोन ये-जिन और जी चांग-वूक अहम भूमिकाओं में हैं।

मोबलैंड सीजन 2



ब्रिटिश क्राइम ड्रामा सीरीज का दूसरा सीजन इस वीक रिलीज होगा। 10 एपिसोड वाली मोबलैंड सीजन 2 सीरीज 18 सितंबर से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। यह एक बड़े माफिया परिवार और उनके बीच सत्ता के संघर्ष की कहानी पर आधारित है।

इरुमुडी

रवि तेजा की यह फिल्म भी इस सप्ताह डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आएगी। यह एक्शन-ड्रामा फिल्म 21 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब 18 सितंबर से यह नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

मैंगो पच्चा

अगर क्राइम ड्रामा फिल्मों में दिलचस्पी है तो इस वीक 'मैंगो पच्चा' आप देख सकते हैं। यह फिल्म इस साल जून में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब 14 सितंबर से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रही है। यह कन्नड़ क्राइम थ्रिलर फिल्म है। इसके जरिए संचित संजीव ने डेब्यू किया है, जो कि किच्चा सुदीप के भतीजे हैं।

कट्टलन

यह मलयालम भाषा की एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जो इस साल मई में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस वीक यह हिंदी भाषा में ओटीटी पर रिलीज हो रही है। रोमांच से भरपूर यह एक्शन ड्रामा फिल्म सोनी लिव पर 18 सितंबर से स्ट्रीम होगी। फिल्म में एंटनी वर्गीस, सुनील, और कबीर दूहन सिंह मुख्य भूमिकाओं में हैं।

खबर संक्षेप

बंदरों को भगाने के दौरान करंट से किशोर की मौत

राजनांदगांव। घर के छत में आज दोपहर बंदरों का झुण्ड आ गया, उसे भगाने के प्रास में एक 16 वर्षीय किशोर की करंट के चपेट में आने से मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। इस दुखद घटना से गांव में शोक का वातावरण निर्मित है। छुरिया क्षेत्र के रीयाटोला में अपने घर के छत पर बंदरों के झुण्ड को भगाने के लिए गया बालक प्रीतम दास 16 वर्ष गया हुआ था, इस दौरान बंदर ने सर्विस वायर को तोड़ दिया। तार के टूटने से उक्त बालक करंट की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

बाइक पेड़ से टकराई चालक की गई जान

कांकेर। ग्राम चिलपरस के काकननाला के पास तेज रफ्तार मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क किनारे आम के पेड़ से जा टकराई। हादसे में चालक 21 वर्षीय तामेश्वर मंडावी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पीछे बैठे कुबेर मरकाम घायल हो गए। घटना 6 सितंबर की रात करीब साढ़े 10 बजे की है। पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

पशु चिकित्सक पर 6 हजार मांगने का आरोप

सुकमा। मृत मवेशियों के पोस्टमार्टम तथा दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने के एवज में पशु चिकित्सक द्वारा ग्रामीण से कथित तौर पर 6 हजार की मांग किए जाने का मामला सामने आया है। मामले से संबंधित वीडियो वायरल होने के बाद पशु चिकित्सा सेवा विभाग ने इसे गंभीरता से लेते हुए संबंधित चिकित्सक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। मामला पशु चिकित्सालय सुकमा में पदस्थ पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ से जुड़ा बताया गया है।

नवरंगपुर तथा मलकानगिरी के 8 आरोपी गिरफ्तार

तीन दिन में तीन ऑपरेशन : 79 किलो मादक पदार्थ व 1.47 किलो पैंगोलिन स्केल जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

अंतर्राज्यीय नारकोटिक्स और वन्य जीव तस्करी के संभावित नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई हुई है। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व, डायरेक्टर आफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस, मलकानगिरी वन प्रभाग एवं सुकमा वन प्रभाग की संयुक्त टीम ने तीन दिनों में अलग-अलग तीन ऑपरेशन चलाकर 79 किलो संदिग्ध नारकोटिक्स पदार्थ और 1.47 किलो पैंगोलिन स्केल जब्त किए हैं। कार्रवाई में कुल 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पहली कार्रवाई 10 सितम्बर 2026 को की गई। यूएसटीआर की बोराई वन जांच चौकी टीम ने सीतानदी रेंज के कोर एरिया में ओडिशा के नवरंगपुर की ओर से अनाधिकृत रूप से प्रवेश कर रही एक मोटरसाइकिल को रोकने की कोशिश की। इसके बाद बिरनासिल्ली वन जांच चौकी पर की गई रणनीतिक नाकाबंदी के दौरान एक बैग बरामद हुआ जिसमें 31 किलो संदिग्ध नारकोटिक्स पदार्थ, वनोपज और एक मोबाइल मिला। जब्त सामग्री को आगे की जांच और एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई के लिए धमतरी पुलिस को सौंपा गया है। हालांकि मोटरसाइकिल सवार दोनों संदिग्ध मौके से फरार हो गए।







मलकानगिरी में पैंगोलिन स्केल बरामद

नवरंगपुर कार्रवाई में मिले सुरागों के आधार पर यूएसटीआर ने मलकानगिरी वन प्रभाग, सुकमा वन प्रभाग के साथ समन्वय कर मलकानगिरी जिले के गोविंदपल्ली क्षेत्र में कार्रवाई की। यहां तीन लोगों को हिरासत में लेकर 1.47 किलो पैंगोलिन स्केल, तीन मोटरसाइकिल और पांच मोबाइल जब्त किए गए हैं। पूछताछ और जांच के बाद पैंगोलिन तस्करी में कथित रूप से शामिल तीन अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है जिसमें मलकानगिरी के रामाकृष्ण गडबा 35 वर्ष, पूर्णा भूमिया 30 वर्ष, इश्वर भूमिया 24 वर्ष, कुमा बिसोई 31 वर्ष तथा कोराकुट जिले के सुशांत खिल्ला लक्ष्मण सिलपडिया के खिलाफ वन्य जीव अपराध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

यूएसटीआर से नहीं होगी तस्करी : वरूण

यूएसटीआर के उपनिदेशक वरूण जैन ने बताया कि कोर एरिया में नारकोटिक्स आवाजाही की रोकथाम, नवरंगपुर से नारकोटिक्स की बड़ी जब्ती तथा मलकानगिरी में पैंगोलिन स्केल की बरामदी का घटनाक्रम ऐसे संभावित अंतर्राज्यीय संगठित अपराध नेटवर्क की संभावना की ओर संकेत करता है जिसमें नारकोटिक्स एवं वन्य जीव तस्करी के चैनल आपस में जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा है कि वन्य जीव कॉरिडोर एवं वन मार्गों को वन्य जीव एवं नारकोटिक्स तस्करी के ट्रांजिट रूट के रूप में उपयोग नहीं होने दिया जाएगा।

कुलपति ने एसजीजीयू के प्रभारी कुलसचिव को बताया 'अयोग्य'



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.राजेन्द्र लाकपाले ने कुलाधिपति राज्यपाल को पत्र लिखकर प्रभारी कुलसचिव प्रो.एसपी त्रिपाठी को आयोग्य बताया है। उन्हें हटाने एवं योग्य अधिकारी को कुलसचिव पद पर पदस्थ करने की मांग की है।

- प्रभारी कुलसचिव के विरूद्ध गंभीर वित्तीय अनियमितताओं की शिकायतें

कुलपति प्रो.लाकपाले ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि प्रतिनियुक्ति पर एसजीजीयू के प्रभारी कुलसचिव डॉ.शारदा प्रसाद त्रिपाठी कुल सचिव पद की आर्हता नहीं रखते, ना ही उन्हें विवि के प्रशासनिक कार्यों का अनुभव है जिसके कारण विवि के प्रशासनिक कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। डॉ. शारदा प्रसाद त्रिपाठी मूलतः शासकीय नवीन महाविद्यालय जनकपुर के सहायक प्राध्यापक हैं। प्रभारी कुलसचिव डॉ.शारदा प्रसाद त्रिपाठी किसी भी अनिवार्य योग्यता को पूरा नहीं करते साथ ही निम्न वेतनमान एवं पद पर हैं। कुलपति ने प्रभारी कुल सचिव डॉ. त्रिपाठी को तत्काल प्रभाव से हटाने एवं अन्य वरिष्ठ प्राध्यापक या विवि में कार्यरत उपकुलसचिव को कुलसचिव नियुक्त करने का अनुरोध किया है। कुलपति प्रो.लाकपाले के पत्र संज्ञान लेते हुए राज्यपाल के अवर सचिव ने उच्च शिक्षा सचिव को पत्र लिखकर प्रभारी कुलसचिव डॉ.एसपी त्रिपाठी के स्थान पर नियमित कुलसचिव की पदस्थापना संबंधी आदेश जारी कर सचिवालय को अवगत कराने का उल्लेख किया है। पत्र में इस संबंध में कुलाधिपति का अनुमोदन प्राप्त करने का भी उल्लेख किया गया है।

कुलाधिपति को पत्र लिखा गया

एक शिकायत की जांच में आवश्यक योग्यता के बिना डॉ.एसपी त्रिपाठी की नियुक्ति प्रभारी कुल सचिव पद पर करने का खुलासा हुआ है। इस संबंध में कुलाधिपति को पत्र लिखकर प्रभारी कुलसचिव को हटाने एवं योग्य अधिकारी को कुलसचिव पदस्थ करने का अनुरोध किया गया है। अन्य शिकायतों की भी जांच कराई जा रही है।

-प्रो.राजेन्द्र लाकपाले
कुलपति, एसजीजीयू

शासन से हुई है मेरी नियुक्ति

मेरी नियुक्ति शासन द्वारा की गई है। प्रभारी कुलसचिव पद के लिए निर्धारित समस्त मापदंडों को पूरा करता हूं। इसका निर्णय शासन ही करेगा।

-डॉ.शारदा प्रसाद त्रिपाठी
प्रभारी कुलसचिव

नकली शराब नेटवर्क से जुड़े दो सुपरवाइजर और दो गार्ड गिरफ्तार

कांकेर। नकली बोतल, होलोग्राम और ढक्कन के मामले में पुलिस की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, वैसे-वैसे नए नाम सामने आ रहे हैं। रिमांड पर लिए गए तीन आरोपियों से पूछताछ के बाद पुलिस ने चार अन्य आरोपियों प्रदीप सलाम, बुलेश देवांगन, जीतेन्द्र यादव और गजेंद्र बघेल को जेल भेज दिया है। इनमें दो गार्ड और दो सुपरवाइजर है। हालांकि, पुलिस ने अभी मामले की जांच पूरी नहीं होने की बात कही है और जल्द ही पूरे नेटवर्क का खुलासा करने का संकेत दिया है। नकली बोतल, होलोग्राम और ढक्कन से जुड़े मामले में गिरफ्तार किए गए तीन आरोपियों को 11 सितंबर को पुलिस रिमांड पर पांच दिनों के लिए लिया था, इनसे लगातार पूछताछ चली। मंगलवार को रिमांड अवधि पूरी होने के बाद उन्हें वापस जेल भेज दिया गया।

- पुलिस मामले में संलिप्त आरोपियों को खोजने में जुटी

संचालक अभियोजन की नियुक्ति, सरकार से जवाब तलब

बिलासपुर। संचालक अभियोजन की नियुक्ति एवं अभियोजन संवर्ग की उपेक्षा से संबंधित रिट याचिका में छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने राज्य शासन से शपथ-पत्र प्रस्तुत कर यह बताने को कहा है कि,भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 20 के अनुरूप संचालक अभियोजन की नियुक्ति के लिए अब तक क्या कदम उठाए गए हैं।



याचिका में मुख्यतः यह प्रश्न उठाया गया है कि, छत्तीसगढ़ लोक अभियोजन (राजपत्रित) भर्ती एवं पदोन्नति नियम, 2008 के अंतर्गत प्रतिनियुक्ति तभी की जा सकती है, जब अभियोजन संवर्ग में कोई उपयुक्त अधिकारी उपलब्ध न हो। याचिका के अनुसार, राज्य द्वारा किसी उपयुक्त संवर्गीय अधिकारी की उपलब्धता अथवा अनुपयुक्तता का कोई वस्तुनिष्ठ निर्धारण किए बिना ही प्रतिनियुक्ति के आधार पर पद पर व्यवस्था की गई। याचिका में यह भी कहा गया है कि, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 20 संचालक अभियोजन के लिए निर्धारित पात्रता में पद के दायित्व मूलतः अभियोजन एवं विधिक प्रकृति के हैं। राज्य शासन द्वारा 24.अगस्त 2026 को एक भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी को संचालक अभियोजन का अतिरिक्त प्रभार दिए जाने को भी याचिका में चुनौती दी गई है। जस्टिस बी डी गुरु की बेंच में 10 सितम्बर 2026 को सुनवाई की गई। कोर्ट ने राज्य को उपर्युक्त विषय पर शपथ-पत्र दाखिल करने का निर्देश देते हुए प्रकरण को 30 सितम्बर 2026 को सुनवाई हेतु नियत किया है।

14 कीटनाशक की बिक्री पर प्रतिबंध

राजनांदगांव। अन्नदाता किसानों की मेहनत, लागत और फसल सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने वाले कीटनाशक विक्रेताओं व निर्माता कंपनियों पर कृषि विभाग ने बड़ा शिकंजा कसा है। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित कृषि सेवा केंद्रों व कीटनाशक विक्रय केंद्रों से एकत्र किए गए नमूनों की प्रयोगशाला जांच में कुल 14 कीटनाशी गुणवत्ता मानकों पर खरा नहीं उतरे और अमानक पाए गए। इन कीटनाशक को न केवल प्रतिबंधित कर दिया गया है, बल्कि इनके निर्माता कंपनी पर भी एक्शन की तैयारी शुरू कर दी गई है। बताया गया कि नमूनों के टेस्ट में फेल होने के बाद जिला कलेक्टर जितेंद्र यादव के निर्देशन में कृषि विभाग ने त्वरित एक्शन लेते इन सभी अमानक कीटनाशकों के विक्रय और वितरण पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। इसके साथ ही संबंधित दुकानों में मौजूद पूरे स्टॉक को सीज कर निर्माता कंपनियों और विक्रेताओं के विरुद्ध न्यायालय में परिवाद दायर करने हेतु प्रकरण शासन को स्वीकृति के लिए भेज दिया गया है।

- किसानों की फसल से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं

epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी

Contact for advertisment booking : Raipur- 6263818152 79871-19756

Appointment आवश्यकता

सिक्योरिटीगार्ड

अतिशीघ्र आवश्यकता है- सुरक्षा गार्ड 17000 सुपरवाइजर 22000 फील्ड अधिकारी 16000 कंप्यूटर ऑपरेटर 20000 योग्यतानुसार मेस सुविधा ,आवास फ्री संपर्क:- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालय:- 06 जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका रायपुर 7746000016, 7747000016, 7747000019. (आरो-815)

हाऊस कीपिंग

आवश्यकता है- हाउस कीपिंग – पुरुष उम्मीदवार (इन-हाउस रहने हेतु), ऑफिस बॉय – केवल रायपुर लोकल उम्मीदवार एवं कंसल्टेंसी वाले संपर्क करें :- मो.6232022676. (आरो-309)

मार्केटिंग/सेल्स

आवश्यकता है- OBN मार्केटिंग को सेल्स एग्जीक्यूटिव की आवश्यकता है. फ्रैंचाईस लेकर पूरे भारत में कहीं से भी कार्य करें. 7000596044.(आरो-329)

टेक्नीशियन/हेल्पर

आवश्यकता है- हार्डवेयर नट बोल्ट दुकान में काम हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता है योग्यता- पांचवी/ बारहवीं वेतन- 15000/- से योग्यतानुसार कार्य स्थान- बॉम्बे मार्केट, राज टॉकीज के सामने, रायपुर छत्तीसगढ़ कॉलिंग समय - सुबह 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक मो- 9993244000. (आरो-4176)

कुक/ घरेलू कार्य

आवश्यकता है- तेलीबांधा के आगे वीआईपी चौक के पास, घर में शाकाहारी भोजन बनाने व साफ़-सफाई हेतु कुक/स्टाफ (महिला/पुरुष) की आवश्यकता है। बीड़ी-सिगरेट/शराब-गुटखा आदि निषेध। 9300593000. (आरो-109)

आवश्यकता

Requirement- TARANG EDUCATION.10 post- 15,000 to 30,000 per month Qualification- 12th and Graduation phone number- 9767652798. (आरो-849)

ऑफिस स्टाफ

आवश्यकता है- न्यू कंपनी विस्तार हेतु आवश्यकता हैं:- लड़के एवं लड़कियों की सैलरी 12,000 से 15,000 हजार, पता:- सुंदर नगर रायपुर छत्तीसगढ़ संपर्क करें- 7722856852, 8962606852.(आरो-206)

ऑपरेटर/सेल्समैन

आवश्यकता है- कम्प्यूटर ऑपरेटर, सेल्समैन, अकाउंटेंट, बैटरी ऑटो ड्राइवर चाहिए। अनुभवी को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार। पता- श्रीट्रेडर्स, दुकान नं. 236-237, औषधि वाटिका मेडिकल कॉम्प्लेक्स, डूमरतराई, रायपुर बायोडाटा व्हाट्सएप करें- 9425219248, 8602412770.(आरो-41834)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

पेट्रोल पंप कर्मी

आवश्यकता है- रायपुर पेट्रोल पंप पर पार्टटाइम एवं फुलटाइम के लिए सेल्सबॉय एवं सेल्सगर्ल की, रहने की सुविधा उपलब्ध पढ़े- लिखे पति पत्नी भी संपर्क कर सकते हैं रहने हेतु रूम उपलब्ध हाउस्कीपिंग, हवा डालने वाले व्यक्ति भी संपर्क करें:- मोबाइल 9425522234, 9111108055 बैक ऑफिस एडवांस एक्सेल एक्सपर्ट चाहिए.(आरो-075)

मार्केटिंग

आवश्यकता है- बालोद जिला हेतु (10 पद) सेल्स एवं मार्केटिंग के लिए diploma civil, BTech civil, MBA sales/ marketing फ्रेशर एवं अनुभवी दोनों उम्मीदवार आवेदन करें ADANI CEMENT ACC / राजा स्टील ट्रेडर्स रिसाली भिलाई संपर्क -98261-38080 बायोडाटा भेजें -78989-22204 (W), इंटरव्यू 18/9/2026 शाम- 4:00 बजे (आरो - 334)

सेल्समैन

आवश्यकता है- नया रायपुर में आवासीय डायवर्ट प्लॉट मार्केटिंग हेतु अनुभवी सेल्समैन की आवश्यकता है संपर्क समय सुबह 10.00 से शाम 6.00 तक 9329101032, 9907373228.(आरो-073)

वेल्डर/आपरेटर

आवश्यकता है- फेब्रिकेशन कार्य हेतु वेल्डर, लेथ मशीन एवं गैस कटिंग ऑपरेटर की आवश्यकता है। इच्छुक अभ्यर्थी संपर्क करें:- स्थान बाराडेरा- धनसुली, मंदिर हसौद, रायपुर। मो. 7024347173.(आरो-074)

दुकान कार्य

आवश्यकता है- गोल बाजार में थोक रेडीमेड कपड़ा दुकान में काम करने हेतु लड़के की अनुभवी / बगैर अनुभवी वेतन योग्यता अनुसार, बायोडाटा सहित मिले। महेश फैब्रिक अलका रेस्टोरेंट के सामने 8 जैन ज्योति काम्प्लेक्स, चिकनी मंदिर के पास गोल बाजार रायपुर (छ.ग.) मो. 7415842111. (आरो-334)

अकाउंटेंट

आवश्यकता है- अकाउंटेंट चाहिए (3पद)जिसे जीएसटी एवं टेलिप्राइम का अनुभव हो राजा स्टील ट्रेडर्स रिसाली भिलाई संपर्क करें - 98261-38080 बायोडाटा भेजें (W), 78989-22204 , इंटरव्यू -21/9/26 शाम-4:00 बजे (आरो - 333)

सिविल इंजीनियर

आवश्यकता है- Diploma /BTech civil (10 पद) अनुभवी एवं फ्रेशर दोनों उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं ADANI CEMENT ACC राजा स्टील ट्रेडर्स रिसाली भिलाई संपर्क - 98261-38080 बायोडाटा भेजें 78989-22204 (W), 18/9/2026 इंटरव्यू, शाम-4:00 बजे (आरो - 332)

क्या आप देना चाहते है... अपने बिजनेस को बेहतर प्रतिसाद "तलाश की नई सुबह" तो पढ़ते रहिए हरिभूमि क्लासिफाईड Space Available for Ad. 6263818152

अन्य

आवश्यकता है- लिमिटेड कंपनी को ज़रुरत अनपढ़ से 12 वी पास लड़कों / लड़कियों की एयरपोर्ट जॉब ग्राउंड स्टाफ, हेल्पर, लोडर, ड्राइवर, सुपरवाइजर, सैलरी 28500/- से 55500/- (रहना+ खाना फ्री पक्की नौकरी) 8368840727. (आरो-137)

Education शिक्षण

प्रवेश प्रारंभ - फेल विद्यार्थी समय बचाए पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी पास करे:-B.ED, B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, LLB M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLY-TECHNIC, B.tech M.tech (अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा संपर्क Bharti Education Academy Sector-6 Bhilai 9826196515, 9826896515. (आरो-4171)

Finance फायनेंस

फाइनेंस - राज्य ग्रामीण बैंकों द्वारा विभिन्न प्रकार के लोन उपलब्ध। बिजनेस, कृषि, होम एवं प्रॉपर्टी लोन। 1% वार्षिक ब्याज एवं 40% सब्सिडी के साथ प्राप्त करें। डाउन सिविल स्कोर वालों के लिए भी सुविधा। संपर्क:- 9350674841, 9350674841. (आरो-072)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

Property प्रापर्टी

मकान/प्लाट

मकान एवं प्लाट बेचना है- माधव राव सप्रे वार्ड रायपुर गोकुलधाम सोसायटी के सामने भूतल पर 800 वर्ग फीट में निर्मित मकान सर्व सुविधा युक्त मेंन रोड से 100 फीट पर चुकता कीमत 37 लाख एवं नया राजधानी (जामगांव अभनपुर) पर डायवर्सन प्लाट 1000 फुट को चुकता रेट 6 लाख में बेचना है। संपर्क करें:- 8827380696, 9754685471, 8960002971, 8435931717. (आरो-204)

प्लाट

प्लॉट बेचना है - बिलासपुर (सकरी मेन रोड से वाकिंग डिस्टेंस) इन्वेस्टर्स हेतु मकान बनाकर बेचने का अवसर सभी साइजों में डायवर्टेड आवासीय प्लॉट सीसी रोड, नाली, पानी, बिजली सुविधा सहित सम्पर्क करें- 7898855268. (RO-41750)

जमीन

जमीन बेचना है- जोरा मॉल के आगे धरमपूरा में 4056.52 वर्गफीट जमीन रोड़ टच, टाइटल क्लियर, तुरंत रजिस्ट्री, ब्रोकर एंव खरीददार संपर्क करें- 6262676856, 9926906005.(आरो-7357)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

ASTROLOGY ज्योतिष

ज्योतिष तांत्रिक विशेषज्ञ



पति-पत्नि में अनबन, प्रेम विवाह, राजयोग, धनयोग, विवाह योग, संतान योग, मंत्रीयोग, राजपत्रित पद व्यापार संबंधित प्रश्न, यात्रा ट्रांसफर एवं अन्य ज्योतिष प्रश्नोता, 9 ग्रह, 27 नक्षत्र 64 योगिनी, वास्तु शास्त्र तथा अन्य प्रश्नोत्तर ज्योतिष द्वारा प्राप्त करें तंत्र द्वारा वशीकरण, विवाह किसी भी परेशानी से तत्काल लाभ प्राप्त करें।

चुनाव विजय हेतु संपर्क करें।

तांत्रिक सम्राट डॉ. जे.पी. दुबे तंत्र पी.एच.डी. (गोल्ड मेडलिस्ट)

गली नंबर-3, शुभकामना हॉस्पिटल के पास, दुबे कॉलोनी मोवा रायपुर 96302-33918, 9238384295

नोट: भूत, भविष्य, वर्तमान की जानकारी प्राप्त करें।

स्वामी जी प्रत्येक दिन रायपुर में मिलेंगे।

आने से पूर्व एपाइंटमेंट अवश्य लें।

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंगे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



RAIPUR SMART BUSINESS AUDIT

15,000/- से शुरू

◆ GST रजिस्ट्रेशन 500/- ◆GST फाइलिंग 500/-
◆ Income Tax ITR फाइल मात्र 500/-
• MSME • TDS • CMA DATA • फूड लाइसेंस

हमारे Tax Expert आपकी मदद हेतु तैयार हैं।

संपर्क : शेखर गुप्ता onlytds.com

पता- सी-74, सेक्टर-1, जुबेस्ता हॉस्पिटल के पास, देवेन्द्र नगर, रायपुर

Whatsaap पर बनवाएं 9300755544, 8878655544

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

Healthcare

सोरायसिस एवं चमड़ी रोग

प्रायः सदियों से लोग जानते हैं कि जब कोई रोग किसी भी उपाय से ठीक नहीं होता वो केवल आयुर्वेद के द्वारा ही जड़मूल से ठीक होता है लेकिन कुछ लोगों के मति मारे जाने के कारण अपने को संकट में डाल लेते हैं।

इसे नजर अंदाज कर क्षणिक इलाज से रोग को दबा कर अपने जीवन को संकट में मत डालिए क्योंकि यह जिद्दी व लाईलाज बीमारी है यह दवा से दबकर बार-बार फिर उभरता है। क्योंकि इसका जड़ चमड़ी में नहीं कहीं और है। क्या आपको किसी भी प्रकार का लाईलाज चमड़ी रोग है सोरायसिस सिर एवं शरीर से तांबे रंग के छिलके, खुजली, रुसी, जोड़ों में दर्द, सुजन अंगुलियों का टेढ़ा होना नाखुनों का सड़ना पुराना एक्जिमा रोग है। क्या आप किसी प्रकार के यौन समस्या यौन कमजोरी व यौन रोग से परेशान है जैसे : शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, पेशाब से धातु जाना, उत्तेजना की कमी, मधुमेह जन्य नपुंसकता इत्यादि। ये गुप्त रोगों के नीम हकीमों से बचकर रहे तो इनकी झूठी बातें एवं निराशा से बच सकते हैं।

कवर्ड रिसर्च एन्ड स्किन केयर क्लिनिक आई.एस.ओ. सर्टिफाईड

सुविख्यात चिकित्सक डॉ. एच.सी.वी. अग्रवाल (BAMS MD) (चर्म रोग विशेषज्ञ)

निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट) रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे, दुर्ग

98271-99213,94255-55659
96177-89223,93032-42200

गुरुवार अवकाश, मिलने का समय दोपहर 12 से 7 बजे तक

जैकेट के शेष

वित्तमंत्री ओपी बोले- सेवा, ...

सामाजिक लोग, शैक्षणिक लोग, विभिन्न प्रकार के प्रोफेशनल लोग भी हमेशा उनके लिए कुछ अच्छा करने के लिए प्रतिबद्ध रहते हैं। तो एक महीना क्या, हम तो एक साल तक भी इस तरह के अच्छे काम को जनता के हित में चला सकते हैं। 'सेवा मेरा योगदान' एक कार्यक्रम है, उसके माध्यम से सभी तरह के लोगों को जोड़ना है। हमारे कार्यकर्ता, पार्टी के अंदर के लोग, पार्टी के बाहर के लोग, आध्यात्मिक संगठन, शैक्षणिक संगठन, हर तरह के लोगों को जोड़ना है और 'सेवा मेरा योगदान' जैसा कार्यक्रम करना है। उसमें 25 सेवा गतिविधियां लिस्ट की गई हैं। वृक्षारोपण करने की दृष्टि से अलग-अलग प्रकार के 25 सेवा गतिविधियों को हमने सूचित किया है, एक लिस्ट बनाई है। जन्मदिन के अवसर पर उनके 25 साल पूरा करने के अवसर पर, यह सब चीजें की जा रही हैं। इसी तरह से दूसरा मैं कहना चाहूंगा कि सेवा सेतु अभियान है एक। उसमें जो हमारी सरकारें हैं, वो जाकर के कैम्प्स लगाएंगी और स्क्रीम्स के सैचुरेशन पर जैसे आयुष्मान भारत की योजना हो, चाहे आयुष्मान भारत की योजना हो, चाहे अह अलग-अलग जितनी भी योजनाएं हैं, उनके सैचुरेशन पर काम होगा कि उसमें सब लोग जो छूट गया हो, उसको भी शामिल किया जाए।

0 आशीर्वाद का दीया और एक वडनगर से लेकर विश्वनाथ तक जो मोटरसाइकिल दौड़ने वाली है, उसके पीछे क्या दृष्टि है?

00 आशीर्वाद का दीया मोदी जी के जन्मदिन को हम लोग सेवा दिवस के रूप में मनाते हैं। और मोदी जी ने और इस साल विशेष रूप से और भी विशेष हो जाता है क्योंकि इस साल वो 7 अक्टूबर को अपने 25 वर्ष की यात्रा कॉन्स्टिट्यूशनल पोस्ट पर पूरा करने जा रहे हैं। इसलिए यह और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। हम सेवा पखवाड़ा जो मनाते थे, उसकी जगह पर हम पूरे माह को सेवा के थीम में मना रहे हैं। इस 25 वर्षों की यात्रा में नरेंद्र मोदी ने करोड़ों लोगों के जीवन में बदलाव लाया है, जैसे मैं अपने छत्तीसगढ़ की ही बात करूं, मैं उस दिन सरगुजा जा रहा था, तो बिलासपुर से कटघोरा कैसे पहुंचा मुझे पता ही नहीं चला, इस तरह का नेशनल हाईवे बना, और वहां से फिर सरगुजा कैसे पहुंचा, यहां भी बहुत ही शानदार रोड बना है। तो इस तरह के कितने सारे लोगों के जीवन में उन्होंने बदलाव लाया है। 4 करोड़ लोगों को पक्का घर देने की बात हो, 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकालने की बात हो, गरीबों के उत्थान की बात हो... इस तरह से उन्होंने विभिन्न विकास कार्यों के माध्यम से और हितग्राही मूलक योजनाओं के माध्यम से करोड़ों लोगों के जीवन में उन्होंने बदलाव लाया है। ऐसे लोगों की जो भावना होती है कि नरेंद्र मोदी के लिए एक सकारात्मक भाव होता है, तो वो लोग दिया अपने से जला रहे हैं।

आपने बात कही वडनगर से काशी वाली यात्रा की, तो निश्चित रूप से नरेंद्र मोदी का जीवन हम सबके लिए प्रेरणा का विषय है और यह कार्यकर्ताओं के द्वारा मूल रूप से डिजाइंड कार्यक्रम है। यह कार्यकर्ता लोग डिजाइन किए हैं कि भाई हम काशी से वडनगर तक की यात्रा करेंगे और वडनगर से काशी तक की यात्रा करेंगे। यह कार्यकर्ताओं का भाव है। नरेंद्र मोदी की जन्मभूमि वडनगर रही है और कर्मभूमि काशी रही है।

0 इतना सब कार्यक्रम जो भी बना है, तो यह कार्यक्रम किसका है? भारतीय जनता पार्टी जो है, सेवा संकल्प अभियान के तहत मनाने जा रही है या भाजपा और एनडीए शासित जो राज्य हैं, उनके द्वारा यह आयोजन होने जा रहा है?

00 देखिए, कई विषय होते हैं जो विशुद्ध राजनीतिक होते हैं। तो उस तरह के विशुद्ध राजनीतिक विषयों को ऑब्वियसली हमारे पार्टी का, हमारा जो कैडर है, हमारा कार्यकर्ता है, वो करेगा। इसमें कहीं कोई डाउट नहीं है और साथ ही साथ, किसी भी योजना को जब हम संचालित करते हैं, तो एक एंकर रोल कार्यकर्ता का होता है। बट वो साथ में सामाजिक, शैक्षणिक, आध्यात्मिक, गैर-राजनीतिक लोगों को जो मोदी जी के प्रोग्रेसिव थॉट, उनके विकसित भारत के सोच के साथ जो अलाइन करते हैं अपने आप को, उस तरह के गैर-राजनीतिक लोगों को भी जोड़ना, उस जनसमूह को और जनसामान्य को जोड़ना, समाज को जोड़ना भी उसका थीम है, और दूसरी ओर आपने जो पक्ष रखा है कि गवर्नमेंट का कार्यक्रम है या कार्यकर्ता का कार्यक्रम है, तो बहुत सारे विषय सरकारी कार्यक्रम भी हैं और नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री हैं। इस दृष्टिकोण से हम लोगों ने डिजाइन किया है कि सरकार की ओर से भी कुछ अच्छे काम, जैसे सेवा सेतु का मैंने उल्लेख किया, सेवा सेतु के माध्यम से जाकर कैम्प लगेगा, वहां लोगों को सर्विस दी जाएगी।

आंकड़ों के आईने ....

भूपेश बघेल ने कहा, भाजपा नेता का दावा झूठ का पुलिंदा है, तो विजय शर्मा ने कहा, पीएम आवास योजना में कांग्रेसी नीतियों के कारण हजारों बेघर रहने पर मजबूर हुए। उन्हीं की हाय से कांग्रेस की नैया डूब गई।

छत्तीसगढ़ ने देश में ....

पूर्ण नहीं हुए। कांग्रेस सरकार के पांच साल के कार्यकाल में आवास के लिए करीब 3,900 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति थी और करीब 3 लाख आवास पूर्ण हुए। वहीं भाजपा सरकार ने करीब ढाई साल में 16 हजार करोड़ रुपये खर्च किए।

पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ....

गए थे। भाजपा सरकार आने के बाद 18 लाख आवास स्वीकृत किए गए। उनके बाद केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने यहां आकर करीब 10 लाख आवास स्वीकृत करने की और घोषणा की थी। और पहले के बचे मकानों को जोड़ दिया जाए तो यह आंकड़ा 39 लाख के करीब पहुंच जाता है।

हमने 7 लाख ...

सरकार ने केंद्र सरकार से अपना पैसा मांगा था, इसके लिए केंद्र को लगातार पत्राचार भी किया गया। भूपेश बघेल के मुताबिक, 2011 की जनगणना के आधार पर करीब 18 लाख आवास बाकी थे, जिनमें से उनकी सरकार ने 6 लाख 97 हजार आवास स्वीकृत किए थे।

भूपेश ने लगाए ..

के पास पर्याप्त पैसा नहीं था और वेतन देने तक की स्थिति नहीं थी। बघेल ने दावा किया कि उनकी सरकार ने कोरोना काल में आवास निर्माण के लिए आरबीआई से कर्ज लिया था। भूपेश ने भाजपा सरकार के 18 लाख पीएम आवास स्वीकृत किए जाने के दावे पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा, अलग-अलग समय पर अलग-अलग आंकड़े सामने आ रहे हैं। 25 सितंबर 2023 से दिसंबर 2024 तक 18 लाख मकान स्वीकृत किए गए। वास्तविक स्थिति आंकड़ों की जांच के बाद ही स्पष्ट होगी। बघेल अपने इस दावे पर कायम रहे कि पीएम आवास का पोर्टल बंद था। उन्होंने कहा कि कौन सही और कौन गलत है, पत्रकार खुद इसकी जांच कर सकते हैं। भूपेश बघेल ने विजय शर्मा से 18 लाख आवास बनाए जाने की बात कहना बंद करने को कहा, आंकड़ों की वास्तविकता पर सवाल उठाया।

विजय शर्मा ने ....

जानें। उन्होंने दावा किया कि उस समय राज्य सरकार ने पूरी राशि अपनी तरफ से देने की बात कही थी। शर्मा ने कहा, पूर्व मंत्री टीएस सिंहदेव ने राशि नहीं मिलने के कारण पीएम आवास नहीं बन पाने पर इस्तीफा देने की बात कही थी। उन्होंने आरोप लगाया कि तत्कालीन सरकार ने जानबूझकर पोर्टल पर जानकारी नहीं डाली और बाद में केंद्र सरकार पर आरोप लगाए। शर्मा ने कहा, 2024-25 में केंद्र सरकार ने 10 लाख 42 हजार 797 आवास दिए, जबकि राज्य सरकार ने 10 लाख 26 हजार 586 आवास लिए। उन्होंने कहा, साय सरकार ने 18 लाख पीएम आवास बनाने का संकल्प लिया है और केंद्र सरकार ने इसके लिए किस्त भी जारी की है। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर गरीबों के आवास रोके कई लोग मकान मिलने का इंतजार करते-करते दुनिया से चले गए। उन्होंने कहा, वे राजनीति करने नहीं, बल्कि आंकड़ों की चर्चा करने आए हैं। यदि कहीं कोई कमी है तो उसे ठीक किया जा सकता है। पोर्टल बंद होने के दावे पर विजय शर्मा ने कहा कि ग्रोक से पूछिए, वह सच बताएगा। शर्मा ने भूपेश बघेल पर तथ्यों को लेकर लोगों को भ्रमित करने का आरोप लगाया और कहा, इस मुद्दे पर आंकड़ों के साथ बात होनी चाहिए।

राहुल ने डॉ. मनमोहन फेलो से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली। कांग्रेस के लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव एवं सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने मंगलवार को नई दिल्ली स्थित इंदिरा भवन में ऑल इंडिया प्रोफेशनल्स कांग्रेस (एआईपीसी) के डॉ. मनमोहन सिंह फेलो के साथ संवाद किया। इस दौरान एआईपीसी के नवनियुक्त चेयरपर्सन मधु गौड़ यास्खी और राज्यसभा सांसद एवं एआईपीसी के पूर्व चेयरपर्सन प्रवीण चक्रवर्ती भी मौजूद रहे।

'आत्मनिर्भरता' देश के चरित्र का अभिन्न अंग

हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली। वर्तमान में तेजी से बढ़ते घरेलू और वैश्विक सुरक्षा खतरों के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि एक राष्ट्र, जिसके पास अपनी खुद की तकनीक होती है। वह अपने भविष्य को आकार देने की भी शक्ति रखता है। ऐसे में भारत के संदर्भ में अगर देखें तो आत्मनिर्भरता को देश के चरित्र और दृष्टिकोण का अभिन्न अंग बनना चाहिए। जो कंपनियां आज उभरती हुई प्रौद्योगिकियों में प्रवेश करती हैं।

बांग्लादेश ने ठुकराए भारत के दो निमंत्रण

हरिभूमि ब्यूरो.नई दिल्ली। भारत की राष्ट्रीय राजधानी में बीते रविवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुए ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में बांग्लादेश की अनुपस्थिति की खबरों को लेकर मंगलवार को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल से पत्रकारों ने साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में सवाल पूछे, तो जवाब में उन्होंने बताया कि नई दिल्ली ने एक बार नहीं बल्कि दो बार बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान को भारत की आधिकारिक रूप से यात्रा करने के लिए आमंत्रित किया था।

शुभेंदु के पीए की मां नंदीग्राम से उम्मीदवार

कोलकाता। भाजपा ने पश्चिम बंगाल की नंदीग्राम और रेजीनगर विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए हैं। पार्टी ने नंदीग्राम से हसीरानी रथ और रेजीनगर से शाश्वर सरकार को टिकट दिया है। हसीरानी रथ सीएम शुभेंदु अधिकारी के पीए चंद्रनाथ रथ की मां हैं। 6 मई की देर रात मध्यमग्राम के पास चंद्रनाथ को गोली मार दी गई थी। गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां बाद में उनकी मौत हो गई।

सबसे कम कीमत पर
Antique Jewellery
Gold Rate (x) * with Making %
22k Gold Value | Making Charges | Total %
91.6% + 3.99% = 95.59%
Jewellery Price* per 10 grams.
₹ 1,44,324/-
making charges included
ANAND Gold
पंडरी, रायपुर

शेयर बाजार में ....

शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 279.50 अंक यानी 1.19 प्रतिशत गिरकर 23,118.60 अंक पर बंद हुआ। यह छह अप्रैल, 2026 के बाद निफ्टी का सबसे निचला बंद स्तर है। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयर में करीब छह प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा इंटरग्लोब एविएशन (इंडिगो), टाइटन, बजाज फिनसर्व, अदाणी पोर्ट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर भी नुकसान में रहे।

ऋषि पंचमी पर ....

से चली आ रही है। पूजा के बाद समाज के लोग सर्पों को लेकर पूरे गांव में शोभायात्रा निकालते हैं। शोभायात्रा के दौरान ढोल-नगाड़ों की थाप और पारंपरिक वाद्ययंत्रों की गूंज के बीच श्रद्धालु पूरे उत्साह के साथ शामिल हुए। जहरीले सर्पों को निकट से देखने के लिए ग्रामीणों और बच्चों में विशेष उत्सुकता रही।

दिल्ली हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

दुष्कर्म से गर्भवती 15 साल की नाबालिग को 30 हफ्ते में गर्भपात की दी मंजूरी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने एक अहम फैसले में कहा है कि अगर किसी दुष्कर्म के कारण कोई लड़की गर्भवती होती है, तो उसकी इच्छा के खिलाफ उसे मां बनने के लिए मजबूर करना उसके सम्मान के साथ जीने के अधिकार का गंभीर उल्लंघन होगा। अदालत ने यह टिप्पणी 15 साल की दुष्कर्म पीड़िता की याचिका पर सुनवाई करते हुए की। लड़की ने 30 हफ्ते के गर्भ को खत्म करने की अनुमति मांगी थी। कोर्ट ने उसकी याचिका स्वीकार



करते हुए गर्भपात कराने की अनुमति दे दी। अदालत ने कहा कि दुष्कर्म के कारण गर्भवती हुई महिला या लड़की को बच्चे को जन्म देने के लिए मजबूर करने से उसे लंबे समय तक शारीरिक और मानसिक परेशानी झेलनी पड़ सकती है।

माता-पिता दोनों को खो चुकी है 15 साल की लड़की

कोर्ट ने कहा कि ऐसे मामले 'गहरी पीड़ा' छोड़ जाते हैं। पीठ ने इस बात को भी ध्यान में रखा कि याचिकाकर्ता सिर्फ 15 साल की बच्ची है। वह पहले ही एक भयानक दुष्कर्म का सदमा झेल चुकी है और उसके माता-पिता दोनों की भी मौत हो चुकी है। अदालत ने कहा कि जिस उम्र में एक बच्चे को सुरक्षा और देखभाल मिलनी चाहिए और उसे सुरक्षित और सम्मानजनक माहौल में बड़ा होने का मौका मिलना चाहिए, उस उम्र में इस बच्ची को ऐसी परिस्थितियों से गुजरना पड़ा, जिनका सामना किसी बच्चे को नहीं करना चाहिए।

10वीं की छात्रा से सामूहिक बलात्कार

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

तेलंगाना के मेडचल-मलकाजगिरी जिले में 10वीं क्लास की एक छात्रा के साथ कथित गैंगरेप का शर्मनाक मामला सामने आया है। पीड़िता के साथ नौ दरिंदों ने बलात्कार किया। इस मामले का खुलासा होने के बाद पुलिस ने अब तक आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जबकि एक आरोपी की तलाश में छापेमारी जारी है। यह घटना मेडचल-मलकाजगिरी जिले में अलवाल थाना क्षेत्र की है। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने लड़की के एक पुरुष दोस्त की मदद से उसे अगवा किया था।

CGHIDB
छ.ग. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, वृत्त-जगदलपुर
निविदा निरस्तीकरण सूचना क्र. 65
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, वृत्त-जगदलपुर के माध्यम से निक्षेप कार्य अंतर्गत बीजापुर जिला बीजापुर में मॉडल उप पंजीयक कार्यालय भवन निर्माण कार्य हेतु दिनांक 02.09.2026 को दैनिक समाचार पत्र-बस्तर इम्पेक्ट, दैनिक नवप्रदेश एवं हरिभूमि में प्रकाशित निविदा आमंत्रण क्रमांक 63, विज्ञापन क्रमांक क्रमशः 48915-1/2/3 को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।
S-49047/2 उपायुक्त

पेज एक के शेष

मैंने हनुमान अंश को नहीं...

स्थापित निर्माता का नाम। इसके बावजूद फिल्म ने दर्शकों के बीच अपनी जगह बनाई। इस कहानी का एक और दिलचस्प पहलू है, महज 21 साल की अनुप्रिया नागर। लंदन में अर्थशास्त्र की पढ़ाई करने वाली अनुप्रिया के सामने ज्यूरिख में नौकरी का रास्ता खुल चुका था। फिल्म निर्माण का कोई अनुभव नहीं था। फिल्म उद्योग में कोई पहचान भी नहीं थी। लेकिन एक शोध के दौरान नीम करौली बाबा के बारे में मिली जानकारी ने उनकी जिंदगी की दिशा बदल दी। भारत लौटने के बाद वह 'हनुमान अंश' से जुड़ीं और अपनी पार्ट-टाइम नौकरियों से जुटाई गई बचत फिल्म में लगा दी। शुरूआती झटकों के बाद फिल्म ने ऐसी सफलता हासिल की है कि समीक्षक हैरान हैं।

हरिभूमि आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी से खास बातचीत में अनुप्रिया ने इस पूरी यात्रा को साझा किया।

संतों के आशीर्वाद को मानती हैं ताकत : इसके बाद अनुप्रिया हरिद्वार में निरंजनी पीठाधीश्वर कैलाशानंद जी महाराज से भी मिलीं। उनके मुताबिक उन्होंने भी फिल्म के उद्देश्य और उनकी नीयत को समझते हुए आगे बढ़ते रहने का आशीर्वाद दिया। अनुप्रिया इन मुलाकातों को केवल व्यक्तिगत अनुभव नहीं मानतीं। वह इसे फिल्म की यात्रा का हिस्सा मानती हैं। उनके लिए नीम करौली बाबा, हनुमान और संतों से जुड़े ये अनुभव एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं।

सफलता के बाद पैसा समाज को लौटाने की इच्छा : फिल्म की सफलता के बाद अब आर्थिक लाभ की चर्चा भी होने लगी है। लेकिन अनुप्रिया के लिए यह पैसा व्यक्तिगत उपलब्धि से ज्यादा सामाजिक जिम्मेदारी का विषय है। वह कहती हैं कि समाज ने फिल्म को प्यार दिया, लोगों की वजह से यह फिल्म यहां तक पहुंची, इसलिए वह अपनी कमाई का एक हिस्सा समाज को वापस देना चाहती हैं। बच्चों के प्रति विशेष लगाव के कारण वह अपनी फाउंडेशन शुरू करने की दिशा में भी काम कर रही हैं। उनका कहना है कि वह बच्चों के लिए काम करना चाहती हैं और आगे भी ऐसी कहानियां दुनिया तक पहुंचाना चाहती हैं, जो संतों और महापुरुषों के जीवन से जुड़ी हों।

दूसरे भाग का रास्ता खुला, फैसला अभी बाकी : 'हनुमान अंश' जिस मोड़ पर समाप्त होती है, वहां से इसकी आगे की कहानी के लिए पर्याप्त गुंजाइश है। फिल्म की कहानी कैंची धाम के निर्माण से पहले के दौर तक पहुंचती है। इसलिए दूसरे भाग की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। हालांकि अनुप्रिया के मुताबिक अभी कोई अंतिम निर्णय नहीं हुआ है। उनका कहना है कि जब फिल्म को फ्लॉप माना जा रहा था, तब दूसरे भाग के बारे में सोचने का सवाल ही नहीं था। अब सफलता के बाद टीम बैठकर इस पर चर्चा करेगी। उनका कहना है कि पहले भाग को मिले प्यार के बाद जिम्मेदारी भी बढ़ गई है। इसलिए जल्दबाजी में अगली फिल्म बनाने के बजाय सोच-समझकर निर्णय लिया जाएगा।

अब एमबीए, फिर शायद निर्देशन : फिल्म की सफलता ने अनुप्रिया की पढ़ाई की इच्छा को खत्म नहीं किया है। वह जल्द ही एमबीए की पढ़ाई शुरू करने की तैयारी में हैं। उनका मानना है कि जिस काम में प्रवेश करें, उसे सीखने की मानसिकता के साथ करना चाहिए। निर्देशन और अभिनय की संभावनाएं भी उनके सामने हैं। वह थिएटर और वन-एक्ट प्ले कर चुकी हैं और खुद को रचनात्मक क्षेत्र से जुड़ा हुआ मानती हैं। हालांकि वह कहती हैं कि जो भी करेंगी, पूरी तैयारी के साथ करेंगी। फिल्म निर्माण में अपनी पहली छलांग को वह उपलब्धि के बजाय शुरुआत मानती हैं। उनका विश्वास है कि जिस राह पर उन्हें लाया गया है, उस पर आगे बढ़ना है।

एक शोध ने बदल...

इसके बाद उन्हें पता चला कि उनके जीवन पर फिल्म नहीं बनी है। यही जिज्ञासा आगे चलकर उनके लिए एक नए सफर की शुरुआत बनी। भारत लौटने पर उनकी मुलाकात निर्माता रागिनी से हुई। रागिनी पहले ही इस परियोजना पर काम शुरू कर चुकी थीं। अनुप्रिया जब इस प्रोजेक्ट से जुड़ीं, तब तक फिल्म की शूटिंग लगभग पूरी हो चुकी थी और पोस्ट-प्रोडक्शन शुरू होने वाला था। समस्या थी धन की। अनुप्रिया ने कोई बड़ी वित्तीय योजना नहीं बनाई। ब्रिटेन में पढ़ाई के दौरान किए गए पार्ट-टाइम काम से जो बचत थी, उसे फिल्म में लगाने का फैसला कर लिया। वह कहती हैं, "मैं इंडस्ट्री के बारे में कुछ नहीं जानती थी। किसी को जानती भी नहीं थी। फिर भी अपनी छोटी-सी नैया मैंने इस बड़े सागर में डाल दी।"

...जब लगा फिल्म...

है। अनुप्रिया उस समय दिल्ली में थीं। उन्होंने बागेश्वर धाम जाने का फैसला किया और धीरेंद्र शास्त्री से मुलाकात की। उनके मुताबिक वहां उन्हें फिल्म को लेकर आश्वासन मिला कि अच्छे उद्देश्य से किया गया काम करते रहना चाहिए और हार नहीं माननी चाहिए। इसके बाद फिल्म के प्रदर्शन में तेजी आई। अनुप्रिया इसे अपने लिए चमत्कार मानती हैं। उनका कहना है कि अगले दो दिनों में फिल्म की वृद्धि में करीब 22 प्रतिशत का उछाल आया।

नवा रायपुर में ...

प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया के अध्यक्ष कपिल देव ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पहले होल से अपना पहला शॉट मारकर खेल की शुरुआत की और ट्रॉफी का अनावरण भी किया। 450 एकड़ में फैले लेक रिजॉर्ट को गोल्फ के मैदान के रूप में विशेष रूप से तैयार किया गया है। एक करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि वाली इस प्रतियोगिता में देश-विदेश के 132 पेशेवर गोल्फर हिस्सा ले रहे हैं, जिनमें 18 विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं।18 सितंबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता के पहले दिन पेशेवर गोल्फर ने अपने खेल दिखाया।

हर वर्ष छत्तीसगढ़ में हो गोल्फ का बड़ा टूर्नामेंट : प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया के अध्यक्ष व 1983 विश्वकप विजेता भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान कपिल देव ने डीपी वर्ल्ड नवा रायपुर ओपन 2026 के आयोजन में सहयोग के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और छत्तीसगढ़ सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के बड़े प्रोफेशनल आयोजन किसी भी प्रदेश में खेल संस्कृति को मजबूत करने और नई प्रतिभाओं को प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कहा कि छत्तीसगढ़ में गोल्फ के साथ-साथ अन्य खेलों के विकास की भी व्यापक संभावनाएं हैं। उन्होंने इच्छा व्यक्त की कि इस प्रतिष्ठित गोल्फ प्रतियोगिता का आयोजन छत्तीसगढ़ में प्रत्येक वर्ष हो और आने वाले वर्षों की तारीखें पहले से निर्धारित की जाएं। इससे देश-विदेश के प्रोफेशनल खिलाड़ी अपने अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट कैलेंडर के अनुरूप छत्तीसगढ़ आने की योजना बना सकेंगे। **दोबारा आकर खेलने की इच्छा व्यक्त करते हैं** : पीजीटीआई के सीईओ अमनदीप चहल ने कहा कि प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया की टीम जब भी छत्तीसगढ़ आती है, यहां उसका आत्मीय और भव्य स्वागत होता है। छत्तीसगढ़ में खेलने वाले खिलाड़ी यहां के वातावरण, गोल्फ कोर्स और व्यवस्थाओं से प्रभावित होकर दोबारा यहां आकर खेलने की इच्छा व्यक्त करते हैं।छत्तीसगढ़ को अब पर्यटन और अन्य खेलों के साथ-साथ एक उभरते हुए गोल्फ डेस्टिनेशन के रूप में भी पहचाना जाने लगा है। **भारत के प्रमुख पेशेवर खिलाड़ी उतरेंगे** : प्रतियोगिता में भारत के कई प्रमुख पेशेवर खिलाड़ी उतरेंगे, जिनमें वीर अहलावत, मनु गंडास, अक्षय शर्मा, हनी बैसोया, खलिन जोशी, राशिद खान, मनु गंडास और महू के ओम प्रकाश चौहान शामिल हैं। इनमें अहलावत जापान के आइची-नागोया में होने वाले 2026 एशियाई खेलों में युवराज संधू और सप्तक तलवार के साथ भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार हैं। टूर्नामेंट में भाग लेने वाले प्रमुख विदेशी खिलाड़ियों में श्रीलंका के एन थंगराजा और मिथुन परेरा, चेक गणराज्य के स्टेपन डानेक, थाईलैंड के तनापत पिचाइकूल, बांग्लादेश के जमाल हुसैन और बादल हुसैन, नेपाल के सुभाष तमांग, युगांडा के जोशुआ सील, अमेरिका के कोइचिरो सातो और डोमिनिक पिचिरिलो, जापान के ताइगा तनाका, आयरलैंड के डेक्लन केनी और कनाडा के सुखराज सिंह गिल शामिल हैं

पहले फिल्मों में देखते थे गोल्फ...

इतने बड़े आयोजन की मेजबानी कर रहे हैं। यह प्रदेश के विकास के साथ यहां तेजी से विस्तार ले रही खेल संस्कृति का सुखद संकेत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले गोल्फ को सामान्यतः उद्योगपतियों और संपन्न वर्ग से जुड़ा खेल माना जाता था, लेकिन समय के साथ इस खेल का दायरा बढ़ा है और बड़ी संख्या में नए खिलाड़ी इससे जुड़ रहे हैं। छत्तीसगढ़ में भी गोल्फ की संभावनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। राज्य सरकार गोल्फ को प्रोत्साहित करने, इसके लिए आवश्यक सुविधाओं के विस्तार और प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं के आयोजन में हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी।

झीरम के 10 दोषियों को सजा...

16 सितम्बर की तारीख मुकर्रर की थी। 13 वर्ष पूर्व 25 मई 2013 को झीरम घाटी में कांग्रेस के परिवर्तन यात्रा के दौरान हुए नक्सली हमले में एक पूरी राजनीतिक पीढ़ी खत्म हो गई थी। इस हमले में बस्तर टाइगर महेन्द्र कर्मा, पीसीसी अध्यक्ष नंदकुमार पटेल, वरिष्ठ नेता विद्याचरण शुक्ल व उदय मुदलियार समेत कांग्रेस के कई प्रमुख नेताओं व सुरक्षाकर्मी शहीद हो गए थे। इस बहुचर्चित मामले में 101 गवाहों के बयान दर्ज करने के बाद न्यायालय ने प्रमिला पोड़ियाम, चैतू लेखन उर्फ मुन्ना, सुमित्रा उर्फ सुमित्रा पूनम मोड़ियाम, मुक्का माड़वी, कोसा कवासी उर्फ कोसाराम, आयता मरकाम, मड़कामी देवा, जोगा मड़कामी, बंजामी सन्ना उर्फ चमरू उर्फ डेंगा व महादेव नाग को विभिन्न धाराओं के तहत दोषी ठहराया था। इन्हीं दोषियों को अब बुधवार को दी जाने वाली सजा पर सबकी नजर है।

नौटंकी के बजाय ...

पूछे गए एक सवाल के जवाब में मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि पाकिस्तान की यह कोई नई हरकत नहीं है। ऐसी नौटंकी वो पहले भी कई मर्तबा कर चुका है। जिसका मकसद और कुछ नहीं बल्कि आतंकवाद को प्रायोजित करने वाले इस देश की खोखली घोषणाओं के रूप में हम सबके सामने है। असल में पाकिस्तान को आतंकवाद के खिलाफ ठोस कार्रवाई करनी चाहिए। जो कि आखिरकार परिणाम से कोसों दूर ही रहती है।

सीएमपीडीआई
cmpdi
सेन्ट्रल माईन प्लानिंग एण्ड डिजाईन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड
CENTRAL MINE PLANNING & DESIGN INSTITUTE LIMITED
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कंपनी)
गोन्दवाना प्लेस, कांके रोड, राँची-834008, झारखण्ड, इंडिया
सूचना
"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीएमपीडीआई, www.cmpdi.co.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है"।

झारखण्ड सरकार, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग
ई– अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
ई–निविदा सं0 :– RDSPL/SD/HZB/31/2026-27
1. कार्य की विस्तृत विवरणी:

ग्रुप सं0	आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या	प्रखण्ड	योजना का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1.	RDSPL/SD/HZB/31/01/2026-27	बरही	विजैया चौक से ओरपरता सिमाना तक पथ निर्माण।	24874400.00	497500.00	10000.00	10 माह
2.	RDSPL/SD/HZB/31/02/2026-27	चौपारण	ग्राम चयकला के आरडब्ल्यू0ओ0 रोड से करमा आहर पिण्ड होते हुए भटवाचक तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	24685700.00	493800.00	10000.00	10 माह
3.	RDSPL/SD/HZB/31/03/2026-27	बरही	बरही तिलैया रोड से केसरी धर्मशाला होते हुए फोरलेन तक पक्की सड़क का निर्माण।	12651800.00	253100.00	10000.00	04 माह
4.	RDSPL/SD/HZB/31/04/2026-27	बड़कागांव	ग्राम पलाण्डू स्थित पलाण्डू पुल से रामनवमी मेला टांड तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	10796300.00	216000.00	10000.00	04 माह

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 25.09.2026
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 25.09.2026 से दिनांक 03.10.2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 05.10.2026 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9934523795
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
हजारीबाग
PR.NO.389774 Rural Development(26-27):D

शब्द पहेली - 6349



बाएँ से दाएँ
1.नियंत्रण,घोड़े की रास-3
4.पानी से सराबोर-5
8.अंधकार-3
9.आक्रमण-3
10.दम, सुट्टा-2

खबर संक्षेप



अमेजन ने भारत में बढ़ाया नेटवर्क, 20 नए भंडार जोड़े

नई दिल्ली। ई-कॉमर्स क्षेत्र की प्रमुख कंपनी अमेजन ने आगामी त्योहारी सत्र से पहले भारत में अपने परिचालन नेटवर्क के विस्तार की घोषणा की। कंपनी ने 20 नए भंडार एवं वितरण केंद्र (एफसी), छह छंटाई केंद्र और 150 अंतिम छोर तक आपूर्ति करने वाले डिलिवरी स्टेशन शुरू किए हैं। अमेजन ने बयान में कहा कि यह विस्तार कंपनी द्वारा भारत में अपने परिचालन और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए घोषित 2,800 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश का हिस्सा है।

सोना 1,000 रुपए टूटकर पांच सप्ताह के निचले स्तर पर



नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को कमजोर वैश्विक रुख और मजबूत डॉलर के बीच सोने की कीमतें 1,000 रुपये टूटकर 1,54,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर रह गईं, जो एक महीने से ज्यादा का निचला स्तर है। यह कीमती धातु इससे पहले सात अगस्त को इसी स्तर के आसपास कारोबार कर रही थी, जब स्थानीय बाजार में इसकी कीमत 1.54 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम थी। स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, चांदी की कीमतें लगातार दूसरे दिन 2,34,600 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) पर स्थिर रहीं। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''मंगलवार को कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच सोने की कीमतों में गिरावट आई। हाजिर सोना 4,300 डॉलर प्रति औंस से नीचे फिसल गया और एक महीने के निचले स्तर के करीब कारोबार कर रहा है।''

पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात में तेज वृद्धि से निर्यात बढ़ा

निर्यात अगस्त में 26 फीसदी बढ़कर 44 अरब डॉलर, व्यापार घाटा पांच माह के निचले स्तर पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश का वस्तु निर्यात अगस्त में सालाना आधार पर 26.12 प्रतिशत बढ़कर 43.81 अरब डॉलर रहा। पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात में तेज वृद्धि के कारण कुल निर्यात बढ़ा है। वहीं सोने के आयात में कमी से व्यापार घाटा भी कम होकर पांच महीने के निचले स्तर 26.86 अरब डॉलर पर आ गया। आयात अगस्त में 14.1 प्रतिशत बढ़कर 70.76 अरब डॉलर रहा।

- सोने के आयात में कमी से व्यापार घाटा कम हुआ

पिछले महीने वैश्विक मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत 90 से 94 डॉलर प्रति बैरल के बीच रही। निर्यात में अगस्त महीने में वृद्धि जून, 2022 के बाद सबसे अधिक रही। जून, 2022 में निर्यात 30.12 प्रतिशत बढ़ा था। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-अगस्त के दौरान निर्यात 17.85 प्रतिशत बढ़कर 215.91 अरब डॉलर हो गया, जबकि आयात 18.21 प्रतिशत बढ़कर 363 अरब डॉलर रहा।

खास बातें

- ब्रेंट क्रूड की कीमत 90 से 94 डॉलर प्रति बैरल रही
- निर्यात में अगस्त महीने में वृद्धि जून, 2022 के बाद सबसे अधिक रही



पेट्रोलियम, कोयला ऊर्जा के कारण व्यापार घाटा बढ़ा: अग्रवाल ने कहा कि मुख्य रूप से पेट्रोलियम, कच्चा तेल, कोयला, कोक और ब्रिकेट जैसे ऊर्जा उत्पाद तथा इलेक्ट्रॉनिक सामान के कारण व्यापार घाटा बढ़ा है। उन्होंने निर्यात के मोर्चे पर कहा कि इंजीनियरिंग सामान, पेट्रोलियम उत्पाद, रसायन और कपड़े सहित कई वस्तुओं के निर्यात में वृद्धि से कुल निर्यात बढ़ा है।

व्यापार घाटा बढ़कर 147.09 अरब डॉलर

चालू वित्त वर्ष के पहले पांच महीनों में वस्तु व्यापार घाटा बढ़कर 147.09 अरब डॉलर हो गया, इससे पिछले वित्त वर्ष में अप्रैल-अगस्त के दौरान यह 123.88 अरब डॉलर था। बीते साल अगस्त में व्यापार घाटा 27.22 अरब डॉलर और जुलाई में 31.98 अरब डॉलर था। इससे पहले मार्च में यह 20.67 अरब डॉलर के निचले स्तर पर रहा था। देश का सोने का आयात अगस्त में 57.7 प्रतिशत घटकर 2.3 अरब डॉलर रहा, जो अगस्त, 2025 में 5.4 अरब डॉलर था।

निर्यात वृद्धि की गति बनी हुई

वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने आंकड़ों की जानकारी देते हुए कहा कि निर्यात वृद्धि की अच्छी गति बनी हुई है और इसमें और तेजी आ रही है। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 के पहले पांच महीनों में आयात में वृद्धि मजबूत घरेलू आर्थिक विस्तार, ऊर्जा की बढ़ती जरूरतों और विनिर्माण क्षेत्र की तेज वृद्धि को बनाए रखने के लिए जरूरी महत्वपूर्ण कच्चे माल तथा अन्य वस्तुओं की मांग के कारण हुई है। इससे व्यापार घाटा भी बढ़ा है।

ब्रिक्स देशों को भारत का निर्यात 13.3 फीसदी बढ़ा

अग्रवाल ने कहा, ''यूरोपीय संघ, ब्रिक्स देशों और उभरती अर्थव्यवस्थाओं से मांग में वृद्धि हुई है। यह भारत की वैश्विक पहुंच के विस्तार को दर्शाता है और हमारी मजबूती, विविधता तथा रणनीतिक व्यापार एकीकरण के लक्ष्यों को भी मजबूत करता है।'' वित्त वर्ष 2026-27 के पहले पांच महीनों में ब्रिक्स देशों को भारत का निर्यात 13.3 प्रतिशत बढ़कर 34.5 अरब डॉलर रहा।

निर्यात में वृद्धि मात्रा के लिहाज से अच्छी रही

अग्रवाल ने कहा कि निर्यात में वृद्धि केवल मूल्य के लिहाज से ही नहीं, बल्कि मात्रा के लिहाज से भी अच्छी रही है। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-अगस्त के दौरान कच्चे तेल का आयात बढ़कर 95.57 अरब डॉलर हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 78.07 अरब डॉलर था।

इलेक्ट्रॉनिक सामान के आयात में वृद्धि

इसी तरह इलेक्ट्रॉनिक सामान का आयात आलोच्य अवधि में बढ़कर 66.48 अरब डॉलर हो गया जो बीते वित्त वर्ष में अप्रैल-अगस्त के दौरान 46.31 अरब डॉलर था। पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-अगस्त के दौरान बढ़कर 35.31 अरब डॉलर हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 25.32 अरब डॉलर था।

श्री बालाजी हॉस्पिटल के निशुल्क कैंसर जांच शिविर में पहले दिन पहुंचे 156 मरीज

31 को कीमोथेरेपी और 28 को रेडिएशन की सलाह



रायपुर। मोवा स्थित 200 बिस्तरों वाले एडवांस्ड सुपर स्पेशलिटी श्री बालाजी कैंसर हॉस्पिटल में चल रहे 11 दिवसीय निशुल्क कैंसर जांच शिविर को पहले ही दिन अच्छा रिस्पांस मिला। शिविर के पहले दिन 156 मरीज ओपीडी पहुंचे और विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श लेकर स्वास्थ्य जांच कराई। जांच के बाद 31 मरीजों को कीमोथेरेपी, 28 को रेडिएशन थेरेपी और 23 मरीजों को ऑन्को सर्जरी की सलाह दी गई। वहीं, 10 मरीजों को पीईटी-सीटी स्कैन के लिए भेजा गया, जबकि 3 मरीजों को बोन मैरो ट्रांसप्लांट की सलाह दी गई। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार कीमोथेरेपी, रेडिएशन और ऑन्को सर्जरी की सुविधा आयुष्मान योजना के तहत बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के उपलब्ध कराई जाएगी। शिविर में मरीजों को निशुल्क ओपीडी परामर्श और निशुल्क मैमोग्राफी जांच की सुविधा भी मिल रही है। इसके अलावा विभिन्न जांचों पर 50% तक की छूट तथा पीईटी-सीटी स्कैन मात्र 10 हजार रुपए में किया जा रहा है।

समय पर जांच और उपचार पर जोर

शिविर का उद्देश्य कैंसर की समय रहते पहचान, सही जांच और उचित उपचार के प्रति लोगों को जागरूक करना है। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम मरीजों की जांच के साथ उन्हें बीमारी और आगे के उपचार को लेकर आवश्यक परामर्श दे रही है। अस्पताल प्रबंधन ने नागरिकों से अपील की है कि शरीर में कैंसर से जुड़े किसी भी संभावित लक्षण को नजरअंदाज न करें और समय रहते विशेषज्ञ चिकित्सक से परामर्श लें। यह विशेष शिविर 15 से 25 सितंबर 2026 तक चलेगा।

भारत के चावल निर्यातकों की नजर जॉर्डन, तुर्किये पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय चावल निर्यातक पारंपरिक बाजारों से अलग तुर्किये और जॉर्डन जैसे नए और कम पारंपरिक बाजारों की ओर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। उन्हें उम्मीद है कि दुनिया के सबसे बड़े आयातकों की तुलना में इन छोटे और तेजी से बढ़ते बाजारों से बेहतर लाभ मिल सकता है। यह सब ऐसे समय में हो रहा है जब यह उद्योग अक्टूबर में होने वाले 'भारतीय अंतरराष्ट्रीय चावल सम्मेलन' (बीआईआरसी) 2026 की तैयारी कर रहा है। भारत

- नए और कम पारंपरिक बाजारों पर अब ज्यादा ध्यान



के चावल निर्यातक पारंपरिक बाजारों के अलावा तुर्किये और जॉर्डन को विकास के अगले बड़े मौके के तौर पर देख रहे हैं। अक्टूबर में होने वाले 'भारतीय अंतरराष्ट्रीय चावल सम्मेलन' (बीआईआरसी) 2026 की तैयारी के बीच, भारतीय चावल निर्यातक तुर्की और जॉर्डन जैसे नए बाजारों पर ध्यान दे रहे हैं। सम्मेलन के आयोजकों के अनुसार, जॉर्डन को होने वाले भारतीय चावल के निर्यात में लगभग आठ गुना बढ़ोतरी हुई है, जबकि तुर्किये को बासमती चावल का निर्यात दोगुना हो गया है।

वैश्विक चावल व्यापार में बढ़ोतरी होगी

गर्ग ने आगे कहा, ''तुर्की और जॉर्डन इसके बेहतरीन उदाहरण हैं। साल की शुरुआत में बहुत कम लोगों ने इन्हें खास बाजारों के तौर पर पहचाना होगा, फिर भी व्यापार के आंकड़ों में जबर्दस्त बदलाव आया।'' ओईसीडी-एफएओ कृषि परिदृश्य 2026-2035 के अनुसार, अगले दशक में वैश्विक चावल व्यापार में लगभग 2.2 करोड़ टन की बढ़ोतरी होने और वर्ष 2035 तक इसके लगभग 8.1 करोड़ टन तक पहुंचने का अनुमान है।

एबीस ने उठाया देश को प्रोटीन के प्रति जागरूक बनाने का बड़ा बीड़ा

राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ के लिए यह गर्व की बात है कि प्रदेश की कंपनी एबिस फूड्स एंड प्रोटीन्स प्राइवेट लिमिटेड ने देश के लोगों को प्रोटीन के महत्व के प्रति जागरूक करने के लिए भारत प्रोटीन मिशन जैसा बड़ा देशव्यापी अभियान शुरू किया है। इस मिशन के माध्यम से कंपनी गांव-गांव और तहसील स्तर तक पहुंचकर महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों और युवाओं को दैनिक भोजन में प्रोटीन की जरूरत और उसके फायदों के बारे में जानकारी दे रही है।

आईबी ग्रुप ने विश्व प्रोटीन दिवस 2026 के अवसर पर भारत प्रोटीन मिशन की शुरूआत की थी। इसके बाद 22 जून 2026 को इस अभियान को और बड़े स्तर पर आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया। कंपनी ने निर्णय लिया कि प्रोटीन जागरूकता केवल एक दिन या किसी विशेष आयोजन तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि इसे लगातार 365 दिनों तक जमीनी स्तर पर चलाया जाएगा। इसी संकल्प के साथ आईबी ग्रुप की टीमें अलग-अलग क्षेत्रों में लोगों के बीच पहुंच रही है। भारत प्रोटीन मिशन के तहत आईबी ग्रुप की देशभर में फैली 400 ब्रांचेस के टॉप परफार्मिंग पोल्ट्री फार्मर्स की मदद से महिलाओं और बच्चों को विशेष रूप से जागरूक किया जा रहा



है। लोगों को आसान भाषा में समझाया जा रहा है कि संतुलित भोजन में प्रोटीन की सही मात्रा क्यों जरूरी है और प्रोटीनयुक्त भोजन किस तरह बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में मदद करता है। इसके साथ ही युवाओं, बुजुर्गों, किसानों और ग्रामीण परिवारों को भी अपने दैनिक भोजन में प्रोटीनयुक्त खाद्य पदार्थों को शामिल करने भोजन से जुड़ी सोच और आदतों में सकारात्मक बदलाव लाना भी उद्देश्य है। भारत प्रोटीन मिशन को मार्च 2027 तक देश के अधिक से अधिक गांवों और तहसीलों तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए कंपनी की अलग-अलग टीमें लगातार जमीनी स्तर पर काम कर रही है। जून से चल रहे इस मिशन से सितम्बर महीने तक लगभग 40 हजार लोग लाभान्वित हो चुके हैं।

प्रोटीन मिशन से जुड़ें : अली

आईबी ग्रुप के एमडी बहादुर अली ने देशवासियों, किसानों, व्यापारियों, कर्मचारियों, सामाजिक संस्थाओं और युवाओं से भारत प्रोटीन मिशन से जुड़ने की अपील की है। उन्होंने कहा कि देश को प्रोटीनयुक्त बनाने का लक्ष्य किसी एक कंपनी या संस्था के प्रयासों से पूरा नहीं हो सकता। इसके लिए समाज के हर वर्ग को आगे आकर इस जागरूकता अभियान का हिस्सा बनना होगा।

छत्तीसगढ़ से निकली पहल बन रही देशव्यापी अभियान

छत्तीसगढ़ से शुरू हुई यह पहल अब धीरे-धीरे देशव्यापी अभियान का रूप ले रही है। यह प्रदेश के लिए बड़ी उपलब्धि है कि यहां की एक कंपनी ने केवल अपने व्यवसाय तक सीमित न रहते हुए देश के लोगों के स्वास्थ्य और बेहतर भविष्य के लिए इतनी बड़ी जिम्मेदारी उठाई है। यह पहल न केवल छत्तीसगढ़ की पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत कर रही है, बल्कि दूसरे संस्थानों और संगठनों को भी सामाजिक जिम्मेदारी के साथ आगे आने के लिए प्रेरित कर रही है।

क्रेडाई प्रॉपर्टी एक्सपो-2026 : रजिस्ट्री और स्टाम्प ड्यूटी में 50 प्रतिशत छूट

250 से ज्यादा प्रोजेक्ट एक छत के नीचे

रायपुर। राजधानी में 18 से 20 सितंबर तक होने वाले क्रेडाई प्रॉपर्टी एक्सपो-2026 को लेकर तैयारियां अंतिम दौर में हैं। इंडोर स्टेडियम में आयोजित होने वाले इस तीन दिवसीय एक्सपो में प्रॉपर्टी खरीदारों को बड़ा ऑफर मिलेगा। एक्सपो के दौरान ऑन-स्पॉट प्रॉपर्टी बुकिंग करने वाले ग्राहकों को रजिस्ट्री और स्टाम्प ड्यूटी पर 50% की छूट दी जाएगी। यह छूट बिल्डर्स अपनी ओर से वहन करेंगे। हा लां कि , ऑफर का लाभ केवल एक्सपो अवधि में की गई बुकिंग पर ही मिलेगा।

- 18 से 20 सितंबर तक इंडोर स्टेडियम में आयोजित

क्रेडाई छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष पंकज लाहोटी, चेयरमैन मृणाल गोलछा, सचिव अभिषेक बच्छावत, आईपीपी संजय रहेजा, कोषाध्यक्ष आयुष मोदी, प्रोग्राम चेयरमैन अशोक मूंदड़ा और प्रतीक केवलानी ने बताया कि एक्सपो में क्रेडाई से संबद्ध 50 बिल्डर्स के 250 से अधिक प्रोजेक्ट प्रदर्शित किए जाएंगे। इनमें फ्लैट, बंगला, मकान, विला, प्लॉट और कमर्शियल स्पेस शामिल हैं। अलग-अलग बजट और लोकेशन के विकल्प खरीदारों को मिलेंगे।

बैंक और रेरा के स्टॉल भी

प्रॉपर्टी खरीदने वालों की सुविधा के लिए विभिन्न बैंकों के स्टॉल लगाए जाएंगे। बैंक अधिकारी होम लोन, ईएमआई और जरूरी दस्तावेजों की जानकारी देंगे। वहीं, रेरा का स्टॉल भी रहेगा, जहां खरीदार प्रॉपर्टी से जुड़ी वैधानिक जानकारी और शंकाओं का समाधान करा सकेंगे। आयोजकों के अनुसार एक्सपो का यह सातवां संस्करण है। इंडोर स्टेडियम में पार्किंग, कवर्ड कैंपस और आसान कनेक्टिविटी की व्यवस्था रहेगी। आयोजकों को उम्मीद है कि फेस्टिव सीजन में एक्सपो से प्रॉपर्टी बाजार को गति मिलेगी।

एमएलडी जहाज निर्माण केंद्र पर करेगी 27,000 करोड़ रुपए निवेश

मुंबई। सार्वजनिक क्षेत्र की रक्षा कंपनी मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में दिघी बंदरगाह पर करीब 27,000 करोड़ रुपये के निवेश से नया जहाज निर्माण क्लस्टर स्थापित करेगी जिससे करीब 90,000 रोजगार पैदा होंगे। राज्य सरकार ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एमडीएल ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की मौजूदगी में इस परियोजना के लिए नेशनल शिपबिल्डिंग एंड हेवी इंडस्ट्रीज पार्क महाराष्ट्र लिमिटेड (एनएसएचआईपीएमएल) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। समझौते के तहत एमडीएल ने दिघी में कम-से-कम 20 लाख टन जहाज निर्माण की वार्षिक क्षमता हासिल करने का लक्ष्य रखा है। परियोजना में बड़े वाणिज्यिक जहाजों का निर्माण किया जाएगा और इससे देश की समुद्री औद्योगिक क्षमता मजबूत होने की उम्मीद है।

बिजनेस साइट

अनंतरा मार्ट की मेगा स्कीम हर खरीदारी पर इनाम

रायपुर। त्योहारों के सीजन में शहरवासियों की खरीदारी को खास बनाने के लिए अनंतरा मार्ट ने मेगा प्राइज स्कीम शुरू की है। गणेश चतुर्थी के अवसर पर शुरू हुई यह योजना 15 सितंबर 2026 से 30 मार्च 2027 तक चलेगी। योजना के तहत ग्राहकों को खरीदारी के बिल के आधार पर कूपन दिए जाएंगे। लकी ड्रॉ के माध्यम से विजेताओं का चयन किया जाएगा। स्कीम में अलग-अलग कूपन पर आकर्षक पुरस्कार जीतने का मौका मिलेगा। 30 रुपए के कूपन पर प्रेशर कुकर, 50 रुपए पर इंडक्शन, 75 रुपए पर मिक्सर ग्राइंडर, 100 रुपए पर एयर फ्रायर, 200 रुपए पर वॉशिंग मशीन और 400 रुपए के कूपन पर होंडा एक्टिवा जीतने का अवसर दिया जा रहा है। मार्ट में किराना, खाद्य सामग्री, मसाले, चाय, तेल, अगरबत्ती, क्लीनिंग प्रोडक्ट्स और घरेलू उपयोग की अन्य वस्तुओं पर विशेष छूट भी दी जा रही है। चुनिंदा उत्पादों पर 'बाय वन गेट वन फ्री' ऑफर भी उपलब्ध है। आगामी त्योहारों को देखते हुए मार्ट में कॉर्पोरेट और ड्राई फ्रूट गिफ्ट पैक भी उपलब्ध कराए गए हैं। प्रबंधन के अनुसार योजना का उद्देश्य ग्राहकों को गुणवत्तापूर्ण उत्पाद उचित कीमत पर उपलब्ध कराने के साथ खरीदारी को इनाम से जोड़ना है।



एक्टिवा जीतने का सुनहरा मौका

आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा
अर्श-राहत
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है।
आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते हैं तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS देखकर खरीदें
असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

अहलूवालिया हॉस्पिटल
81031 28515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • सभी प्रकार के ऑपरेशन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चो के ऑपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटिज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

भारत ने अफगानिस्तान को 7 विकेट से हराया

संजू-अभिषेक का गरजा बल्ला टीम इंडिया का सीरीज पर कब्जा

सैमसन ने 259 के स्ट्राइक रेट से ठोके रन, रेड्डी ने चटकाए 3 विकेट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बाद सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन के तूफानी अर्धशतक से भारत ने दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में मंगलवार को अफगानिस्तान को 7 विकेट से हराकर 3 मैच की शृंखला में 2-0 की विजयी बढ़त बना ली। अफगानिस्तान के 160 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने सैमसन (57 रन, 22 गेंद, 7 चौके, 4 छक्के) और अभिषेक शर्मा (39 रन, 19 गेंद, 2 चौके, 4 छक्के) के बीच पहले विकेट की 6.2 ओवर में 88 रन की साझेदारी की बदौलत सिर्फ 14.5 ओवर में 3 विकेट पर 163 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। इशान किशन ने भी 23 गेंद में तीन चौकों और दो छक्कों से नाबाद 38 रन की पारी खेली।

राशिद ने चटकाए 3 विकेट

अफगानिस्तान की ओर से दिग्गज लेग स्पिनर राशिद खान ने 36 रन देकर तीन विकेट चटकाए लेकिन अपनी टीम को हार से नहीं बचा पाए।

नीतीश कुमार रेड्डी (24 रन पर 3 विकेट) और अर्शदीप सिंह (35 रन पर 2 विकेट) की तेज गेंदबाजी जोड़ी ने इससे पहले अफगानिस्तान को नियमित अंतराल पर झटके दिए, जिससे टीम 8 विकेट पर 159 रन ही बना सकी। अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह और रवि बिश्नोई ने भी एक-एक विकेट चटकाया।

अफगानिस्तान की ओर से कप्तान इब्राहिम जादरान ने सर्वाधिक 37 रन बनाए। राशिद खान (28) और मोहम्मद नबी (20) ने सातवें विकेट के लिए 48 रन जोड़कर टीम को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। दारविश रसूली (26) ने भी उपयोगी पारी खेली।



टी20 में संजू के 1 हजार रन पूरे

संजू ने दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में 22 गेंद पर 7 चौके और 4 छक्कों की मदद से 259.09 के स्ट्राइक रेट से 57 रन बनाए। इस पारी के दौरान उनके नाम बड़ी उपलब्धि हुई। वह टी20 इंटरनेशनल में 1000 से ज्यादा रन बनाने वाले चौथे भारतीय ओपनर बने। रोहित शर्मा और अभिषेक शर्मा जैसे खिलाड़ियों के क्लब में शामिल हुए।

अभिषेक-संजू ने पावरप्ले में जोड़ें 82 रन

अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज के दूसरे मैच में भारतीय बल्लेबाजों ने ताबड़तोड़ अंदाज में रन बनाए। ओपनर अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन ने पावरप्ले में 82 रन जोड़ दिए। इस पारी के दौरान इन दोनों ने आखिरी 11 गेंदों में 37 रन बनाए। दोनों ने अफगानिस्तान के ऑलराउंडर मोहम्मद नबी की जमकर पिटाई की।

सबसे कम कीमत पर
Antique Jewellery
Gold Rate (x) * with Making %
22k Gold Value | Making Charges | Total %
91.6% + 3.99% = 95.59%
Jewellery Price* per 10 grams.
₹ 1,44,324/-
making charges included
ANAND Gold
पंडरी, रायपुर

अय्यर ने हासिल की खास उपलब्धि

टी20 कप्तान श्रेयस अय्यर क्रिकेट जगत के सबसे लकी खिलाड़ियों की लिस्ट में शामिल हो चुके हैं। अफगानिस्तान के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में टॉस जीतते ही उन्होंने यह खास उपलब्धि अपने नाम की। श्रेयस अय्यर दुनिया के पहले खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने टी20 में बतौर कप्तान अपने शुरुआती 12 मुकाबलों में 11 बार टॉस जीता है।

बुमराह ने बनाया खास रिकॉर्ड

अफगानिस्तान के खिलाफ दूसरे टी20 में जसप्रीत बुमराह ने एक खास रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। बुमराह का मेडन ओवर टी20 इंटरनेशनल में उनका 13वां मेडन ओवर था। इसके साथ वो फुल मेंबर देशों में सबसे ज्यादा मेडन ओवर फेंकने वाले गेंदबाज बन गए। टी20 क्रिकेट में जहां बल्लेबाज हर गेंद पर रन बनाने की कोशिश करते हैं, वहां इतने मेडन ओवर अपने नाम करना बुमराह की गेंदबाजी की खासियत को दिखाता है।

स्कोर बोर्ड

अफगानिस्तान	रन	गेंद	4	6
जादरान का बिश्नोई बो रेड्डी	37	33	6	0
गुरबाज का बिश्नोई बो अर्शदीप	00	3	0	0
सेदिकुल्लाह बो बिश्नोई	12	15	2	0
नायब का सैमसन बो रेड्डी	10	8	1	0
रसूली का तिलक बो अर्शदीप	26	15	1	2
उमरजई का तिलक बो अक्षर	11	10	2	0
मोहम्मद नबी बो बुमराह	20	14	2	1
राशिद खान का अक्षर बो रेड्डी	28	16	3	1
नूर अहमद नाबाद	07	3	0	1
मुजीब उर रहमान नाबाद	04	3	0	0

अतिरिक्त: 04, कुल:20 ओवर में 159/8 रन
गेंदबाजी: बुमराह 4-1-25-1, अर्शदीप 4-0-35-2, अक्षर 4-0-28-1, बिश्नोई 4-0-32-1, रेड्डी 3-0-24-3, दुबे 1-0-13-0

भारत	रन	गेंद	4	6
सैमसन का नबी बो राशिद	57	22	7	4
अभिषेक बो राशिद	39	19	2	4
इशान किशन नाबाद	38	23	3	2
अय्यर का जादरान बो राशिद	11	11	0	1
तिलक वर्मा नाबाद	15	14	1	0

अतिरिक्त: 03, कुल:14.5 ओवर में 163/3 रन
गेंदबाजी: मुजीब 3-0-37-0, नबी 3-0-44-0, अजमतुल्लाह 2-0-25-0, राशिद 3.5-0-36-3, नूर 2-0-14-0, फारूकी 1-0-6-0

सबसे लंबे समय तक वनडे खेलने वाले बने खिलाड़ी

जिम्बाब्वे के टेलर ने तोड़ा तेंदुलकर का बड़ा रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| हरारे

जिम्बाब्वे और ऑस्ट्रेलिया के बीच हरारे स्पोर्ट्स क्लब के मैदान पर पहला वनडे मुकाबला खेला जा रहा है। पहले वनडे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने जिम्बाब्वे के खिलाफ टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया है। इस मैच में मैदान पर उतरने के साथ ही जिम्बाब्वे के विकेटकीपर बल्लेबाज ब्रेंडन टेलर ने सचिन तेंदुलकर का सबसे लंबे वनडे करियर का रिकॉर्ड तोड़ दिया है।



वनडे करियर में टेलर के 205 पारियों में 6,704 रन

टेलर जिम्बाब्वे के सबसे सफल बल्लेबाजों में गिने जाते हैं। अपने वनडे करियर में टेलर अब तक 205 पारियों में 6,704 रन बना चुके हैं। वह जिम्बाब्वे की ओर से दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। इस सूची में उनसे आगे सिर्फ एंडी फ्लावर हैं, जिन्होंने 208 पारियों में 6786 रन बनाए। टेलर ने अपने करियर में तीनों फॉर्मेट में जिम्बाब्वे की कप्तानी भी की है। उन्होंने वनडे विश्व कप 2015 में शानदार प्रदर्शन किया था और दो शतक लगाए थे। इनमें से एक शतक उन्होंने भारत के खिलाफ बनाया था। विश्व कप 2015 में भारत के खिलाफ मैच के बाद टेलर ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। इसके बाद उन्होंने इंग्लैंड के काउंटी क्लब नॉटिंघमशायर के साथ तीन साल का 'कोलपैक' करार किया। हालांकि, वह इस अनुबंध को पूरा नहीं कर सके और अपने आखिरी सीजन के दौरान ही क्लब छोड़ दिया।

22 साल, 4 महीने का हुआ करियर

टेलर ने रिटायरमेंट और आईसीसी के साढ़े तीन साल के निलंबन के बाद 2025 में इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी की थी। अब वह 2004 में अपने डेब्यू के बाद से 22 साल और 146 दिन तक वनडे क्रिकेट खेलने वाले खिलाड़ी बन गए हैं, जो एक नया रिकॉर्ड है। उन्होंने भारत के दिग्गज सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा, जिनका 1989 से 2012 तक 22 साल और 91 दिनों का शानदार वनडे करियर रहा। अब टेलर सबसे लंबे समय तक वनडे क्रिकेट खेलने वाले खिलाड़ी बन गए हैं।

ऑस्ट्रेलिया ने जिम्बाब्वे को हराया, रेनेशॉ का शतक, एलिस का पंजा



हरारे। मैट रेनशॉ के करियर के पहले एकदिवसीय शतक और नाथन एलिस के 5 विकेट की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में जिम्बाब्वे को 59 रन से हराकर 3 मैच की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली। रेनशॉ ने 94 गेंद में 109 रन की शानदार पारी खेली जबकि कूपर कोनोली ने 51 रन बनाए। दोनों की शानदार पारियों से ऑस्ट्रेलिया ने 12 साल बाद जिम्बाब्वे में अपना पहला एकदिवसीय मुकाबला खेलते हुए 8 विकेट पर 294 रन बनाए। इसके जवाब में जिम्बाब्वे की टीम 45.1 ओवर में 235 रन पर ऑल आउट हो गई। एलिस ने 31 रन देकर पांच विकेट लिए। उन्होंने अपने पहले ही ओवर में दो विकेट चटकाए और फिर दोबारा गेंदबाजी में वापसी करते हुए जिम्बाब्वे के शीर्ष स्कोरर क्रेग इर्विन (59) को आउट कर ऑस्ट्रेलिया की जीत की राह आसान की।

श्रीचरणी बनीं देश की सर्वाधिक रेटिंग पाने वाली खिलाड़ी, हासिल किए 804 अंक



एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय स्पिनर श्रीचरणी ने अपने कॅरियर के सर्वश्रेष्ठ रेटिंग अंकों के साथ मंगलवार को जारी आईसीसी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत की, जबकि उनकी हमवतन दीप्ति शर्मा चार पायदान ऊपर दूसरे स्थान पर पहुंच गईं।

श्रीचरणी ने श्रीलंका के खिलाफ महिला टी20 एशिया कप के फाइनल में भी 20 रन देकर 4 विकेट लिए, जिससे उनके रेटिंग अंकों की संख्या 804 हो गई है। उन्होंने अपने करियर में पहली बार 800 रेटिंग अंक का आंकड़ा पार किया। यह आईसीसी रैंकिंग में किसी भारतीय खिलाड़ी की बल्लेबाजी या गेंदबाजी में सर्वाधिक रेटिंग है। उन्होंने मिताली राज को पीछे छोड़ा। भारत की पूर्व कप्तान ने 2011 में 780 रेटिंग अंक हासिल किए थे।

रिकॉर्ड से केवल दो अंक पीछे श्रीचरणी

श्रीचरणी अब महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में सर्वाधिक रेटिंग हासिल करने वाली गेंदबाज बनने से केवल दो अंक पीछे हैं। यह रिकॉर्ड नवंबर 2018 में ऑस्ट्रेलिया की मेगन शट के नाम है। एशिया कप में सर्वाधिक 14 विकेट लेने वाली दीप्ति शर्मा भी चार पायदान ऊपर दूसरे स्थान पर पहुंच गईं।



94वें स्थान पर नंदनी शर्मा

तेज गेंदबाज नंदनी शर्मा ने 10 पायदान आगे 94वां स्थान जबकि लेग स्पिनर प्रेमा रावत ने 50 पायदान की लंबी छलांग लगाते हुए 96वां स्थान हासिल किया।

शेफाली को एक अंक का फायदा

बल्लेबाजी रैंकिंग में शेफाली वर्मा सातवें से छठे स्थान पर पहुंच गई हैं। एशिया कप में शेफाली ने सबसे ज्यादा 236 रन बनाए, जिसमें सेमीफाइनल में 64 और फाइनल में बनाए गए 68 रन भी शामिल हैं। उनके कुल 741 रेटिंग अंक हो गए हैं। वह टीम की अपनी साथी स्मृति मंधाना से सिर्फ एक स्थान और चार रेटिंग अंक पीछे हैं। मंधाना 745 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर हैं। शेफाली ऑलराउंडरों की रैंकिंग में भी पांच पायदान ऊपर 15वें स्थान पर पहुंच गई हैं। उन्होंने अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 221 रेटिंग अंक हासिल किए हैं।

कोरिया के खिलाफ डेविस कप नहीं खेलेंगे भांबरी

एजेंसी ▶▶| सियोल

भारत को दक्षिण कोरिया के खिलाफ डेविस कप क्वालीफायर मुकाबले में अपने अहम युगल खिलाड़ी युकी भांबरी की कमी खलेगी क्योंकि यह अनुभवी खिलाड़ी जांघ की चोट के कारण बाहर हो गया है। इसके कारण टीम को इस महत्वपूर्ण मुकाबले से कुछ दिन पहले अपने युगल संयोजन पर फिर से विचार करना पड़ रहा है। इस मैच का विजेता फाइनल्स में पहुंचेगा। भारत के कप्तान रोहित राजपाल ने पुष्टि की कि भांबरी दूसरे दौर के मुकाबले के लिए उपलब्ध नहीं होंगे।



जांघ की चोट के कारण बाहर हुए युकी

राजपाल ने कहा, 'युकी भांबरी की जांघ की स्थिति ठीक नहीं है और हो सकता है कि वह डेविस कप खेलने के लिए उपलब्ध ना हों इसलिए हम इस पर काम कर रहे हैं कि हमारा संयोजन क्या होगा। हमें डेविस कप से एक हफ्ता पहले ऐसा नहीं करना चाहिए था लेकिन दुर्भाग्य से हमें ऐसा करना पड़ रहा है।'

विश्व रैंकिंग में शीर्ष 50 में जगह बनाना लक्ष्य : सिंड्रेला

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय टेबल टेनिस में तेजी से उभरती 17 वर्षीय खिलाड़ी सिंड्रेला दास का लक्ष्य एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतना और जल्द से जल्द विश्व रैंकिंग में शीर्ष 50 में जगह बनाना है। सिंड्रेला अभी आईटीटीएफ (अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ) की महिला एकल रैंकिंग में 99वें जबकि युवा वर्ग में 27वें स्थान पर काबिज हैं। उन्हें विश्वास है कि वह जापान के आइची-नागोया में होने वाले एशियाई खेलों में अपनी अच्छी फॉर्म बरकरार रखने में सफल रहेंगी। पिछले महीने राष्ट्रीय रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप में महिला एकल और अंडर-19 लड़कियों के एकल में खिताब जीतने से कोलकाता की सिंड्रेला पर सबकी निगाहें टिक गईं। उनकी उपलब्धियों में अल्टीमेट टेबल टेनिस के महिला एकल मैच में स्टार खिलाड़ी मनिका बत्रा को हराना भी शामिल है।



फिटनेस बनाने पर ध्यान केंद्रित

सिंड्रेला ने कहा कि जब वह खेल नहीं रही होती हैं तो मानसिक रूप से मजबूत बनने और अपनी गलतियों का विश्लेषण करने पर ध्यान देती हैं। उन्होंने कहा, ' जब मैच नहीं चल रहे होते हैं तो मैं अपनी फिटनेस और मानसिक रूप से मजबूत बनने पर ध्यान केंद्रित करती हूं। मैं सुबह करीब 3-4 घंटे और शाम को 2-3 घंटे अभ्यास करती हूं और अपनी फिटनेस को भी बराबर समय देती हूं।' सिंड्रेला ने कहा, 'प्रत्येक प्रतियोगिता के बाद मैं अपने कोच के साथ मिलकर अपने खेल का विश्लेषण करती हूं और उसी के अनुसार सुधार करती हूं।

चोटों के चक्रव्यूह से बाहर आईं कुश्ती स्टार निशा दहिया

एशियाई खेलों में अब पदक पर निगाहें

एजेंसी ▶▶| सियोल

वर्षों से निशा दहिया को हर चोट के बाद यही सवाल परेशान करता था कि मेरे साथ ही ऐसा क्यों होता है। जब सब कुछ ठीक होता दिख रहा था, तभी शरीर ने क्यों साथ नहीं दिया। जिस टूर्नामेंट में उन्हें अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद थी उसमें निराशा क्यों मिली।

निशा ने अब असफलताओं को सहजता से स्वीकार करना सीख लिया है और अपने करियर में बार-बार बाधा डालने वाली चोटों के बारे में शिकायत करना बंद कर दिया है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उन्होंने यह सीख लिया है कि वह अपने काम पर नियंत्रण बना सकती हैं परिणाम पर नहीं।

सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर ध्यान

मानसिकता में इस बदलाव के साथ जब निशा एशियाई खेलों में महिलाओं के 68 किलोग्राम वर्ग में मैट पर उतरेगी तो बस अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर ही ध्यान देगी। निशा ने कहा, ' पहले मुझे लगता था कि भगवान मेरे साथ अन्याय कर रहे हैं। मैं सोचती थी, मेरे साथ बार-बार ऐसा क्यों हो रहा है। लेकिन अब मैं ऐसा नहीं सोचती।' उन्होंने कहा, 'अब मैं समझ गई हूं कि मुझे वही मिलेगा जो मेरे भाग्य में लिखा है। मैं केवल अपने काम पर ध्यान दूंगी, कड़ी मेहनत करूंगी और अच्छी कुश्ती लडूंगी। मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर ध्यान दूंगी।'



परिणाम हमारे हाथ में नहीं होता

निशा ने कहा, 'परिणाम हमारे हाथ में नहीं होता है। हर कोई जीत हासिल करना चाहता है। कभी-कभी मुकाबला अनुकूल होता है तो कभी-कभी आप दबाव में आ जाते हैं। पेरिस में मैं अच्छा प्रदर्शन कर रही थी लेकिन फिर चोट लग गई। चोट किसी के नियंत्रण में नहीं होती।' उन्होंने कहा, ' जब आप अच्छी तरह से अभ्यास कर रहे होते हैं, तो सब कुछ सुचारू रूप से चलता है। फिर चोट सब कुछ बिगाड़ देती है और आप अगले छह महीनों तक ठीक से अभ्यास नहीं कर पाते। आप मानसिक रूप से काफी हद तक टूट जाते हैं। मैं तब भगवान से कहती कि वह मेरे साथ ही ऐसा क्यों कर रहे हैं।' लेकिन अब उन्होंने शिकायत करना और अतीत में जीना छोड़ दिया है।

फार्म नम्बर 4 — सूचना/प्रकाशन हेतु

न्यायालय ऋण वसूली अधिकरण जबलपुर, मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़

द्वितीय एवं तृतीय मंजिल, भारत संचार निगम लिमिटेड बिल्डिंग, प्रधान डाकघर के पास, सिविल लाइंस, जबलपुर म.प्र. 482001

(ऋण वसूली अधिकरण अधिनियम 1993 (प्रक्रिया) की धारा 19 की उपधारा 4 के तहत नियम 5 के उपनियम 2ए के साथ पढ़ा जाए)

मूल आवेदन संख्या 319/2024

एच.डी.एफ.सी. बैंक लि. ...आवेदक

विरुद्ध

मेसर्स एनाल ऑटोमोबाइल्स एवं अन्य ...अनावेदकगण

प्रति,

1. **मेसर्स एनाल ऑटोमोबाइल्स,** अपनी मालिक श्रीमती के माध्यम से एक स्वामित्व चिंता। संगीता चावला, श्री तरूण चावला की पत्नी स्थित प्लॉट नंबर 1 से 10, ब्लॉक 18-ए, दक्षिण गंगोत्री, सुपेला चौक, जी.ई. रोड, भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.)।
2. **श्रीमती संगीता चावला, श्री तरूण चावला की पत्नी,** मालकिन मैसर्स एनाल ऑटोमोबाइल्स, निवासी एच.एन.ओ. 21/6, नेहरूनगर (पश्चिम), मोतीलाल नेहरू नगर, भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)।
3. **श्री तरूण चावला, पुत्र श्री हरिकिशन चावला,** निवासी एच.एन.ओ. 21/6, नेहरू नगर (पश्चिम), मोतीलाल नेहरू नगर, भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.)।

जबकि ओ.ए. संख्या **319/2024** को माननीय पीठासीन अधिकारी के समक्ष सूचीबद्ध किया गया था।

जबकि माननीय न्यायाधिकरण को उक्त आवेदन पर अधिनियम की धारा 19 की उपधारा 4 के तहत समन/ सूचना पत्र जारी किया जा रहा है। यह ओ.ए. आपके विरुद्ध मात्र **9,12,95,403.64** रुपये की ऋण वसूली के लिये दायर किया गया है।

अधिनियम की धारा 19 की उपधारा 4 के अनुसार, आप अनावेदकों को निम्नलिखित निर्देश दिये जाते हैं कि:

1. समन की तामील होने के 30 दिनों के भीतर कारण बताएं कि मांगी गई राहत क्यों नहीं दी जानी चाहिये।
2. मूल आवेदन के क्रमांक 3ए में निर्दिष्ट संपत्तियों और परिसंपत्तियों के अलावा अन्य संपत्तियों या परिसंपत्तियों का विवरण प्रकट करें।
3. संपत्तियों की कुर्की के आवेदन की सुनवाई और निपटारे तक, आपको मूल आवेदन के क्रमांक 3ए में प्रकट की गई सुरक्षित परिसंपत्तियों और संपत्तियों से संबंधित किसी भी प्रकार का लेनदेन करने या उनका निपटान करने से प्रतिबंधित किया जाता है।
4. आप अधिकरण की पूर्व स्वीकृति के बिना सामान्य व्यावसायिक प्रक्रिया के अलावा बिक्री, पट्टेया किसी अन्य माध्यम से उन परिसंपत्तियों का हस्तांतरण नहीं करेंगे जिन पर सुरक्षा हित सृजित है और / या मूल आवेदन के क्रमांक 3ए में निर्दिष्ट या प्रकट की गई अन्य परिसंपत्तियों और संपत्तियों का हस्तांतरण नहीं करेंगे।
5. आप सामान्य व्यावसायिक प्रक्रिया के तहत् सुरक्षित परिसंपत्तियों और संपत्तियों की बिक्री से प्राप्त विक्रय राशि का हिसाब देने के लिये उत्तरदायी होंगे और ऐसे विक्रय राशि को उन परिसंपत्तियों पर सुरक्षा हित रखने वाले बैंक में रखे गये खाते में जमा करेंगे।
6. आप आवेदक को दी गई आवेदन की प्रति सहित लिखित बयान दाखिल करने और **27.10.2026** को सुबह 10.30 बजे जबलपुर स्थित माननीय न्यायाधिकरण के समक्ष उपस्थित होने का भी निर्देश दिया जाता है, अन्यथा आवेदन पर आपकी अनुपस्थिति में एक पक्षीय सुनवाई कर निर्णय लिया जायेगा।

इस न्यायाधिकरण के हस्ताक्षर और मुहर के तहत दिनांक **11-09-2026** को जारी किया गया।

रजिस्ट्रार
ऋण वसूली अधिकरण, जबलपुर म.प्र.

HDFC BANK
We understand your world

एचडीएफसी बैंक लिमिटेड

मुख्यालय: एचडीएफसी बैंक हाउस, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल (पश्चिम), मुंबई - 400013.
विशेष संचालन विभाग: सावित्री, 597-3/2 जी सी एफ रोड, सिविल लाइंस, आरटीओ कार्यालय के पास, जबलपुर, मध्य प्रदेश - 482001.

भौतिक कब्जा की सूचना

चूंकि, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के तहत तथा सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 की धारा 13(12) के साथ नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए दिनांक 04.05.2025 को एक मांग सूचना जारी की थी, जिसमें नीचे उल्लिखित उधारकर्ता और गारंटर को उक्त सूचना की प्राप्ति तिथि से 60 दिनों के भीतर उसमें उल्लिखित राशि का भुगतान करने के लिए कहा गया था।

ऋणधारक द्वारा राशि का भुगतान न कर पाने के कारण, ऋणधारक, जमानतदार और आम जनता को सूचित किया जाता है कि दुर्ग (छत्तीसगढ़) के **मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा दिनांक 25.07.2026 को** पारित आदेश के अनुसार, अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के नियम 9 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, **दिनांक 11.09.2026** को आयुक्त/तहसीलदार के माध्यम से नीचे वर्णित संपत्ति का **भौतिक कब्जा** ले लिया है।

ऋणधारक, जमानतदार एवं अचल संपत्ति आदि का विवरण

क्र. सं.	नाम	गिरवी रखी गई संपत्ति	मांग सूचना की तिथि	सूचना में उल्लिखित राशि (रुपये में)*
1.	मेसर्स हनुमत राइस इंडस्ट्रीज के स्वामी श्री सुजीत कुमार गुप्ता (ऋणधारक)	(ए) खसरा नंबर 386 के भाग (जिसे खसरा नंबर 386/3 के रूप में पुनः क्रमांकित किया गया है) की व्यापवर्तित भूमि पर स्थित औद्योगिक संपत्ति, क्षेत्रफल- 0.40 हेक्टेयर। यह संपत्ति मौजा-सिरसाखुर्द, प.ह.नं. 08, आरआईसी जेवरा सिरसा, तहसील- दुर्ग, छत्तीसगढ़ में स्थित है और इसके **स्वामी** श्री अखिलेश कुमार गुप्ता हैं। **चौहद्दी:** पूर्व - सरकारी भूमि, पश्चिम - सुजीत कुमार गुप्ता की भूमि, उत्तर - खसरा नंबर 385 की भूमि, दक्षिण - नंदू परिहार की भूमि।	04.05.2025	रु. 6,21,43,442.35
2.	श्री सुजीत कुमार गुप्ता पुत्र श्री बद्री प्रसाद गुप्ता (स्वामी व बंधककर्ता)	**(बी) खसरा नंबर 386 के भाग** (जिसे खसरा संख्या 386/2 के रूप में पुनः क्रमांकित किया गया है) की व्यापवर्तित भूमि पर स्थित औद्योगिक संपत्ति, क्षेत्रफल- 0.20 हेक्टेयर। यह संपत्ति मौजा-सिरसाखुर्द, प.ह.नं. 08, आरआईसी जेवरा सिरसा, तहसील- दुर्ग, छत्तीसगढ़ में स्थित है और इसके **स्वामी** श्री सुजीत कुमार गुप्ता हैं। **चौहद्दी:** पूर्व - अखिलेश कुमार गुप्ता की भूमि, पश्चिम - विक्रेता की भूमि का भाग, उत्तर - खसरा संख्या 385, दक्षिण - नंदू परिहार की भूमि		
3.	श्री अखिलेश कुमार गुप्ता पुत्र श्री बद्री प्रसाद गुप्ता (जमानतदार व बंधककर्ता)	**(सी) आवासीय संपत्ति - प्लॉट संख्या 05,** क्षेत्रफल - 0.022 हेक्टेयर, खसरा नंबर 32/228 की व्यापवर्तित भूमि पर स्थित, संपत्ति मौजा - सिकोला, जयंती नगर, वार्ड संख्या 15, प.ह.नं.17, आर.आई.सी., सिकोला, तहसील व जिला - दुर्ग, छत्तीसगढ़ में स्थित है। इसके **स्वामी** श्री अखिलेश कुमार गुप्ता हैं। **चौहद्दी:** पूर्व - 25 फुट चौड़ी सड़क, पश्चिम - सोसायटी की भूमि, उत्तर - 20 फुट चौड़ी सड़क, दक्षिण - प्लॉट नंबर 06।		
4.	मेसर्स हनुमत धान प्रोसेसर के स्वामी श्री अखिलेश कुमार गुप्ता (जमानतदार) के द्वारा	**(डी) आवासीय प्लॉट नंबर आर/19,** क्षेत्रफल - 0.024 हेक्टेयर या 2627 वर्ग फुट, खसरा नंबर 210/1/2 के व्यापर्तित किए गए भूभाग का हिस्सा, जिसका पुनर्सख्यांकित ख.नं. 210/1/64 है, यह संपत्ति ''ऋषभ ग्रीन सिटी'' के नाम से जानी जाती है, जिसका पता है: मौजा फुलगांव, वार्ड संख्या 55, प.ह.नं. 18/25, आर.आई.सी. दुर्ग, तहसील एवंजिला - दुर्ग, छत्तीसगढ़। इसके **स्वामी** श्री सुजीत कुमार गुप्ता हैं। **चौहद्दी:** पूर्व - 25 फुट चौड़ी सड़क, पश्चिम - खुली भूमि, उत्तर - प्लॉट नंबर आर./18, दक्षिण - प्लॉट संख्या आर./20 **(ई) गिरवी रखे गए शेयर और बही खाते के ऋण, साथ ही संयंत्र एवं मशीनरी।**		

*भुगतान होने तक अब तक का ब्याज भी देय है।

ऋणधारक एवं जमानतदार, विशेष रूप से, और आम जनता को सूचित किया जाता है कि वे संपत्ति से संबंधित कोई लेन-देन न करें और उक्त संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन एचडीएफसी बैंक लिमिटेड द्वारा **30.04.2025 तक रु. 6,21,43,442.35/- (छह करोड़ इक्कीस लाख तैंतालीस हजार चार सौ बयालीस रुपये पैंतीस पैसे मात्र)** की राशि और उस पर 01.05.2025 से ब्याज के प्रभार के अधीन होगा।

ऋणकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जो गिरवी रखी गई संपत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय से संबंधित हैं।

दिनांक: 11.09.2026, स्थान: दुर्ग, छत्तीसगढ़

एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के लिए,
अधिकृत अधिकारी



आरओ की जरूरत नहीं, लकड़ी से साफ होगा पानी, एमआईटी वैज्ञानिकों ने बनाया अनोखा फिल्टर

वॉशिंगटन। अमेरिका की एमआईटी (मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी) के इंजीनियरों ने लड़की से पानी को साफ करने का तरीका निकाला है। उन्होंने सैपवुड (पेड़ की छाल के नीचे की लकड़ी) से पानी के फिल्टर बनाए हैं। इस मटीरियल में जाइलम नाम की छोटी-छोटी नलिकाएं होती हैं, जो पेड़ में पानी पहुंचाती हैं। इन नलिकाओं के बीच पतली झिल्लियां प्राकृतिक छलनी की तरह काम करती हैं। ये पानी को गुजरने देती हैं, लेकिन गंदगी और अशुद्धियों को रोक लेती हैं। रिसर्च के दौरान लैब टेस्ट में ट्रीट किए गए जाइलम फिल्टर ने 99 फीसदी से ज्यादा ईकोली और रोटावायरस (अशुद्धि) को हटा दिया। रिसर्चर्स ने भारत के स्थानीय पेड़ों से बने फिल्टर का भी टेस्ट किया और एक आसान फिल्ट्रेशन सिस्टम बनाने के लिए स्थानीय समुदायों के साथ मिलकर काम किया। यानी भारत में भी ये तरीका काम कर सकता है।

भारत में सफल टेस्ट

लकड़ी से पानी साफ करने की तकनीक आई सामने

पेड़ की टहनियां फिल्टर में बदलीं

एमआईटी के इंजीनियरों ने सैपवुड की बनावट का इस्तेमाल करके पेड़ की टहनियों को फिल्टर में बदला। पाइन और जिन्कगो जैसे बिना फूल वाले पेड़ों में सैपवुड में जाइलम होता है। यह स्ट्रॉ जैसी नलिकाओं का एक नेटवर्क है, जो तने और टहनियों में पानी पहुंचाता है। ये नलिकाएं पतली झिल्लियों से जुड़ी होती हैं, जो छलनी का काम करती हैं। टीम ने पहले दिखाया था कि छिलका उतारी हुई सैपवुड बैक्टीरिया को फिल्टर कर सकती है, लेकिन इस काम में उन समस्याओं को हल किया गया जो लकड़ी के सूखने पर आती थीं। ट्रीट किए गए जाइलम फिल्टर का टेस्ट दो तरह की अशुद्धियों- ई. कोली और रोटावायरस के खिलाफ़ किया गया। लैब के प्रयोगों में फिल्टर ने दोनों को 99% तक हटाया।



फिल्टर ने बैक्टीरिया को हटा दिया

रिसर्चर्स ने दूषित झरने, नल और जमीनी पानी के स्रोतों से लिए गए पानी का टेस्ट किया और पाया कि फिल्टर बैक्टीरिया को हटा सकते हैं। रिसर्चर्स ने फिल्टर के डिजाइन को बेहतर बनाने के लिए समुदाय से मिले फीडबैक का इस्तेमाल किया। इसके बाद रिसर्चर्स इस टेक्नोलॉजी को भारत ले गए, ताकि यह देखा जा सके कि यह लैब के बाहर कैसा काम करती है। टीम ने दो साल तक भारत में पहाड़ी और शहरी इलाकों में अलग-अलग संगठनों के साथ काम किया और स्थानीय पाइन के पेड़ों से बने फिल्टर का टेस्ट किया। फिल्टर ने स्थानीय पीने के पानी के स्रोतों में पाए जाने वाले बैक्टीरिया को हटा दिया। भारत में किए गए फील्डवर्क से इस्तेमाल के लिए एक अच्छा प्रोटोटाइप तैयार हुआ है।

कैसे करेगा काम

इसे इस्तेमाल करने के लिए ऊपर लगे एक बर्तन में पानी भरते हैं। इससे पानी एक मीटर लंबी ट्यूब से नीचे बहता है और जाइलम फिल्टर से गुजरकर वॉल्व-कंट्रोल्ड टोंटी से निकलता है। घरों की जरूरत के हिसाब से फिल्टर को रोज या हफ्ते में बदला जा सकता है। रिसर्चर उपलब्ध संसाधनों का इस्तेमाल करके बड़े पैमाने पर इसके प्रोडक्शन के तरीकों पर काम कर रहे हैं।

रोचक खबरें

उथले समुद्र में मिली चलने वाली शार्क की नई प्रजाति, पापुआ न्यू गिनी में आई नजर

पोर्ट मोरेस्बी। समुद्र की गहराइयों में ही नहीं, उसकी उथली दुनिया में भी जीवों की अनदेखी विविधता छिपी है। पापुआ न्यू गिनी के दक्षिण-पूर्वी तट के पास वैज्ञानिकों ने शार्क की एक ऐसी नई प्रजाति की पहचान की है, जो तैरने के साथ समुद्र की तलहटी पर चल भी सकती है। हेमिसिलियम डजियोनाई नाम की यह शार्क अपने मजबूत पेक्टोरल और पेल्विक पंखों का इस्तेमाल पैरों की तरह करती है। इस नई प्रजाति के बारे में जर्नल ऑफ द ओशन साइंस फाउंडेशन में प्रकाशित अध्ययन में विस्तृत जानकारी दी गई है। वैज्ञानिकों के अनुसार यह वॉकिंग शार्क समूह में 2013 के बाद वर्णित पहली नई प्रजाति है। इसके साथ हेमिसिलियम वंश में ज्ञात प्रजातियों की संख्या बढ़कर 10 हो गई है। नई प्रजाति की पहचान मार्च 2025 में उस समय हुई, जब ऑस्ट्रेलिया की यूनिवर्सिटी ऑफ द सनशाइन कोस्ट की शोधकर्ता क्रिस्टीन डजियन और उनकी टीम मिल्ने बे क्षेत्र में वॉकिंग शार्क की एक ज्ञात प्रजाति की तलाश कर रही थी। रात के अंधेरे में डजियन को करीब एक मीटर लंबी शार्क दिखाई दी और उन्होंने उसे हाथ से पकड़ लिया। पहली नजर में लगा कि यह मिल्ने बे वॉकिंग शार्क हेमिसिलियम माइकेली है। लेकिन, नाव पर रोशनी में जांच करने पर इसके शरीर के निशान अलग मिले। इसकी भूरी देह पर बड़े तेंदुए जैसे धब्बों के बजाय सफेद धारियां, छोटे भूरे धब्बे और डैश जैसे निशान थे।



न्यूजीलैंड के जंगलों के लिए खतरा बन गए हैं ब्रशटेल पॉसम

वेलिंगटन। जानवरों को एक जगह से दूसरी जगह पर ले जाकर बसाने का काम सदियों से होता रहा है। कई बार तो इन जानवरों बिल्कुल नए द्वीप या महाद्वीप पर ले जाकर बसा दिया जाता है। ऐसा ही 1837 में न्यूजीलैंड में किया गया। जब फर इंडस्ट्री को मजबूत करने की उम्मीद में ऑस्ट्रेलिया से ब्रशटेल पॉसम को वहां लाया गया। इन जानवरों से कीमती खाल मिलने और एक नई अर्थव्यवस्था बनाने में मदद की उम्मीद थी, लेकिन इस प्रयोग ने फायदे की जगह काफी बुरा असर दिखाया। न्यूजीलैंड में लाए जाने के लगभग दो सदी बाद पॉसम देश के सबसे नुकसानदेह बाहरी जीव बन गए हैं। ये स्थानीय पौधों को खत्म कर रहे हैं। साउथ ऑकलैंड के एक जंगल की नई हवाई तस्वीरों ने पॉसम को लेकर पर्यावरण वैज्ञानिकों के अंदर चिंता पैदा कर दी है। तस्वीरों से पता चलता है कि जंगल के लगभग आधे नाजुक पेड़ों को नुकसान पहुंचा है।



असम में 23 महीने के बच्चे ने बनाया नेशनल रिकॉर्ड

दिसपुर। असम के मोरीगांव जिले के सोनारीगांव में रहने वाले उत्कर्ष हजारिका ने अपने ज्ञान और सवालों के जवाब देने की काबिलियत के दम पर 1 साल 11 महीने की उम्र में ही इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज करवा लिया है। उनकी नॉलेज को बढ़ाने में उनके माता-पिता ने अहम भूमिका निभाई है। इसी वजह से आज उन्हें 22 तरह के खाने की चीजें, 28 फल, 28 पक्षी, 24 सब्जियां, 28 म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट्स, 12 फूल, 11 पेशे, शरीर के 26 अंग, अंतरिक्ष से जुड़ी 25 चीजें और 16 स्मारक पहचान सकते हैं। उत्कर्ष को मिले इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के सर्टिफिकेट में यह भी बताया गया है कि वह हफ्ते के दिनों, महीनों, आठ ग्रहों और सात महाद्वीपों के नाम बता सकते हैं। इसके अलावा, उत्कर्ष 10 नर्सरी राइम्स, उनसे जुड़े शब्दों के साथ इंग्लिश अल्फाबेट्स और भारत के 17 नेशनल सिंबल्स के नाम सुना सकते हैं। वह 22 तरह के एक्शन भी कर सकते हैं और एक से 20 तक गिनती भी सुना सकते हैं। मीडिया से बात करते हुए उत्कर्ष की मां ने कहा कि उत्कर्ष की यह कामयाबी घर पर लगातार सीखने और हौसला-अफजाई का नतीजा है। उन्होंने कहा, 'एक दिन मैंने उत्कर्ष को नेशनल सिंबल्स दिखाए और दो दिन बाद उससे उनके बारे में पूछा।



धरती पर अपना सूरज बना रहा भारत, कामयाब रहा प्रयोग तो बिजली की दिक्कतें हो जाएंगी दूर

नई दिल्ली। चीन को टक्कर देते हुए भारत धरती पर सूरज जैसी ऊर्जा पैदा करने की दिशा में काम कर रहा है। इसके लिए वैज्ञानिक ऐसी तकनीक पर काम कर रहे हैं, जो सफल हुई तो आम लोगों को सस्ती और पर्याप्त बिजली मिलने का एक और विकल्प मिल जाएगा। क्या धरती पर सभी देश अपना-अपना सूरज बना सकते हैं? सुनने में यह किसी साइंस फिक्शन फिल्म की कहानी जैसा लगता है, लेकिन चीन से लेकर भारत तक वैज्ञानिक इसी दिशा में काम कर रहे हैं। चीन अपने ईएएसटी को 'आर्टिफिशियल सन' यानी नकली सूरज कहता है। वहीं, अब भारत भी सूरज जैसी ऊर्जा पैदा करने की कोशिश में एक बड़ा कदम आगे बढ़ा रहा है।

चीन बना रहा है 'आर्टिफिशियल सन', भारत भी उसी दौड़ में

सबसे पहले आपको चीन के बारे में बाते हैं। उसके बाद भारत की ओर आएंगे. चीन का ईएएसटी फ्यूजन प्रयोग दुनिया में सबसे ज्यादा चर्चित परियोजनाओं में से एक है। जनवरी 2025 में चीन ने दावा किया था कि ईएएसटी ने 10 करोड़ डिग्री सेल्सियस से ज्यादा तापमान वाले प्लाज्मा को 1,000 सेकंड से ज्यादा समय तक बनाए रखा. यह फ्यूजन रिसर्च के लिए इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि केवल बहुत ज्यादा तापमान पैदा करना काफी नहीं है, उस तापमान वाले प्लाज्मा को लंबे समय तक रोके रखना भी जरूरी होता है। चीन का कहना है कि उसके पास एक और फ्यूजन डिवाइस एचएल-3 भी है। मार्च 2025 में इस मशीन ने आयन तापमान करीब 11.7 करोड़ डिग्री सेल्सियस और इलेक्ट्रॉन तापमान करीब 16 करोड़ डिग्री सेल्सियस तक पहुंचाया था। अब भारत भी फ्यूजन की इसी बेहद कठिन तकनीक को आगे बढ़ाने में जुटा है।



आखिर 'आर्टिफिशियल सन' बनाने की जरूरत क्यों पड़ी?

इस सवाल का जवाब छिपा सूरज की ताकत में छिपा है। असल में सूरज लगातार ऊर्जा पैदा करता है। उसके अंदर बेहद ज्यादा तापमान और दबाव के कारण हाइड्रोजन जैसे हल्के परमाणु आपस में जुड़ते हैं। इस प्रक्रिया को न्यूक्लियर फ्यूजन यानी नाभिकीय संलयन कहा जाता है। इसी प्रक्रिया से भारी मात्रा में ऊर्जा निकलती है। वैज्ञानिक चाहते हैं कि सूरज के अंदर होने वाली इसी प्रक्रिया को धरती पर नियंत्रित तरीके से किया जाए. अगर ऐसा संभव हो गया तो भविष्य में दुनिया को बिजली पैदा करने का एक बेहद शक्तिशाली और अपेक्षाकृत स्वच्छ तरीका मिल सकता है। हालांकि, ऐसा करना आसान नहीं है और इसके लिए वैज्ञानिकों को कठिन चुनौतियों से जूझना पड़ सकता है।

आम आदमी को इससे क्या फायदा होगा?

वैज्ञानिकों के अनुसार, अगर फ्यूजन तकनीक भविष्य में सफल हो जाती है तो इसका फायदा सिर्फ वैज्ञानिकों या अंतरिक्ष अनुसंधान को नहीं होगा. इसका सीधा असर आम आदमी की जिंदगी पर पड़ेगा। आज बिजली बनाने के लिए बड़े पैमाने पर कोयला, तेल और गैस जैसे ईंधनों का इस्तेमाल होता है। इनसे प्रदूषण और कार्बन उत्सर्जन की समस्या पैदा होती है। लेकिन ,आर्टिफिशियल सूरज से बनने वाली बिजली से ये सब दिक्कतें दूर हो जाएंगी। अगर वैज्ञानिक फ्यूजन को व्यावहारिक तरीके से इस्तेमाल करने में सफल होते हैं तो भविष्य में बड़े पैमाने पर बिजली पैदा करने का एक नया रास्ता खुल सकता है।

भारत ने अब क्या हासिल किया है?

भारत की एसएसटी-1 यानी स्टेडी स्टेट सुपरकंडक्टिंग टोकामक इसी तरह की प्रयोगात्मक फ्यूजन मशीन है। इसका मकसद फ्यूजन के लिए जरूरी बेहद गर्म प्लाज्मा को पैदा करना और उसे लंबे समय तक नियंत्रित करने की तकनीक को समझना है। भारतीय वैज्ञानिक इससे पहले ही फ्यूजन प्रयोग करके 20 करोड़ डिग्री सेल्सियस से ज्यादा तापमान वाला प्लाज्मा हासिल कर चुके हैं। यह तापमान सूरज के केंद्र के तापमान से करीब 20 गुना ज्यादा है। अब सवाल उठता है कि जब भारत इतना ज्यादा तापमान पैदा कर चुका है तो नया गायरो ट्रॉन लगाने की जरूरत क्यों पड़ी? असल में केवल तापमान बढ़ाना नहीं, बल्कि उससे उत्पन्न हुए प्लाज्मा को संभालना असली चुनौती होती है। नया 82.6 जीएचजेड, 400 केडब्ल्यू गायरो ट्रॉन इसी काम में मदद करेगा। गायरो ट्रॉन एक ऐसी मशीन है जो बेहद उच्च आवृत्ति वाली माइक्रोवेव ऊर्जा पैदा करती है। यह ऊर्जा टोकामक के अंदर मौजूद प्लाज्मा को गर्म करने के लिए इस्तेमाल की जाती है। भारत में इस्तेमाल होने वाला नया सिस्टम पहले की व्यवस्था की तुलना में ज्यादा क्षमता देता है।

दिल टूटा तो याद आए गर्लफ्रेंड पर लुटाए 3.5 करोड़ रुपए

नई दिल्ली। जब लोग प्यार में पड़ते हैं तो सबकुछ लुटाने को तैयार हो जाते हैं। पर जब रिश्ते में कड़वाहट आती और टूट जाता है तो लोग हिसाब लगाने लगते हैं। कुछ ऐसा ही भारतीय मूल के एक सीईओ के साथ हुआ है। उसने ब्रेकअप के बाद अपनी एक्स गर्लफ्रेंड पर खर्च किए 3.5 करोड़ रुपए वसूलने के लिए बिल लेकर कोर्ट पहुंच गया। भारतीय मूल के सीईओ ने अपनी पूर्व प्रेमिका पर खर्च किए पैसे को लेकर कहा कि वह कोई गिफ्ट नहीं था, बल्कि लोन था। हालांकि, कोर्ट ने उसकी इस दलील को सिरे से खारिज कर दिया और कहा कि अब ब्रेकअप की खुन्नस में उसे जबरन कर्ज का रूप देकर वसूला नहीं जा सकता। कोर्ट में चंदर अग्रवाल ने बताया कि उन्होंने अपनी गर्लफ्रेंड फेलिशिया ली की के क्रेडिट कार्ड बिल चुकाने के लिए करीब 1.5 करोड़ रुपए दिए थे। इसके अलावा उन्होंने फॉरेन ट्रिप और लाइफ इंश्योरेंस प्रीमियम पर भी 1.10 करोड़ रुपए खर्च किए।



2019 में फ़ेलिशिया ली से हुई थी मुलाकात

भारतीय मूल के चंदर अग्रवाल लॉजिस्टिक्स कंपनी टीसीआई एक्सप्रेस के सीईओ हैं। 2019 में उनकी मुलाकात एक फ़्लाइट में फ़ेलिशिया ली से हुई थी। धीरे-धीरे दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई और वही बातचीत प्यार में बदल गई। दोनों सितंबर 2022 से दिसंबर 2023 तक रिलेशनशिप में रहे। पर कुछ दिनों बाद उनका ब्रेकअप हो गया। चंदर अग्रवाल ने सिंगापुर की अदालत में गर्लफ्रेंड पर किए खर्च वसूलने का केस किया था। उन्होंने अपनी एक्स-गर्लफ्रेंड पर खर्च किए गए $370,000 (करीब 3.50 करोड़ रुपए) वापस पाने के लिए कोर्ट पहुंचे थे।

गर्लफ्रेंड ने कोर्ट में क्या तर्क दिया

इस पर कोर्ट में चंदर अग्रवाल की एक्स गर्लफ्रेंड ने तर्क दिया कि सारी चीजें प्यार में दी गई थी। कोर्ट भी फ़ेलिशिया ली की बातों से सहमत हुआ। साथ ही अपने फैसले में कोर्ट ने कहा कि सबूत से साफ है कि जब चंदर अग्रवाल प्यार में पागल थे तो उन्होंने गर्लफ्रेंड पर गिफ्ट की बौछार कर दी। दुर्भाग्य से जब उनका रिश्ता खत्म हो गया तो वे गर्लफ्रेंड पर खर्च किए गए रुपए वसूलने आ आ गए।जज ने कहा कि सीईओ साफ़ तौर पर काफ़ी पैसे वाले व्यक्ति थे, जिनकी पसंद महंगी थी। जज ने कहा, 'यह अविश्वसनीय है कि एक साल से ज़्यादा चले रिश्ते में, जिसमें उनके बीच इतने सारे वाट्सएप पर बातचीत हुई।

इंसानी मल से वैज्ञानिकों ने बना दी कंक्रीट, 42 प्रतिशत ज्यादा मजबूत निकला यह अनोखा फॉर्मूला

वॉशिंगटन। क्या आपने कभी सोचा है कि जिस इंसानी मल को हम बेकार समझकर बहा देते हैं, उससे गगनचुंबी इमारतें और मजबूत सड़कें बनाई जा सकती हैं? सुनने में भले ही अजीब लगे लेकिन वैज्ञानिकों ने एक ऐसा कारनामा कर दिखाया है, जिसने पूरी दुनिया के इंजीनियरों को हैरान कर दिया है। शोधकर्ताओं ने इंसानी मल (बायो-सोलिड्स) का इस्तेमाल करके एक अनोखा कंक्रीट मिक्स तैयार किया है। लैब टेस्ट के दौरान जब इस कंक्रीट को 91 दिनों तक क्योरिंग यानि तराई की प्रक्रिया से गुजारा गया तो इसके नतीजे चौंकाने वाले थे।



इंसानी मल से कैसे बनाया गया कंक्रीट?

वैज्ञानिकों ने इसके बाद बने हुए बायोचार को पीसकर और छलनी से छानकर बारीक पाउडर बनाया। फिर टीम ने इसे कंक्रीट मिक्सचर में सीमेंट की जगह कुछ हद तक इस्तेमाल किया। उन्होंने तीन लेवल पर इसे बदलकर देखाः 5, 10 और 15%। तुलना के लिए एक आम मिक्सचर भी रखा गया था।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com